नमो तस्स भगवतो अरहतो सम्मासम्बुद्धस्स

पालि व्याकरण

भिक्षु धर्मरक्षित

पालि-अध्यापक, महाबोधि कालेज, सारनाथ, वाराणसी ;
सम्पादक 'धर्मदूत' मासिक ; दर्जनों पालि-
हिन्दी-ग्रन्थों के प्रणेता]

बनारस

ज्ञानमण्डल लिमिटेड

मूल्य : दो रुपया पचीस नया पैसा

प्रथम संस्करण, संवत् २०१४

प्रकाशक—ज्ञानमण्डल लिमिटेड, वाराणसी (बनारस)

मुद्रक—ओमप्रकाश कपूर, ज्ञानमण्डल लिमिटेड, वाराणसी ५१८६–१४

भूमिका

पालि भाषा भगवान् बुद्ध के कुछ समय पूर्व से लेकर अशोक-काल के कुछ समय पीछे तक, पूरे उत्तर भारत की राष्ट्रभाषा थी। इसका साहित्य बड़ा विशाल है। कालचक्रवश एक दीर्घकाल तक हम भारतीय पालि भाषा से अनभिज्ञ-से हो गये थे, किन्तु पड़ोसी बौद्धदेश लंका, बर्मा, श्याम आदि इसे धार्मिक भाषाके रूप में सुरक्षित रखे रहे। सम्प्रति उन देशों में इसका बहुत प्रचार है।

इस समय भारतवर्ष में भी पालि-शिक्षा की व्यवस्था की ओर हमारा ध्यान गया है। हिन्दू विश्वविद्यालय और राजकीय संस्कृत महाविद्यालय वाराणसी, बिहार विश्वविद्यालय, पालि-प्रतिष्ठान नालन्दा और कलकत्ता, बम्बई आदि विश्वविद्यालयों तथा संस्कृत समिति बिहार (पटना) द्वारा इसके शिक्षण और परीक्षण की व्यवस्था है। आगरा, लखनऊ, इलाहाबाद, सागर आदि विश्वविद्यालयों द्वारा भी डिग्री-कोर्सों में इसे स्थान प्राप्त है। उत्तर प्रदेश और बिहार के हाईस्कूल तथा इण्टर मीडियेट कोर्स में भी पालि रखी गई है और इन दोनों राज्यों में अब एक बड़ी संख्या में छात्र पालि पढ़ने लगे हैं। केन्द्रीय सरकार द्वारा पालि त्रिपिटक को भी देवनागरी लिपि में प्रकाशित किया जा रहा है। यह बहुत ही प्रसन्नता की बात है।

किन्तु, अभी पाठ्य-पुस्तकों तथा व्याकरण ग्रन्थों के अभाव से छात्रों को बड़ी असुविधा होती है। हिन्दीमें अब तक पालि के तीन व्याकरण-ग्रन्थ प्रकाशित हो चुके हैं, जिनमें पूज्य भदन्त जगदीश काश्यप द्वारा लिखित 'पालि महाव्याकरण' सर्वांग परिपूर्ण है, तथापि वह विशाल-काय ग्रन्थ छात्रों के लिए सुविधाजनक तथा सरल नहीं है। वह विशेष रूप से विद्वानों के योग्य है।

यह ग्रन्थ इस दृष्टि से लिखा गया है कि हाईस्कूल से लेकर एम्. ए., आचार्य तक के छात्र इससे लाभ उठा सकें और उन्हें पालि व्याकरण का पूर्ण ज्ञान हो जाय। इसे 'मोग्गल्लान व्याकरण' तथा उसके परिवार-ग्रन्थ 'पदसाधन' के आधार पर तैयार किया गया है। हिन्दी में लिखे अन्य ग्रन्थों से भी सहायता ली गई है। हम इन सभी लेखकों के आभारी हैं।

इसे लिखने के लिए पालि-प्रतिष्ठान नालन्दा के रजिस्ट्रार श्री चन्द्रिका सिंह उपासक एम० ए० तथा राजकीय संस्कृत महाविद्यालय, वाराणसी के प्राध्यापक श्री जगन्नाथ उपाध्याय ने विशेष आग्रह किया था। हम इन दोनों कल्याणमित्रों के कृतज्ञ हैं।

ज्ञानमण्डल लिमिटेड के प्रकाशन विभाग के अध्यक्ष ज्ञानवृद्ध सुहृद्वर श्री देवनारायण द्विवेदी जी की प्रकाशन-व्यवस्था के कारण इस ग्रन्थ को हमने उत्साहपूर्वक शीघ्र तैयार किया है। अपने प्रति उनके स्नेह को हम किन शब्दों में व्यक्त करें?

—भिक्षु धर्मरक्षित

विषय-सूची

पाठ	विषय	पृष्ठ
१.	**पहला पाठ**—वर्ण-परिचय, स्वर, व्यञ्जन, विशेष	१
२.	**दूसरा पाठ**—शब्द-परिचय, विभक्ति, लिङ्ग, वचन, शब्द, रूप, संज्ञा	४
३.	**तीसरा पाठ**—क्रिया, काल, पुरुष, वर्त्तमानकाल 'पठ' धातु, भ्वादिगण के धातु	८
४.	**चौथा पाठ**—अकारान्त नपुंसकलिङ्ग शब्द 'फल', भ्वादिगण के धातु	१२
५.	**पाँचवाँ पाठ**—आकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्द 'लता', भ्वादिगण के धातु	१६
६.	**छठाँ पाठ**—इकारान्त पुल्लिङ्ग शब्द 'मुनि', रुधादिगण के धातु	२०
७.	**सातवाँ पाठ**—इकारान्त नपुंसकलिङ्ग शब्द 'अट्ठि', दिवादिगण के धातु	२४
८.	**आठवाँ पाठ**—इकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्द 'रत्ति', तुदादिगण के धातु	२७
९.	**नवाँ पाठ**—ईकारान्त पुल्लिङ्ग शब्द 'दण्डी', तनादिगण के धातु	३१
१०.	**दसवाँ पाठ**—ईकारान्त नपुंसकलिङ्ग शब्द 'सुखकारी', चुरादिगण के धातु	३४

११. **ग्यारहवाँ पाठ**—ईकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्द 'इत्थी', नदी, स्वादिगण के धातु, निपात ३६

१२. **बारहवाँ पाठ**—उकारान्त पुल्लिङ्ग शब्द 'भिक्खु', ज्यादि-गण के धातु ४१

१३. **तेरहवाँ पाठ**—उकारान्त नपुंसकलिङ्ग शब्द 'आयु' ४५

१४. **चौदहवाँ पाठ**—क्रिया—अनागतकाल 'पठ' धातु, पूर्व-कालिक क्रिया ४८

१५. **पन्द्रहवाँ पाठ**—उकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्द 'धेनु', मातु ५४

१६. **सोलहवाँ पाठ**—उकारान्त पुल्लिङ्ग शब्द 'पितु', सत्थु, क्रिया-अतीतकाल, परिसमाप्त्यर्थक भूत 'पठ' धातु ५७

१७. **सत्रहवाँ पाठ**—सर्वनाम शब्द 'अम्ह', 'तुम्ह', क्रिया-अनुज्ञा ६१

१८. **अठारहवाँ पाठ**—ऊकारान्त पुल्लिङ्ग शब्द 'सब्बञ्ञू', कृदन्त ६४

१९. **उन्नीसवाँ पाठ**—ऊकारान्त नपुंसकलिङ्ग शब्द 'सयम्भू', क्रिया–विधिलिङ्ग, कृदन्त ६७

२०. **बीसवाँ पाठ**—ऊकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्द 'वधू', निपात शब्द ७०

२१. **इक्कीसवाँ पाठ**—'त' शब्द सर्वनाम, निमित्तार्थक अव्यय 'तुं', 'तायें', 'तवें' ७४

२२. **बाइसवाँ पाठ**—ओकारान्त पुल्लिङ्ग शब्द 'गो', ओकारान्त नपुंसकलिङ्ग शब्द 'चित्तगो', प्रेरणार्थक-क्रिया ७७

२३. **तेइसवाँ पाठ**—कुछ अनियमित पुल्लिङ्ग शब्द—'राज' 'अत्त', 'ब्रह्म', 'पुम', 'युव', 'सा' ८०

२४. **चौबीसवाँ पाठ**—सर्वनाम शब्द 'सब्ब', 'किं', 'य' ८५

२५. **पच्चीसवाँ पाठ**—सर्वनाम शब्द 'एत', 'इम', 'अमु' ८९

२६. **छब्बीसवाँ पाठ**—'वन्तु' और 'मन्तु' प्रत्ययान्त शब्द—'गुणवन्तु', 'न्त' तथा 'मान' प्रत्ययान्त शब्द—'गच्छन्त' ९३

२७. **सत्ताइसवाँ पाठ**—'तु' प्रत्ययान्त शब्द—'दातु', अकारान्त नपुंसकलिङ्ग शब्द 'मन', परिवारवाची शब्द, शरीरावयव-वाची शब्द ९८

२८. **अट्ठाइसवाँ पाठ**—संख्यावाचक शब्द—'एक' 'द्वि', 'उभ', 'ति', 'चतु', 'पञ्च', 'एकूनवीसति', 'एकूनसतं', सौ से असंख्येय्य तक की गणना, 'कति', पूरणार्थक शब्द, विशेष शब्द १०२

२९. **उन्तीसवाँ पाठ**—क्रिया—अनद्यतनभूत, परोक्षभूत, हेतुहेतु-मद्भूत, अत्तनोपद धातु-रूप—[वत्तमानकाल, अनागतकाल, परिसमाप्त्यर्थक भूत, विधिलिङ्ग, अनुज्ञा, अनद्यतनभूत, परोक्ष-भूत, हेतुहेतुमद्भूत] ११२

३०. **तीसवाँ पाठ**—उपसर्ग ११७

३१. **एकतीसवाँ पाठ**—तद्धित १२२

३२. **बत्तीसवाँ पाठ**—तद्धितान्त अव्यय १३१

३३. **तैंतीसवाँ पाठ**—कृदन्त १३६

३४. **चौंतीसवाँ पाठ**—सन्धि—स्वर सन्धि, व्यञ्जन सन्धि, निग्ग-हीत सन्धि १४३

३५. **पैंतीसवाँ पाठ**—समास—अव्ययीभाव, तत्पुरुष, कर्मधारय, बहुब्रीहि, क्रियार्थ, द्वन्द्व १५४

३६. **छत्तीसवाँ पाठ**—गण—भ्वादि, रुधादि, दिवादि, तुदादि, तनादि, चुरादि, स्वादि, ज्यादि, क्यादि १६७

३७. **सैंतीसवाँ पाठ**—स्त्री-प्रत्यय १७३

३८. **अड़तीसवाँ पाठ**—विभक्ति-भेद—पठमा, दुतिया, ततिया, चतुत्थी, पञ्चमी, छट्ठी, सत्तमी १७६

३९. **उन्तालीसवाँ पाठ**—वाच्य—कर्तृवाच्य, भाववाच्य, कर्म-वाच्य १८२

४०. **चालीसवाँ पाठ**—विशेषण—गुणवाचक, संख्यावाचक, कृदन्त, तद्धितान्त १८५

नमो तस्स भगवतो अरहतो सम्मासम्बुद्धस्स

पालि व्याकरण

पहला पाठ

वर्ण-परिचय

पालि-भाषा में ४३ वर्ण होते हैं,[१] किन्तु कच्चायन-व्याकरण के लेखक ने ४१ वर्ण ही माना है। उन्होंने ऍ और ऑ को वर्ण नहीं माना है। मोग्गल्लान-व्याकरण के लेखक तथा पीछे के आचार्यों ने इन्हें भी वर्ण माना है, क्योंकि संयुक्ताक्षर के पूर्व आनेवाले ए और ओ ह्रस्व होते हैं।[२] इन वर्णों में १० स्वर[३] और ३३ व्यञ्जन[४] हैं।

स्वर

अ आ, इ ई, उ ऊ, ऍ ए, ऑ ओ।

इनमें दो-दो स्वर सवर्ण कहे जाते हैं।[५] जैसे—अ, आ—एक सवर्ण है। इ, ई—एक सवर्ण है। उ, ऊ—एक सवर्ण है। ऍ, ए—एक

---

१. अआदयो तितालीसवण्णा १,१।

२. इन्हें एत्थ, सेय्यो, ओट्ठो, सोत्थि आदि शब्दों से जाना जा सकता है।

३. दसादो सरा १,२ (आदि के १० स्वर हैं)।

४. कादयो व्यञ्जना १,६ (क आदि ३३ वर्ण व्यञ्जन हैं)।

५. द्वे द्वे सवण्णा १,३।

सवर्ण है। **ओॅ, ओ**—एक सवर्ण है। सवर्णों में पूर्व वर्ण ह्रस्व हैं।[१] जैसे—**अ, इ, उ, एॅ, ओॅ**। उनके दूसरे वर्ण दीर्घ हैं।[२] जैसे—**आ, ई, ऊ, ए, ओ**।

व्यञ्जन

क	ख	ग	घ	ङ
च	छ	ज	झ	ञ
ट	ठ	ड	ढ	ण
त	थ	द	ध	न
प	फ	ब	भ	म
य	र	ल	व	
स	ह	ळ	अं	

पाँच-पाँच वर्णों के पाँच वर्ग हैं।[३] जैसे—**कवर्ग, चवर्ग, टवर्ग, तवर्ग, पवर्ग**।

'अं' को निग्गहीत कहते हैं।[४] निग्गहीत का तात्पर्य है अनुस्वार।

विशेष

वैदिक भाषा में ६४ अक्षर होते हैं और संस्कृत में ५०। पालि में ऋ नहीं होता, उसके स्थान में कहीं अ, इ या उ हो जाते हैं। जैसे—गृहं = गहं, नृत्यं = नच्चं (यहाँ 'अ' हो गया है)। ऋणम् = इणं, ऋषि= इसि (यहाँ 'इ' हो गया है)। ऋतु = उतु, ऋषभ = उसभ (यहाँ 'उ' हो गया है)।

---

१. **पुब्बो रस्सो** १,४।
२. **परो दीघो** १,५।
३. **पञ्च पञ्चका वग्गा** १,७।
४. **विन्दु निग्गहीतं** १,८।

ऌ, ऐ, औ पालि में नहीं होते।

ऐ के स्थान में ए हो जाता है। जैसे—ऐरावण = एरावण, वैमानिक = वेमानिक, वैयाकरण = वेय्याकरण। कहीं-कहीं ऐ का इ तथा ई भी हो जाते हैं। जैसे—ग्रैवेयं = गीवेय्यं, सैन्धव = सिन्धव।

औ के स्थान में ओ हो जाता है। जैसे—औदरिक = ओदरिक, दौवारिक = दोवारिक। कहीं-कहीं उ भी हो जाता है। जैसे—मौक्तिक = मुत्तिकं, औद्धत्य = उद्धच्च।

पालि-भाषा में 'श' और 'ष' नहीं होते, केवल 'स' ही होता है। सम्प्रति 'ळ' हिन्दी तथा संस्कृत में व्यवहृत नहीं है, किन्तु मराठी में इसका अब भी प्रचलन है।

पालि में व्यञ्जन हलान्त नहीं होते और न तो पद के अन्त में स्थित निग्गहीत म् होता है। पालि में विसर्ग और रेफ भी नहीं होते। रेफ का कहीं-कहीं लोप हो जाता है और कहीं-कहीं वह 'र' हो जाता है। जैसे—कर्म = कम्म, सर्व = सब्ब, तर्हि = तरहि, महार्ह = महारहो, आर्य = अरिय, सूर्य = सुरिय, क्रीत=कीत, भार्या = भरिया, पर्यादान = परियादान, प्रेत = पेत, समग्र = समग्ग, इन्द्र=इन्दो।

दूसरा पाठ

शब्द-परिचय

विभत्ति

हिन्दी भाषा में आठ कारक होते हैं, किन्तु पालि में कारक सात ही माने जाते हैं। कारकों को ही पालि में **'विभत्ति'** (= विभक्ति) कहते हैं। सम्बोधन कारक को कारक न कहकर उसे आलपन कहते हैं। कारकों को विभत्ति के क्रम से इस प्रकार जानना चाहिए :—

	कारक	विभत्ति
१.	कर्त्ता	पठमा
२.	कर्म	दुतिया
३.	करण	ततिया
४.	सम्प्रदान	चतुत्थी
५.	अपादान	पञ्चमी
६.	सम्बन्ध	छट्ठी
७.	अधिकरण	सत्तमी
८.	सम्बोधन	आलपन

जिस प्रकार हिन्दी में कारकों के चिह्न होते हैं, उसी प्रकार पालि में भी विभक्तियों के चिह्न होते हैं, जो सदा शब्दों के साथ लगे रहते हैं।

लिङ्ग

हिन्दी में केवल दो ही लिङ्ग होते हैं—**पुल्लिङ्ग** और **स्त्रीलिङ्ग**; किन्तु पालि में तीन लिङ्ग होते हैं :—

(१) **पुल्लिङ्ग**
(२) **स्त्रीलिङ्ग**
(३) **नपुंसकलिङ्ग**

पुरुषवाची शब्दों को पुल्लिङ्ग कहते हैं और स्त्रीवाची शब्दों को स्त्रीलिङ्ग; किन्तु जो शब्द पुल्लिङ्ग और स्त्रीलिङ्ग दोनों नहीं होते हैं, वे **नपुंसकलिङ्ग** माने जाते हैं। जैसे—कुल, गेह, चित्त, मन, धन आदि। पालि भाषा पढ़ने पर इनका ज्ञान स्वतः धीरे-धीरे हो जाता है।

वचन

पालि में भी हिन्दी की भाँति दो ही वचन होते हैं—**एकवचन, बहुवचन**। संस्कृत में 'द्विवचन' भी होता है, किन्तु पालि में द्विवचन नहीं होता।

शब्द

हिन्दी की भाँति पालि में भी सार्थक शब्द के पाँच भेद होते हैं—**संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया, विशेषण, अव्यय**। संज्ञा को पालि में **'नाम'** कहते हैं।

रूप

विभक्तियों के लगने से शब्दों के जो रूप बनते हैं, उन्हीं का प्रयोग सर्वत्र होता है। यहाँ **अकारान्त, पुल्लिङ्ग, संज्ञा शब्द 'बुद्ध'** का रूप दिया जा रहा है :—

संज्ञा

अकारान्त पुल्लिङ्ग शब्द

बुद्ध

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	**बुद्धो**[1]	**बुद्धा**

---

१. कहीं-कहीं 'ओ' का 'ए' भी हो जाता है। जैसे—'वनप्पगुम्बे यथा फुस्सितग्गे'। अतः 'बुद्धो' का 'बुद्धे' भी रूप हो सकता है, किन्तु इसका प्रयोग कम देखा जाता है।

दुतिया	**बुद्धं**	**बुद्धे**
ततिया	**बुद्धेन**	**बुद्धेहि, बुद्धेभि**
चतुत्थी	**बुद्धाय, बुद्धस्स**	**बुद्धानं**
पञ्चमी	**बुद्धा, बुद्धम्हा, बुद्धस्मा**	**बुद्धेहि, बुद्धेभि**
छट्ठी	**बुद्धस्स**	**बुद्धानं**
सत्तमी	**बुद्धे, बुद्धम्हि, बुद्धस्मिं**	**बुद्धेसु**
आलपन	**बुद्ध, बुद्धा**	**बुद्धा**

इन पदों का अर्थ हिन्दी में इस प्रकार होगा:—

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	बुद्ध ने	बुद्धों ने
दुतिया	बुद्ध को	बुद्धों को
ततिया	बुद्ध से	बुद्धों से
चतुत्थी	बुद्ध के लिए	बुद्धों के लिए
पञ्चमी	बुद्ध से	बुद्धों से
छट्ठी	बुद्ध का, की, के	बुद्धों का, की, के
सत्तमी	बुद्ध पर, में	बुद्धों पर, में
आलपन	हे बुद्ध !	हे बुद्धो !!

इन अकारान्त पुल्लिङ्ग शब्दों के रूप भी 'बुद्ध' शब्द के समान ही होंगे:—

शब्द	अर्थ	शब्द	अर्थ
नर	मनुष्य	**उरग**	साँप
मनुस्स	,,	**यक्ख**	यक्ष
पुरिस	,,	**देव**	देवता
मनुज	,,	**सीह**	सिंह
सुर	देवता	**गन्धब्ब**	गन्धर्व
नाग	साँप	**सोण**	कुत्ता

सुनख	कुत्ता	**लोक**	संसार
आलोक	प्रकाश	**संसार**	,,
संघ	संघ	**गाम**	गाँव
ओघ	बाढ़	**धम्म**	धर्म
पुत्त	पुत्र	**पमाद**	देर
याचक	भिखारी	**रुक्ख**	वृक्ष
दारक	लड़का	**दास**	दास
वाणिज	बनिया	**भूपाल**	राजा
कुमार	कुमार	**नरपति**	,,
सुरिय	सूरज	**अच्छ**	भालू

इनके अतिरिक्त जितने भी अकारान्त पुल्लिङ्ग शब्द होंगे, सबके रूप 'बुद्ध' शब्द के समान ही होंगे।

अभ्यास

हिन्दी में अनुवाद कीजिएः—

१. बुद्धस्स गामो। २. बुद्धानं पुत्ता। ३. बुद्धेसु आलोको। ४. बुद्धम्हा लोको। ५. बुद्धेहि याचको। ६. सुनखस्स धम्मो। ७. मनुस्सानं दारका। ८. भूपालस्स मनुजा। ९. संघस्स पुरिसा। १०. सुरेहि असुरा।

पालि में अनुवाद कीजिएः—

१. बुद्ध के लिए। २. बुद्ध का पुत्र। ३. बुद्ध का धर्म। ४. बुद्ध से असुर। ५. बुद्ध में देवता। ६. भिखारियों का राजा। ७. कुमारों में लड़का। ८. सूरज का आलोक। ९. बनियोंके लड़के। १०. गाँव में बाढ़।

तीसरा पाठ

क्रिया

क्रिया के अर्थ को प्रकट करने वाले शब्द को **धातु** कहते हैं। जैसे—भू, पठ, गम, चज इत्यादि।

रूप बनाने की सुविधा के लिए सभी धातुएँ ९ भागों में विभक्त हैं। प्रत्येक भाग को **गण** कहते हैं।

काल

पालि में भी तीन काल होते हैं—**वत्तमान काल, अनागत काल, अतीत काल**। वत्तमान (= वर्तमान) को 'पच्चुपन्न' भी कहते हैं और अतीत (= भूत) को अज्जतनी।

पुरुष

पालि में पुरुष भी तीन ही होते हैं, किन्तु उनका क्रम इस प्रकार होता है :—

१. अन्य पुरुष = **पठम पुरिस**
२. मध्यम पुरुष = **मज्झिम पुरिस**
३. उत्तम पुरुष = **उत्तम पुरिस**

तीनों पुरुषों के सर्वनाम

सो	=	वह	**तुम्हे**	=	तुम लोग
ते	=	वे	**अहं**	=	मैं
त्वं	=	तू	**मयं**	=	हम लोग

सभी काल में धातु के रूप **परस्सपद** और **अत्तनोपद** दो प्रकार के होते हैं, किन्तु व्यवहार में अत्तनोपद के रूप बहुत कम देखे जाते हैं। परस्सपद का ही प्रयोग बहुधा होता है।

वत्तमान काल

'पठ' धातु

परस्सपद

	एकवचन	बहुवचन
पठम पुरिस	**पठति**	**पठन्ति**
मज्झिम पुरिस	**पठसि**	**पठथ**
उत्तम पुरिस	**पठामि**	**पठाम**

अर्थ

पठति	=	पढ़ता है।	पठन्ति	=	पढ़ते हैं।
पठसि	=	पढ़ते हो।	पठथ	=	पढ़ते हो।
पठामि	=	पढ़ता हूँ।	पठाम	=	पढ़ते हैं।

नीचे दिए हुए धातुओं के रूप भी 'पठ' धातु के समान ही होंगे। ये धातुएँ **भ्वादि गण** के हैं :—

धातु	अर्थ	पठम पुरिस में प्रयोग
भू	होना	भवति, भवन्ति
हस	हँसना	हसति, हसन्ति
रक्ख	रक्षा करना	रक्खति, रक्खन्ति
वद	बोलना	वदति, वदन्ति
पच	पकाना	पचति, पचन्ति
नम	नमस्कार करना	नमति, नमन्ति
गम	जाना	गच्छति, गच्छन्ति

दिस	देखना	पस्सति, पस्सन्ति
दिस	,,	दिस्सति, दिस्सन्ति
ठा	खड़ा होना	तिट्ठति, तिट्ठन्ति
सर	स्मरण करना	सरति, सरन्ति
याच	माँगना	याचति, याचन्ति
कन्द	रोना	कन्दति, कन्दन्ति
कम्प	काँपना	कम्पति, कम्पन्ति
चज	त्यागना	चजति, चजन्ति

अभ्यास

हिन्दी में अनुवाद कीजिए :—

(क)

१. सो पठति। २. ते पठन्ति। ३. अहं पठामि। ४. मयं पठाम। ५. त्वं पठसि। ६. तुम्हे पठथ। ७. बुद्धो हसति। ८. दारका पचन्ति। ९. अहं पस्सामि। १०. सो गच्छति। ११. मयं गच्छाम। १२. याचको कन्दति। १३. वाणिजा पस्सन्ति। १४. रुक्खो भवति।

(ख)

१. नरो धम्मं पठति। २. मनुस्सो भूपालो भवति। ३. पुरिसा गामं गच्छन्ति। ४. मनुजो बुद्धं नमति। ५. सुरा गामे दिस्सन्ति। ६. नागो देवं नमति। ७. उरगा गामम्हा गच्छन्ति। ८. यक्खो रुक्खे तिट्ठति। ९. देवा धम्मं पस्सन्ति। १०. सीहो संघं सरति। ११. गन्धब्बो दारकं याचति। १२. सोणा लोकं चजन्ति। १३. सुनखो ओघे कम्पति। १४. आलोके भूपालो तिट्ठति। १५. संघो बुद्धं सरति।

(ग)

१. अहं गामं गच्छामि। २. सो गामे धम्मं पस्सति। ३. ते रुक्खेसु आलोकं पस्सन्ति। ४. भूपालो संसारे मनुस्से पस्सति। ५. दारकेसु वाणिजो धम्मं वदति। ६. याचको ओघे सुरियं पस्सति। ७. त्वं गामे वाणिजं

रक्खसि । ८. मयं देवेसु याचका भवाम । ९. तुम्हे पुत्तानं पमादं पस्सथ । १०. सुरियो आलोकं नरानं चजति । ११. बुद्धा मनुजानं धम्मं वदन्ति । १२. भूपाला वाणिजानं गामं रक्खन्ति । १३. दासो मग्गे याचके पस्सति । १४. कुमारा लोके भूपाला भवन्ति ।

(घ)

१. अहं भूपालस्स पुत्तो गामे भवामि । २. त्वं याचकेसु दासो धम्मं रक्खसि । ३. मयं नरानं धम्मे गामेसु पस्साम । ४. सो नरो आलोके बुद्धं पस्सति । ५. मयं ओघे रुक्खेसु सुरियं पस्साम । ६. सो मनुस्सो गामम्हा गामं गच्छति । ७. सो याचको बुद्धस्स धम्मं सरति । ८. अहं गामे वाणिजस्स पुत्तं पस्सामि । ९. सो भूपालानं संघं आलोके सरति । १०. सुरियो लोके नरानं आलोकं चजति । ११. सो रुक्खो गामे ओघेन कम्पति । १२. वाणिजो गामेसु मनुस्सेहि धम्मं सरति । १३. दारका आलोके बुद्धानं धम्मं पस्सन्ति । १४. भूपालो मनुस्सानं गामं ओघेन रक्खति । १५. सो दारको सुरियस्स आलोके तिट्ठति ।

पालि में अनुवाद कीजिएः—

१. मैं धर्म को पढ़ता हूँ । २. वह बुद्ध के धर्म को पढ़ता है । ३. राजा भिखारियों की रक्षा करता है । ४. सिंह गाँव की रक्षा करता है । ५. मैं बाढ़ में सूरज को देखता हूँ । ६. राजा कुमार को देखता है । ७. वह बुद्ध को नमस्कार करता है । ८. तू धर्म को देखते हो । ९. पेड़ काँपता है । १०. लड़का गाँव में रोता है । ११. भिखारी गाँव को जाता है । १२. लड़के बाढ़ में खड़े होते हैं । १३. मैं राजा से पुत्र माँगता हूँ । १४. बनिया गाँव में पकाता है । १५. दास राजा से गाँव माँगता है । १६. पुत्र हँसता है । १७. वह दास रोता है । १८. देर होती है । १९. सिंह गाँव को जाता है । २०. बनिया आलोक में सूरज को देखता है । २१. संघ से कुत्ते को माँगता है । २२. लोक में आदमी होते हैं । २३. गन्धर्व गाँव में रोते हैं । २४. राजा लोग दिखाई देते हैं ।

चौथा पाठ

अकारान्त नपुंसकलिङ्ग शब्द

फल

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	**फलं**	**फला, फलानि**
दुतिया	**फलं**	**फले, फलानि**
आलपन	**फल, फला**	**फला, फलानि**

शेष रूप 'बुद्ध' शब्द के समान होंगे।

इन अकारान्त नपुंसक लिङ्ग शब्दों के रूप भी 'फल' शब्द के समान ही होंगे :—

शब्द	अर्थ	शब्द	अर्थ
चित्त	चित्त	**दान**	दान
पुञ्ञ	पुण्य	**सील**	शील
पाप	पाप	**धन**	धन
रूप	रूप	**झान**	ध्यान
सोत	कान	**लोचन**	आँख
घाण	नाक	**मूल**	जड़
सुख	सुख	**कुल**	कुल
दुक्ख	दुःख	**बल**	बल
कारण	कारण	**जाल**	जाल
मुख	मुख	**धञ्ञ**	धान
जल	जल	**हिरञ्ञ**	सोना

सुसान	श्मशान	वन	जंगल
हृदय	हृदय	वस्थ	वस्त्र
नयन	आँख	यान	रथ
ओदन	भात	सोपान	सीढ़ी
मरण	मृत्यु	आण	ज्ञान
नगर	नगर	छत्त	छाता
भत्त	भात	उदक	पानी
गेह	घर	पोत्थक	पुस्तक
उय्यान	बाग	सरीर	शरीर

'भ्वादि गण' के इन धातुओं के रूप भी 'पठ' धातु के समान ही होंगे :—

धातु	अर्थ	पठम पुरिस में प्रयोग
सुच	शोक करना	सोचति, सोचन्ति
जुत	प्रकाश करना	जोतति, जोतन्ति
मुद	प्रसन्न होना	मोदति, मोदन्ति
सुभ	शोभित होना	सोभति, सोभन्ति
रुच	पसन्द करना	रोचति, रोचन्ति
पा	पीना	पिवति, पिवन्ति
दह	जलाना	डहति, डहन्ति
,,	,,	उतति, उहन्ति
जर	पुराना होना	जीरति, जीरन्ति
मर	मरना	मरति, मरन्ति
,,	,,	मीयति, मीयन्ति
रुद	रोना	रोदति, रोदन्ति

अभ्यास

हिन्दी में अनुवाद कीजिए :—

(क)

१. फलं रक्खति। २. फलानि सोभन्ति। ३. फलेसु जलं दिस्सति।

४. भूपालस्स चित्तं रोदति। ५. सुनखो ओदनं रोचति। ६. नगरे वाणिजो मरति। ७. सुसाने सीहो जलं पिवति। ८. गेहे नरो हसति। ९. दारका उय्यानेसु रोदन्ति। १०. उय्याने रुक्खा कम्पन्ति। ११. याचको गामे भत्तं याचति। १२. पुरिसस्स हदये दुक्खं दिस्सति। १३. अहं सुखं रोचामि। १४. उरगो वनं गच्छति। १५. यक्खो पोत्थकं पठति।

(ख)

१. पुत्तस्स नयनानि रूपेसु जोतन्ति। २. नगरेसु नरा भत्तं पचन्ति। ३. त्वं गेहे सुनखस्स मरणं पस्ससि। ४. अहं धम्मेसु मोदामि। ५. रक्खस्स मूलं जीरति। ६. मुखेन सो नरो जलं पिवति। ७. जालेन त्वं रूपं रुक्खसि। ८. दासा नगरे गेहानि दहन्ति। ९. तुम्हे रुक्खं डहथ १०. ते जना गेहे मीयन्ति। ११. यानेहि कुमारा उय्यानं गच्छन्ति। १२. असुरा हिरञ्ञं रोचन्ति। १३. सोपानेन रुक्खेसु फलानि पस्सन्ति। १४. पुत्ता छत्तेन जलं पिवन्ति। १५. पुञ्ञं सुखस्स कारणं भवति।

(ग)

१. अहं कुमारस्स छत्तं नगरे पस्सामि २. सो याचको गेहेसु दारकेहि भत्तं याचति। ३. यक्खस्स चित्तं उय्यानस्स रुक्खेसु भवति। ४. तुम्हे बुद्धस्स धम्मं हदये पस्सथ। ५. धम्मो लोके नरानं पापेहि रक्खति। ६. संसारे मनुस्सा दाने पुञ्ञं पस्सन्ति। ७. दास! त्वं दुक्खं लोके रोचसि? ८. देव! अहं नगरेसु धनं पस्सामि ९. ते सोणा गेहे भत्तं रोचन्ति। १०. सो नरो गेहे वत्थेन सोभति। ११. दारकस्स आणं भूपालस्स गेहे पोत्थकेसु जोतति। १२. लोके नरानं सरीरेन सुखं भवति। १३. चित्तेन ते दुक्खं सरन्ति। १४. सुरियस्स आलोके सो पुरिसो धञ्ञं डहति। १५. सुनखस्स सीलं लोके दुक्खस्स कारणं भवति।

पालि में अनुवाद कीजिएः—

१. लड़के की आँख हँसती है। २. मैं नगर में भिखारी को देखता हूँ। ३. बनिया उद्यान के पेड़ों में फल देखते हैं। ४. दुःख में वह

धर्मको पसन्द करता है। ५. राजा पुत्र को भिखारी से माँगता है। ६. तू नगर से बाढ़ देखते हो। ७. मैं पुस्तक में प्रसन्न होता हूँ। ८. देवता का शरीर वन में शोभता है। ९. कुत्ते की आँख दिखाई देती है। १०. मनुष्य लोक में सूरज का आलोक पसन्द करते हैं। ११. पुण्य को राजा लोग छोड़ते हैं। १२. नगर में गन्धर्व रोता है। १३. वह घर जा रहा है। १४. यक्ष बाग में सूरज के प्रकाश में फलों को देखता है। १५. बनिया घर से भात को माँगता है। १६. पेड़ की जड़ पुरानी होती है। १७. राजा का घर नगर में जलता है। १८. कुमार की आँख में राजा देखता है। १९. दास बाग के पेड़ों में फलों को देखते हैं। २०. बुद्ध के धर्म से संसार में सुख होता है। २१. मनुष्यों के लिए पाप दुःख का कारण होता है। २२. मनुष्य नगर में शीलोंमें प्रसन्न होते हैं। २३. बुद्ध का धर्म लोक में प्रकाशित होता है। २४. पाप से संसार में मनुष्य को दुःख होता है। २५. मैं बुद्ध को नमस्कार करता हूँ। २६. राजा लोग संसार में सुख को देखते हैं। २७. भिखारी नगर में लड़कों से पानी माँगता है। २८. यक्ष श्मशान में भात पकाता है। २९ घर में पुरुष दुःख से शोक करता है। ३०. मैं धर्म को नमस्कार करता हूँ। ३१. वह संघ को नमस्कार करता है। ३२. तुम लोग बुद्ध को नमस्कार करते हो।

पाँचवाँ पाठ

आकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्द

लता

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	लता	लता, लतायो
दुतिया	लतं	लता, लतायो
ततिया	लताय	लताहि, लताभि
चतुत्थी	लताय	लतानं
पञ्चमी	लताय	लताहि, लताभि
छट्ठी	लताय	लतानं
सत्तमी	लतायं, लताय	लतासु
आलपन	लते	लता, लतायो

इन आकारान्त स्त्रीलिंग शब्दों के रूप भी 'लता' शब्द के समान ही होंगे :—

शब्द	अर्थ	शब्द	अर्थ
अच्छरा	अप्सरा	जटा	जटा
अम्मा[1]	माता	तण्हा	तृष्णा
गाथा	श्लोक	नावा	नौका

---

१. 'अम्मा' शब्द के रूप में आलपन एकवचन में 'लते' की भाँति 'अम्मे' न होकर 'अम्मा' ही होता है । जैसे—भोति अम्मा ! किन्तु अन्त्य स्वर का विकल्प से ह्रस्व हो जाता है । जैसे—भोति अम्म, अम्मा !

चन्दिमा	चन्द्रमा	पटिपदा	मार्ग
छाया	छाया	मेत्ता	मैत्री
सुणिसा	पतोहू	सभा[1]	सभा
परिसा	परिषद्	साला	घर
भरिया	स्त्री	गीवा	गला
जिह्वा	जीभ	साखा	डाली
माला	माला	तारका	तारा
देवता	देवता	वालुका	बालू
विज्जा	विद्या	कञ्ञा	कन्या
वीणा	वीणा	सद्धा	श्रद्धा
पञ्ञा	प्रज्ञा	कङ्खा	सन्देह
माया	माया	सुरा	शराब
सेना	सेना	दिसा	दिशा
भिक्खा	भिक्षा	वनिता	स्त्री

'भ्वादि गण' के इन धातुओं के रूप भी 'पठ' धातु के समान ही होंगे :—

धातु	अर्थ	पठम पुरिसमें प्रयोग
नि+सद	बैठना	निसीदति, निसीदन्ति
ठा	खड़ा होना	उट्ठहति, उट्ठहन्ति
नि + कम	निकलना	निक्खमति, निक्खमन्ति
सं + आ + दा	ग्रहण करना	समादियति, समादियन्ति

---

१. 'सभा' और 'परिसा' शब्दों का सत्तमी एकवचन में 'सभति' और 'परिसति' रूप भी होता है। यथा—सभति, सभायं, सभाय। परिसति, परिसायं, परिसाय।

अभ्यास

हिन्दी में अनुवाद कीजिए :—

(क)

१. लता रुक्खे कम्पति। २. लतासु फलानि दिस्सन्ति। ३. लताहि रुक्खा सोभन्ति। ४. अच्छरायो हसन्ति। ५. अम्मा पुत्तस्स मुखं पस्सति। ६. सो दारको गाथायो पठति। ७. चन्दिमा लोके जोतति। ८. छायायो गेहे भवन्ति। ९. सुणिसा उट्ठहति। १०. नावा जले गच्छति। ११. अहं सीलं समादियामि। १२. वनितायो सीलानि समादियन्ति। १३. सो भूपालो वने निसीदति। १४. भरिया नगरम्हा निक्खमति। १५. सेनायो गामेसु निसीदन्ति।

(ख)

१. अम्मा कुमारस्स भत्तं पचति। २. गाथायो पोत्थकेसु अहं पस्सामि। ३. मनुस्सानं जटायो कञ्ञायो रोचन्ति। ४. लोके नरानं तण्हाय दुक्खं भवति। ५. बुद्धस्स पटिपदं मयं रोचाम। ६. मेत्ताय संसारे जना मोदन्ति। ७. परिसतिं बुद्धो निसीदति। ८. सभासु भरियायो दिस्सन्ति। ९. लतानं माला रुक्खे कम्पति। १०. वीणा दारकस्स गेहे दिस्सति। ११. पञ्ञाय सो नरो जोतति। १२. सालासु दारका भवन्ति। १३. बुद्धो भिक्खाय गामं गच्छति। १४. सो याचको वालुकायं निसीदति। १५. लोके पञ्ञाय जना दुक्खं पस्सन्ति।

पालि में अनुवाद कीजिए :—

१. लताओं से घर शोभता है। २. अप्सरा नगर में दिखाई देती है। ३. मैं जल में चन्द्रमा को देखता हूँ। ४. पेड़ की छाया में मनुष्य बैठता है। ५. वह जटा में भात की रक्षा करता है। ६. स्त्री की तृष्णा दिखाई देती है। ७. नौका जल में जाती है। ८. मार्गों में मनुष्य रोते हैं। ९. मैत्री से सुख होता है। १०. पतोहू घर मेंबैठती है। ११. परिषद्

में स्त्री रोती है। १२. जीभ तृष्णा पसन्द करती है। १३. पुत्र के गले में माला शोभती है। १४. देवता नगर से निकलते हैं। १५. तू विद्या पढ़ते हो। १६. वह वीणा के लिए शोक करता है। १७. मनुष्यों की प्रज्ञा पुण्य देखती है। १८. सेनायें घरों में जल पीती हैं। १९. भिखारी भिक्षा के लिए नगर में रोता है। २०. सभाओं में बुद्ध लोग धर्म देखते हैं। २१. लड़के की गर्दन उठती है। २२. पेड़ों से डालियाँ निकलती हैं। २३. चन्द्रमा के आलोक में तारे शोभा देते हैं। २४. बालू में राजा की नौका जाती है। २५. कन्यायें घर में बैठती हैं। २६. श्रद्धासे धर्म होता है। २७. कन्या को सन्देह होता है। २८. सेना नगर में शराब पीती है। २९. बाग में स्त्री खड़ी होती है। ३०. दिशाएँ शोभा देती हैं।

छठाँ पाठ

इकारान्त पुल्लिङ्ग शब्द

मुनि

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	मुनि	मुनी, मुनयो
दुतिया	मुनिं	मुनी, मुनयो
ततिया	मुनिना	मुनीहि, मुनीभि
चतुत्थी	मुनिनो, मुनिस्स	मुनीनं
पञ्चमी	मुनिना, मुनिम्हा, मुनिस्मा	मुनीहि, मुनीभि
छट्ठी	मुनिनो, मुनिस्स	मुनीनं
सत्तमी	मुनिम्हि, मुनिस्मिं	मुनिसु, मुनीसु
आलपन	मुनि, मुनी	मुनी, मुनयो

इन इकारान्त पुल्लिङ्ग शब्दों के रूप भी 'मुनि' शब्द के समान होंगे:—

शब्द	अर्थ	शब्द	अर्थ
पाणि	हाथ	गण्ठि	गाँठ
मुट्ठि	मुट्ठी	कुच्छि	पेट
सालि	धान	वीहि	धान
व्याधि	रोग	सन्धि	जोड़
रासि	ढेर	दीपि	चीता
इसि[1]	ऋषि	मणि	मणि

---

१. 'इसि' शब्द का रूप पठमा एकवचन में विकल्प से 'इसे' होता है और दुतिया बहुवचन में भी। जैसे—समणे ब्राह्मणे वन्दे सम्पन्नचरणे इसे।

गिरि	पहाड़	**रवि**	सूरज
कवि	कवि	**कपि**	बन्दर
असि	तलवार	**मसि**	स्याही
निधि	खजाना	**विधि**	विधि
अहि	साँप	**किमि**	कीड़ा
पति	पति	**अरि**	शत्रु
जलनिधि	समुद्र	**गहपति**	गृहपति
अधिपति	राजा	**नरपति**	राजा
सारथि	सारथी	**जलधि**	समुद्र
ञाति	रिस्तेदार	**अग्गि**[1]	आग

'रुधादि गण' के इन धातुओं के रूप नीचे लिखे प्रकार से होंगे :–

धातु	**अर्थ**	**पठम पुरिस में प्रयोग**
रुध	रोकना	रुन्धति, रुन्धन्ति
भुज	खाना	भुञ्जति, भुञ्जन्ति
कत	काटना	कन्तति, कन्तन्ति
गह	पकड़ना	गण्हति, गण्हन्ति
छिद	काटना	छिन्दति, छिन्दन्ति
बध	बाँधना	बन्धति, बन्धन्ति
भिद	फोड़ना	भिन्दति, भिन्दन्ति
मुच	छोड़ना	मुञ्चति, मुञ्चन्ति
युज	जोड़ना	युञ्जति, युञ्जन्ति
लिप	लेपना	लिम्पति, लिम्पन्ति
सिच	सींचना	सिञ्चति, सिञ्चन्ति
हिस	हिंसा करना	हिंसति, हिंसन्ति

---

१. **'अग्गि'** शब्द का रूप पठमा एकवचन में विकल्प से **'अग्गिनि'** भी होता है।

अभ्यास

हिन्दी में अनुवाद कीजिए:—

(क)

१. मुनि निधिं गण्हति २. मुनिनो मुट्ठिस्मिं मणि सोभति। ३. सो मुनीनं रुक्खं छिन्दति। ४. जलनिधिम्हि नावा गच्छति। ५. सारथि याने निसीदति। ६. दारको वीहिं छिन्दति। ७. अहं सालिं गण्हामि। ८. व्याधि मनुस्से हिंसति। ९. सो पाणिना दारकं गण्हति। १०. कवि गण्ठिं मुञ्चति। ११. भरियाय कुच्छिस्मिं व्याधि भवति। १२. वाणिजस्स वीहयो नरा कन्तन्ति। १३. नावायं सन्धिं पस्सन्ति। १४. वीहीनं रासिं अधिपति बन्धति। १५. अहि गामे जलं पिवति।

(ख)

१. इसिनो पुत्तो धम्मं पठति। २. गिरिम्हि इसयो रुक्खं सिञ्चन्ति। ३. कविनो अम्मा गेहं भिन्दति। ४. दासो असिना गीवं छिन्दति। ५. नरपति निधिं रक्खति। ६. पति भरियं गण्हति। ७. अधिपतयो दासे हिंसन्ति। ८. सारथीहि नरा धनं गण्हन्ति। ९. जातयो मायासु लिम्पन्ति। १०. दीपयो वनेसु सुनखे भुञ्जन्ति। ११. मणयो गेहेसु जोतन्ति। १२. रवि मनुस्सानं आलोकेन सिञ्चति। १३. कपयो वने फलानि भुञ्जन्ति। १४. मसि वत्थं छिन्दति। १५. नरो विधिना धम्मं समादियति। १६. किमयो फलेसु दिस्सन्ति। १७. अरयो सन्धिं भिन्दन्ति। १८. गहपतिनो भरिया गण्ठिं मुञ्चति। १९. नरपति धम्मे युञ्जति। २०. अग्गि गेहं गण्हति।

पालि में अनुवाद कीजिए :—

१. मुनि गाँव को रोकता है। २. मुनि का दास भात खाता है। ३. मैं मुनि से धन माँगता हूँ। ४. हाथ में रोग दिखाई देता है। ५. मुट्ठी में जल को देखते हैं। ६. धान को राजा लोग काटते हैं। ७. रोग लोगों की हिंसा करता है। ८. गाँठ में धन बाँधता है। ९. स्त्री के पेट

पर वस्त्र दिखाई देता है। १०. हम लोग धान बाँध रहे हैं। ११. जोड़ों को तुम लोग काटते हो। १२. धन के ढेर से भिखारी माँगता है। १३. ऋषि लोग फलों को खाते हैं। १४. वह पहाड़ पर पानी रोकता है। १५. कवि की स्त्री वस्त्र को काटती है। १६. तलवार से सेनाएँ मनुष्यों की हिंसा करती हैं। १७. साँप खजाने की रक्षा करता है। १८. पति स्त्री को छोड़ता है। १९. समुद्र में नौका जाती है। २०. राजा लोग दुःख में रोते हैं। २१. सारथी पेड़ को काटता है। २२. रिस्तेदार कन्या को देखते हैं। २३. चीता कुत्तों को पकड़ता है। २४. मणि से आलोक निकलता है। २५. सूरज संसार में प्रकाश छोड़ता है। २६. बन्दर पेड़ों पर फलों को खाते हैं। २७. वह स्याही को वस्त्र में लेपता है। २८. राजा विधि से घर छोड़ता है। २९. कीड़े फलों में होते हैं। ३०. शत्रु राजा को बाँधते हैं। ३१. गृहपति की स्त्री मणि को फोड़ती है। ३२. आग नगर को घेरती है।

सातवाँ पाठ

इकारान्त नपुंसकलिङ्ग शब्द

अट्ठि (=हड्डी)

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	अट्ठि	अट्ठीनि, अट्ठी
दुतिया	अट्ठिं	अट्ठीनि, अट्ठी
आलपन	अट्ठि	अट्ठीनि, अट्ठी

शेष रूप 'मुनि' शब्द के समान होंगे।

इन शब्दों के रूप भी 'अट्ठि' शब्द के ही समान होंगे :—

शब्द	अर्थ	शब्द	अर्थ
दधि	दही	सप्पि	घी
वारि	पानी	सत्थि	जाँघ
अक्खि	आँख	अच्छि	लपट

'दिवादि गण' के इन धातुओं के रूप नीचे लिखे प्रकार से होंगे :—

धातु	अर्थ	पठम पुरिस में प्रयोग
दिव	खेलना	दिब्बति, दिब्बन्ति
नस	नष्ट होना	नस्सति, नस्सन्ति
युध	लड़ाई करना	युज्झति, युज्झन्ति
रुच	अच्छा लगना	रुच्चति, रुच्चन्ति
कुध	गुस्सा होना	कुज्झति, कुज्झन्ति
कुप	कोप करना	कुप्पति, कुप्पन्ति
गा	गाना	गायति, गायन्ति

घा	सूँघना	घायति, घायन्ति
छिद	टूटना	छिज्जति, छिज्जन्ति
झा	ध्यान करना	झायति, झायन्ति
नहा	नहाना	नहायति, नहायन्ति
बुध	समझना	बुज्झति, बुज्झन्ति
लुभ	लोभ करना	लुब्भति, लुब्भन्ति
सम	शान्त होना	सम्मति, सम्मन्ति
सिव	सीना	सिब्बति, सिब्बन्ति
सुध	शुद्ध होना	सुज्झति, सुज्झन्ति
सुस	सूखना	सुस्सति, सुस्सन्ति
हन	मारना	हञ्ञति, हञ्ञन्ति

कुछ आवश्यक शब्द

शब्द	अर्थ
अत्थि	है
नत्थि	नहीं है
सन्ति	हैं
न	नहीं

अभ्यास

हिन्दी में अनुवाद कीजिए :—

(क)

१. कुमारस्स सत्थिनो अट्ठीनि छिज्जन्ति। २. ते सुनखस्स अट्ठिना दिब्बन्ति। ३. जलनिधिम्हि वारि नस्सति। ४. अट्ठीसु व्याधि अत्थि। ५. अग्गिनो अच्चि गेहं डहति। ६. अक्खीहि सुरियं पस्सति। ७. सुनखो दधिं रोचति। ८. सप्पिस्मिं जलं अत्थि। ९. सेना नगरे युज्झति। १०. भूपालस्स भत्तं रुच्चति। ११. याचको दारकेन कुप्पति। १२. अहं न कुज्झामि। १३. त्वं धम्मं गायसि। १४. सो उदकं घायति। १५. रुक्खो ओघेन छिज्जति।

(ख)

१. मुनयो वनेसु झायन्ति। २. वनितायो उदके नहायन्ति। ३. तुम्हे धम्मं बुज्झथ। ४. यक्खस्स चित्तं उय्याने लुब्भति। ५. मुनिनो व्याधयो सम्मन्ति। ६. भरिया पुत्तस्स वत्थं सिब्बति। ७. मुनयो पुञ्ञेन सुज्झन्ति। ८. सा वनिता दुक्खेन सुस्सति। ९. व्याधि मनुस्से हञ्ञति। १०. लोके सुखं नत्थि। ११. गामे वाणिजस्स अम्मा अत्थि। १२. भूपालस्स भरियायो गेहे सन्ति। १३. सो नरो याचको न भवति। १४. मयं धम्मं वदाम। १५. तुम्हे दधीनि भुञ्जथ। १६. अहं बुद्धं सरणं गच्छामि। १७. त्वं धम्मं सरणं गच्छसि। १८. सो संघं सरणं गच्छति। १९. लोके संघस्स सरणे सुखं अत्थि। २०. ते मुनयो धम्मेन न सुज्झन्ति।

पालि में अनुवाद कीजिएः—

१. लड़के की हड्डी टूटती है। २. दास हड्डी से खेलता है। ३ हड्डी में रोग दिखाई देता है। ४. हड्डियों से मैं नहीं खेलता हूँ। ५. दही में पानी है। ६. जल में साँप नहीं है। ७. आँख से सूरज नहीं दिखाई देता है। ८. लपट घर में उठती है। ९. घी घर में है। १० जाँघ की हड्डी टूटती है। ११. रोग नष्ट होते हैं। १२. लड़के घर में लड़ाई करते हैं। १३. वे भात पसन्द करते हैं। १४. बनिया क्रोधित होता है। १५. राजा लड़कों पर कोप करता है। १६. स्त्रियाँ धर्म गाती हैं। १७. मैं बाग में घी सूँघता हूँ। १८. पेड़ से फल टूटता है। १९. पानी में स्त्रियाँ नहाती हैं। २०. कवि लोग पुस्तक को समझते हैं। २१. साँप मणि में लोभ करते हैं। २२. पति समुद्र में नहाते हैं। २३. रिस्तेदार क्रोध नहीं करते हैं। २४. वे शान्त होते हैं। २५. गृहपति वस्त्र सीता है। २६. स्त्रियों को मालाएँ अच्छी लगती हैं। २७. बन्दर कीड़ों को मारते हैं। २८. सूरज पानी से शुद्ध होता है। २९. जल में पेड़ बाढ़ से सूखता है। ३०. मैं धर्म की शरण जाता हूँ। ३१. वह बुद्ध की शरण जाता है। ३२. तू संघ की शरण जाते हो।

आठवाँ पाठ

इकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्द

रत्ति (=रात)

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	**रत्ति**	**रत्ती, रत्तियो, रत्यो**
दुतिया	**रत्तिं**	**रत्ती, रत्तियो, रत्यो**
ततिया	**रत्तिया, रत्या**	**रत्तीहि, रत्तीभि**
चतुत्थी	**रत्तिया, रत्या**	**रत्तीनं**
पञ्चमी	**रत्तिया, रत्या**	**रत्तीहि, रत्तीभि**
छट्ठी	**रत्तिया, रत्या**	**रत्तीनं**
सत्तमी	**रत्तियं, रत्यं, रत्या, रत्तिं, रत्तो, रत्तिया**	**रत्तीसु, रत्तिसु**
आलपन	**रत्ति**	**रत्ती, रत्तियो, रत्यो**

इन शब्दों के रूप भी 'रत्ति' शब्द के समान ही होंगे :—

शब्द	अर्थ	शब्द	अर्थ
युत्ति	युक्ति	**तित्ति**	तृप्ति
वुत्ति	जीवन-वृत्ति	**खन्ति**	सहनशीलता
कित्ति	कीर्ति	**सन्ति**	शान्ति
मुत्ति	मुक्ति	**सिद्धि**	सिद्धि
सुद्धि	शुद्धि	**बोधि**	ज्ञान
इद्धि	ऋद्धि	**भूमि**	भूमि
वुद्धि	वृद्धि	**जाति**	जन्म

बुद्धि	बुद्धि	**पीति**	प्रीति
नन्दि	तृष्णा	**सन्धि**	मेल
कोटि	करोड़	**दिट्ठि**	दृष्टि
वुट्ठि	वृष्टि	**तुट्ठि**	सन्तोष
यट्ठि	लाठी	**पालि**	पंक्ति
पन्ति	पंक्ति	**सति**	स्मृति
धूलि	धूल	**अंगुलि**	अंगुली
अटवि	जंगल	**असनि**	बिजली
आलि	सखी	**चुति**	मृत्यु
दुन्दुभि	बाजा	**पत्ति**	पैदल सेना
कन्ति	शोभा	**दोणि**	डोंगी
नाभि	नाभी	**रंसि**	रश्मि
केलि	क्रीड़ा	**गति**	गमन
धिति	धीरज	**युवति**	तरुणी
रुचि	रुचि	**सुगति**	अच्छी गति

'**तुदादि गण**' के इन धातुओं के रूप नीचे लिखे प्रकार से होंगेः—

धातु	**अर्थ**	**पठम पुरिस में प्रयोग**
तुद	पीड़ा करना	तुदति, तुदन्ति
फुस	छूना	फुसति, फुसन्ति
मुस	चुराना	मुसति, मुसन्ति
लिख	लिखना	लिखति, लिखन्ति
सुप	सोना	सुपति, सुपन्ति
प+विस	घुसना	पविसति, पविसन्ति
विद	भोगना	विन्दति, विन्दन्ति
फुर	फड़कना	फुरति, फुरन्ति

नुद	दूर करना	नुदति, नुदन्ति
खिप	फेंकना	खिपति, खिपन्ति
गिल	निगलना	गिलति, गिलन्ति
वि + किर	छींटना	विकिरति, विकिरन्ति
नि + गिर	निगलना	निगिरति, निगिरन्ति

अभ्यास

हिन्दी में अनुवाद कीजिएः—

(क)

१. रत्तियं कवि पोत्थकं लिखति। २. अटवियं दीपयो भवन्ति। ३. रत्तियं चन्दिमाय आलोको गेहे भवति। ४. युत्तिया सा वनिता भत्तं गिलति। ५. कुमारस्स वुत्तियं कङ्खा अत्थि। ६. मुनिनो किच्चि लोके अत्थि। ७. अहं व्याधिना दुक्खं फुसामि। ८. नरा संसारे मुत्तिं चजन्ति। ९. गेहेसु तित्ति नत्थि। १० दारको खन्तिया सुखं विन्दति। ११. अहं सन्तिं विन्दामि। १२. मुनिनो सिद्धिया कङ्खा नत्थि। १३. मुद्धीहि जना मुज्झन्ति। १४. इद्धिया इसयो नगरं गच्छन्ति। १५. धनेन लोके वुद्धि भवति।

(ख)

१. कुमारो यट्ठीहि सुनखं नुदति। २. युवतिया पतिनो अम्मा भत्तं खिपति। ३. दोणि जलधिम्हि विकिरति। ४. सो दारको दधिं निगिरति। ५. भूपालो गेहं पविसति। ६. युवति वने सुपति। ७. कैलियं वाणिजो दुन्दुभिं मुसति। ८. यक्खो दुक्खं फुसति। ९. सारथिनो कुच्छिस्मिं तुदति। १०. अंगुलीसु व्याधि नत्थि। ११. मयं बोधिं फुसाम। १२. सो बुद्धं न सरति। १३. वनिता धम्मं वदति। १४. इसयो अटवीसु सन्ति। १५. गेहेसु दारका भत्तं भुञ्जन्ति। १६. अम्मा दधिं गण्हति। वाणिजो पोत्थकं लिखति।

पालि में अनुवाद कीजिए :—

१. रात में माता पुत्र को छूती है। २. ऋषि लोग जंगल में घुसते हैं। ३. जीवन-वृत्ति के लिए मैं भात खाता हूँ। ४. यक्ष युक्ति जानता है। ५. कीर्ति से सुख मिलता है। ६. दास घर में दुःख भोगता है। ७. लड़का धन छींटता है। ८. स्त्री घर में सोती है। ९. लता पेड़ से निकलती है। १०. बुद्ध पुस्तक नहीं लिखते हैं। ११. युवतियाँ लाठियों को देखती हैं। १२. सेना की पंक्ति नगर में जाती है। १३. जंगल से चीता नगर में प्रवेश करता है। १४. लड़के पंक्ति में खड़े हैं। १५. मुनि लोग ध्यान करते हैं। १६. सूरज की रश्मि राजा को स्पर्श कर रही है। १७. वृष्टि का पानी घर को सींचता है। १८. धूल घर में बिखर रही है। १९. स्त्री की सखियाँ गाती हैं। २०. जंगल में सिंह दुःख भोगता है। २१. साँपों का राजा मरता है। २२. आदमी को तुष्टि नहीं होती है। २३. वह लाठी से बन्दर को पकड़ता है। २४. बिजली के आलोक में आदमी दिखाई देता है। २५. डोंगी समुद्र में प्रवेश कर रही है। २६. सुगति में दुःख नहीं है। २७. लड़के की नाभी में रोग है। २८. मैं घर जा रहा हूँ।

नवाँ पाठ

ईकारान्त पुल्लिङ्ग शब्द

दण्डी (=सन्यासी)

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	दण्डी	दण्डी, दण्डिनो
दुतिया	दण्डिनं, दण्डिं	दण्डी, दण्डिनो, दण्डिने
ततिया	दण्डिना	दण्डीहि, दण्डीभि
चतुत्थी	दण्डिनो, दण्डिस्स	दण्डीनं
पञ्चमी	दण्डिना,, दण्डिस्मा, दण्डिम्हा	दण्डीहि, दण्डीभि
छट्ठी	दण्डिनो, दण्डिस्स	दण्डीनं
सत्तमी	दण्डिनि, दण्डिम्हि, दण्डिस्मिं	दण्डिसु, दण्डीसु
आलपन	दण्डि, दण्डी	दण्डी, दण्डिनो

इन शब्दों के रूप भी 'दण्डी' शब्द के ही समान होंगे :—

शब्द	अर्थ	शब्द	अर्थ
करी	हाथी	चक्की	चक्रवाला
कामी	कामी	चागी	त्यागी
कुट्ठी	कोढ़ी	जटी	जटाधारी
कुसली	कुशली	ञाणी	ज्ञानी
गणी	गणवाला	दन्ती	हाथी
दाठी	बाघ	दीघजीवी	दीर्घजीवी
धम्मवादी	धर्मवादी	धम्मी	धर्मी

पक्खी	पक्षी	**पापकारी**	पापी
बली	बलवान्	**भागी**	भागवाला
भोगी	भोग करनेवाला	**माली**	माली
मूसली	मूसल धारण करनेवाला	**योगी**	योगी
वम्मी	बख्तरवाला, सिपही	**संघी**	संघवाला
सामी	स्वामी	**सिखी**	मोर
सीघयायी	शीघ्र जानेवाला	**सुखी**	सुखी
मन्ती	मन्त्री	**धजी**	ध्वजावाला
छत्ती	छत्र धारण करनेवाला		

'तनादि गण' के इन धातुओं के रूप नीचे लिखे प्रकार से होंगे—

धातु	**अर्थ**	**पठम पुरिस में प्रयोग**
तन	फैलाना	तनोति, तनोन्ति
सक	सकना	सक्कोति, सक्कोन्ति
वन	माँगना	वनोति, वनोन्ति
मन	जानना	मनोति, मनोन्ति
आप	पाना	अप्पोति, अप्पोन्ति
कर	करना	करोति, करोन्ति

अभ्यास

हिन्दी में अनुवाद कीजिएः—

१. दण्डी मग्गे गच्छति। २. करिनो कदलियो भुञ्जन्ति। ३. कामी पुरिसा कटे (=चटाइयाँ) तनोन्ति। ४. कुट्ठी आसने निसीदित्वा भत्तं याचति। ५. कुसली पुञ्ञं कत्वा सग्गं अप्पोति। ६. गणिनो जनानं चित्तानि जानन्ति। ७. चक्की खेत्तानि लुनाति। ८. चागी धनानि न इच्छन्ति। ९. जटिनो सदा गेहे न वसन्ति। १०. ञाणी पुरिसा खलु सत्थुं नमन्ति। ११. दन्ती पण्णानि न भुञ्जन्ति। १२. दाठी मिगे वधित्वा

खादन्ति। १३. पक्खिनो आकासे उड्डन्ति। १४. बलिनो दुब्बले जने न पहरन्ति। १५. भोगी भोगे इच्छति। १६. मूसली दण्डीहि न भायति। १७. वम्मी भूपालं रक्खति। १८. सामी भरियं अप्पोति। १९. सीघयायी खिप्पं नगरं गच्छति। २०. सिखी पक्खे पसारेत्वा भित्तियं नच्चति। २१. योगी झानं करोति। २२. सुखी सुखं मनोति। २३. धजी युद्धभूमिं गन्त्वा विराजति। २४. माली पुप्फं गण्हति। २५. पापकारी निरयं उप्पज्जति।

पालि में अनुवाद कीजिएः—

१. दण्डी गाँव में जाता है। २. सिपाही युद्ध करता है। ३. राजा बलवान् मनुष्यों को चाहता है। ४. हाथी गन्दगी (= मलानि) नहीं फैलाते हैं। ५. कामी धन चाहता है। ६. कोढ़ी भीख माँगता है। ७. कुशली पुण्य करता है। ८. गणवाला गण को बढ़ाता है। ९. चक्रवाला पानी पीता है। १० त्यागी पुरुष ग्राम को छोड़ता है। ११. जटाधारी लोग वन में घूमते हैं। १२. ज्ञानी कभी (= कदापि) रोते नहीं हैं। १३. हाथी जंगलों में विचरण करते हैं। १४. बाघ हाथी को मारते हैं। १५. पक्षी आकाश में शब्द करते हैं। १६. सिपाही नगर में टहलता है (= चङ्कमति)। १७. मंत्री राजा से धन माँगता है। १८. मोर दीवार पर बैठा है। १९. ध्वजाधारी आगे-आगे (= पुरतो) जाता है। २०. योगी आसन पर ध्यान करता है। २१. माली माला बनाता है। २२. पापी लोग पाप फैलाते हैं। २३. धर्मी धर्म बढ़ाते हैं। २४. सुखी सुख पाते हैं। २५. स्वामी उद्यान में घर बनाते हैं।

दसवाँ पाठ

ईकारान्त नपुंसकलिङ्ग शब्द

सुखकारी (= सुख देने वाला)

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	**सुखकारि**	**सुखकारीनि, सुखकारी**
दुतिया	**सुखकारिं**	**सुखकारीनि, सुखकारी**
आलपन	**सुखकारि**	**सुखकारीनि, सुखकारी**

शेष रूप '**दण्डी**' शब्द के समान होंगे।

'**चुरादि गण**' के इन धातुओं के रूप नीचे लिखे प्रकार से होंगे:—

धातु	अर्थ	पठम पुरिस एकवचन में प्रयोग
अज्ज	कमाना	अज्जेति, अज्जयति
ईर	हिलना	ईरेति, ईरयति
कण्ण	सुनना	कण्णेति, कण्णयति
कथ	कहना	कथेति, कथयति
कित्त	कीर्तन करना	कित्तेति, कित्तयति
गण	गिनना	गणेति, गणयति
गन्थ	गूँथना	गन्थेति, गन्थयति
चिन्त	विचारना	चिन्तेति, चिन्तयति
चुण्ण	चूर-चूर करना	चुण्णेति, चुण्णयति
चुर	चुराना	चोरेति, चोरयति
छड्ड	फेंकना	छड्डेति, छड्डयति
झप	जलाना	झापेति, झापयति
पिण्ड	पिण्ड बनाना	पिण्डेति, पिण्डयति

पुस	पोसना	पोसेति, पोसयति
पूज	पूजा करना	पूजेति, पूजयति
मन्त	सलाह करना	मन्तेति, मन्तयति
तक्क	तर्क करना	तक्केति, तक्कयति
तीर	पूरा करना	तीरेति, तीरयति
दिस	उपदेश करना	देसेति, देसयति
वन्द	वन्दना करना	वन्देति, वन्दयति
वण्ण	प्रशंसा करना	वण्णेति, वण्णयति

अभ्यास

हिन्दी में अनुवाद कीजिए—

१. सुखकारि धनं अज्जेति। २. सुखकारिनो खणं (=क्षण) न गणेन्ति। ३. वायुना रुक्खो ईरेति। ४. ते धम्मं कण्णेन्ति। ५. भूपालो नीतिं कथेति। ६. सुनखो भत्तं चोरेति। ७. दारका पुप्फानि गन्थेन्ति। ८. इत्थी सक्खरं चुण्णेति। ९. भिक्खु अत्तनो किलेसे (=क्लेशों को) झापेति। १०. सो भत्तं पिण्डेति। ११. वाणिजो भरियं पोसेति। १२. भिक्खवो पुप्फेहि बुद्धं पूजेन्ति। १३. ते रत्तियं मन्तेन्ति। १४. अहं तुम्हे वन्दामि। १५. बुद्धो धम्मं देसेति।

पालि में अनुवाद कीजिए—

१. लोग धर्म की वन्दना करते हैं। २. चोर धन को चुराते हैं। ३. भिक्षु धर्म का उपदेश करता है। ४. उपासक भोजन-दान देते हैं। ५. लड़का भिक्षु से तर्क करता है। ६. भिखारी धन कमाता है। ७. वह अपना (=अत्तनो) वस्त्र फेंकता है। ८. सिपाही किसान की झोंपड़ी (=कुटिं) जलाता है। ९. मैं अपना काम पूरा करता हूँ। १०. पेड़ का पत्ता (=पण्णं) हिलता है। ११. लोग पण्डित की प्रशंसा करते हैं। १२. विद्वान् (=पण्डिता) सलाह करते हैं। १३. स्वामी स्त्री को पोसता है। १४. वे बुद्ध का कीर्तन करते हैं। १५. हाथी घर को चूर-चूर करता है।

ग्यारहवाँ पाठ

ईकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्द

इत्थी (= स्त्री)

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	इत्थी	इत्थी, इत्थियो
दुतिया	इत्थियं, इत्थिं	इत्थी, इत्थियो
ततिया	इत्थिया	इत्थीहि, इत्थीभि
चतुत्थी	इत्थिया	इत्थीनं
पञ्चमी	इत्थिया	इत्थीहि, इत्थीभि
छट्ठी	इत्थिया	इत्थीनं
सत्तमी	इत्थियं, इत्थिया	इत्थीसु
आलपन	इत्थि	इत्थी, इत्थियो

इन शब्दों के भी रूप 'इत्थी' शब्द के ही समान होंगे:—

शब्द	अर्थ	शब्द	अर्थ
नदी[1]	नदी	पाटली	एक वृक्ष

---

१. पठमा और दुतिया के बहुवचन में 'नदी' शब्द के रूप नज्जायो, नदियो हो जाते हैं। सभी विभक्तियोंमें रूप इस प्रकार होते हैं :-

	एक वचन	बहुवचन
पठमा	नदी	नदी, नदियो, नज्जायो, नज्जो
दुतिया	नदिं, नदियं, नज्जं	नदी, नदियो, नज्जायो, नज्जो
ततिया	नदिया, नज्जा	नदीहि, नदीभि
चतुत्थी	नदिया, नज्जा	नदीनं
पञ्चमी	नदिया, नज्जा	नदीहि, नदीभि

मही	पृथ्वी	**नारी**	स्त्री
वेतरणी	वैतरणी	**कुमारी**	कुमारी
वापी	बौली, जलाशय	**तरुणी**	तरुणी
वारुणी	शराब	**किन्नरी**	किन्नर-स्त्री
ब्राह्मणी	ब्राह्मणी	**नागी**	नागिन
सखी	सहेली	**देवी**	देवी
गन्धब्बी	गन्धर्व-स्त्री	**यक्खी**	यक्षिणी
अजी	बकरी	**मिगी**	मृगी
वानरी	बन्दरी	**सूकरी**	सूअरी
सीही	सिंहनी	**हंसी**	हंसिनी
कुक्कुटी	मुर्गी	**भगिनी**	बहिन
कदली	केला	**घटी**	गगरी
दासी	दासी	**गावी**	गाय
काकी	कौवी	**राजिणी**	रानी

'**स्वादि गण**' के इन धातुओं के रूप नीचे लिखे प्रकार से होंगे :—

धातु	**अर्थ**	**पठम पुरिस में प्रयोग**
सु	सुनना	सुणोति, सुणोन्ति
खी	क्षय होना	खिणोति, खिणोन्ति
वु	ढँकना	वुणोति, वुणोन्ति
गि	शब्द करना	गिणोति, गिणोन्ति
सक	सकना	सक्णोति, सक्णोन्ति
,,	,,	सक्कुणोति, सक्कुणोन्ति
प + आप	प्राप्त करना	पापुणोति, पापुणोन्ति

छट्ठी	**नदिया, नज्जा**	**नदीनं**
सत्तमी	**नदिया, नज्जा, नज्जं**	**नदीसु**
आलपन	**नदि**	**नदी, नदियो, नज्जायो, नज्जो**

निपात

जिन शब्दों के रूप लिंग, विभक्ति और वचन के कारण परिवर्तित नहीं होते, उन्हें **अव्यय** कहते हैं। अव्यय पालि में पाँच प्रकार[१] के होते हैं। उनमें एक 'निपात' होता है। नीचे कुछ **निपात**[२] शब्द दिए जाते हैं :—

निपात	अर्थ	निपात	अर्थ
इत्थं	ऐसा	यस्मा	जिस कारणसे
एवं	ऐसा	वत	निश्चय से
कथं	कैसा	एकक्खत्तुं	एक बार
इति	इति = ऐसा	एकधा	एक प्रकार से
इव	तरह	एव	ही
सद्धिं	साथ	वा	या
तस्मा	इसलिए	न	नहीं
मा	मत	खिप्पं	शीघ्र
सनिकं	धीरे-धीरे	च	और
खलु	निश्चय से	विय	भाँति
अत्र	यहाँ	अद्धा	निश्चय से
अधुना	इस समय	अलं	बस
आम	हाँ	इध	यहाँ
इदानि	इस समय	तदा	तब
सदा	हमेशा	अज्ज	आज
सुवे	आगामी कल	हीयो	बीता हुआ कल
यदा	जब	कदा	कब
एकदा	एक बार	सब्बदा	हमेशा

१. देखिये, तीसवाँ पाठ।

२. निपात शब्दों के लिए देखिये, बीसवाँ पाठ भी।

पच्छा	पीछे	पुरा	पहले
सायं	शाम	पातो	प्रातः
परसुवे	आगामी परसों	परहीयो	बीता हुआ परसों
इह	यहाँ	उद्धं	ऊपर
उपरि	ऊपर	एतरहि	अब
एत्तावता	अब तक	एत्थ	यहाँ
अपि	भी	कच्चि	क्या
कदाचि	शायद	कहं	कहाँ
किं	क्या	कुहिं	कहाँ
कुत्र	कहाँ	तत्थ	वहाँ
तत्र	वहाँ	तथेव	वैसे ही
बहिद्धा	बाहर	मा	मत
यत्र	जहाँ	यथा	जैसे
याव	जब तक	सकिं	एक बार
सह	साथ	साधु	ठीक
सेय्यथापि	जैसे	हेट्ठा	नीचे

अभ्यास

हिन्दी में अनुवाद कीजिए—

१. इत्थी कथं सुणोति ? २. नदी एवं सन्दति। ३. मही सनिकं खीयति। ४. वेतरणी मनुस्से पीलेति। ५. वापियं इत्थियो नहायन्ति। ६. पाटलिरुक्खे फलानि सन्ति। ७. नारियो गेहे एव सदा वसन्ति। ८. कुमारी पोत्थकं पठति। ९. तरुणिया सद्धिं दारका गच्छन्ति। १०. उम्मत्तका जना वारुणिं पिवन्ति। ११. एकक्खत्तुं ब्राह्मणी वाराणसिं गच्छति। १२. अज्ज सखी धनं पापुणोति। १३. तुम्हे मा कुप्पथ। १४. वाणिजा वसुं खिप्पं वुणोन्ति। १५. गन्धब्बी पब्बते गीतं गायति। १६. अजी रुक्खानं पल्लवे खिणोति। १७. वानरी मनुस्से विय कीलति। १८.

सीहियो अटवीसु वसन्ति । १९. भगिनी दारके पोसेति । २०. त्वं कुहिं गच्छसि ? २१. अहं नगरं गच्छामि । २२. त्वं कुतो आगच्छसि ? २३. अहं वाराणसिया आगच्छामि । २४. घटी खलु दारकेन भिन्ना । २५. आम, तेन दारकेन एव भिन्ना ।

पालि में अनुवाद कीजिएः—

१. स्त्री मार्ग में जाती है । २. स्त्रियाँ घर में रह कर धन की रक्षा करती हैं । ३. नदी हिमालय से आती है । ४. रानी भोजन करके आसन पर सोती है । ५. मैं घर जाता हूँ । ६. पृथ्वी धन उत्पन्न करती है । ७. हे रानी ! यहाँ आओ । ८. बन्दरी पेड़ों पर फलों को खाती है । ९. राजा रानी को प्यार करता है (= पियायति) । १०. बौली में पानी कम (= थोकं) है । ११. बैल शब्द करते हैं । १२. कौवी भात खाती है । १३. आदमी केला काटते हैं । १४. दासी काम करती है । १५. वह धीरे-धीरे चलता है (= गच्छति) । १६. चूँकि मैं खाता हूँ, इसलिए इस समय बैठा हूँ । १७. हाँ, मैं नगर जाता हूँ । १८. तब वह अवश्य सुनता है । १९. तेरे साथ मैं गीत गाता हूँ । २०. सेय्यथापि वानरी सद्दं करोति, तथेव त्वं अपि सद्दं करोसि । २१. किं इच्छसि ? २२. अहं धनं न इच्छामि । २३. त्वं कुहिं वससि ? २४. अहं कुसिनारायं वसामि । २५. को नामोसि ? २६. अहं अजयकुमारो नाम ।

बारहवाँ पाठ

उकारान्त पुल्लिङ्ग शब्द

भिक्खु (=भिक्षु)

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	भिक्खु	भिक्खू, भिक्खवो
दुतिया	भिक्खुं	भिक्खू, भिक्खवो
ततिया	भिक्खुना	भिक्खूहि, भिक्खूभि
चतुत्थी	भिक्खुनो, भिक्खुस्स	भिक्खूनं
पञ्चमी	भिक्खुना, भिक्खुस्मा, भिक्खुम्हा	भिक्खूहि, भिक्खूभि
छट्ठी	भिक्खुनो, भिक्खुस्स	भिक्खूनं
सत्तमी	भिक्खुस्मिं, भिक्खुम्हि	भिक्खुसु, भिक्खूसु
आलपन	भिक्खु	भिक्खू, भिक्खवे, भिक्खवो

इन शब्दों के भी रूप 'भिक्खु' शब्द के ही समान होंगे :—

शब्द	अर्थ	शब्द	अर्थ
सेतु	पुल	केतु	पताका
भानु	सूर्य	राहु	राहु
उच्छु	ईख	वेलु	बाँस
मच्चु	मृत्यु	सिन्धु	समुद्र
मधु	मधु	मेरु	सुमेरु पर्वत
सत्तु	शत्रु	कारु	विश्वकर्मा
हेतु	कारण	जन्तु	जानवर

पटु	चतुर	बन्धु	भाई
संकु	कील	फरसु	कुल्हाड़ी
रेणु	पराग	गरु	गुरु
बाहु	हाथ		

'ज्यादि गण' के इन धातुओं के रूप नीचे लिखे प्रकार से होंगे :–

धातु	अर्थ	पठम पुरिस में प्रयोग
अस	खाना	अस्नाति, अस्नन्ति
चि	चुनना	चिनाति, चिनन्ति
ञा	जानना	जानाति, जानन्ति
थु	प्रशंसा करना	थुनाति, थुनन्ति
धू	धुनना	धुनाति, धुनन्ति
पू	पवित्र करना	पुनाति, पुनन्ति
लू	काटना	लुनाति, लुनन्ति
सि	सीना	सिनाति, सिनन्ति

कुछ आवश्यक पुल्लिङ्ग शब्द

शब्द	अर्थ	शब्द	अर्थ
अस्स	घोड़ा	आवाट	गड्ढा
अज	बकरा	कुञ्जर	हाथी
मिग	हिरण	गन्थ	ग्रन्थ
उरग	साँप	जनक	पिता
कस्सक	किसान	तच्छक	बढ़ई
गद्रभ	गधा	तापस	तपस्वी
भमर	भौंरा	कुक्कुट	मुर्गा
मार	कामदेव	वम्मिक	वल्मीक
विहार	मठ	चोर	चोर
पदीप	दीपक	आहार	भोजन

वेज्ज	वैद्य	सिगाल	गीदड़
सूद	भण्डारी	मग्ग	मार्ग
लेखक	लेखक	मञ्च	चारपाई

अभ्यास

हिन्दी में अनुवाद कीजिए :—

(क)

१. भिक्खु अस्सं पस्सति। २. सेतुम्हा अजो वारिं पिवति। ३. भिक्खवो विहारे भत्तं अस्नन्ति। ४. भानु नभे रोचति। ५. दारका उच्छुं खादन्ति। ६. भिक्खुनो मच्चु दिस्सति। ७. केतु गेहे अत्थि। ८. राहुस्स पुत्तो सीसं धुनाति। ९. वेलूहि सत्तु हिंसति। १०. सिगाला मधुं अस्नन्ति। ११. बन्धु नरपतिं थुनाति। १२. फरसुना दारका रुक्खं छिन्दन्ति। १३. संकुना खेत्तं खनन्ति। १४. रेणुम्हि रजं नत्थि। १५. गरुनो भरिया वत्थं सिनाति।

(ख)

१. अहं भमरं जानामि। २. त्वं मधुं पिवसि। ३. वेज्जो मग्गा वेलुं चिनाति। ४. बाहुना सो गजं पहरति। ५. माता भत्तं भुञ्जति। ६. रेणुम्हा भमरो गन्धं गण्हति। ७. सत्तु भानुं पस्सति। ८. भूपालो गेहं गच्छति। ९. सो गेहे कन्दति। १०. ते दारकं थुनन्ति। ११. तुम्हे हेतुं इच्छथ। १२. मयं वत्थं सिनाम। १३. सूदो भत्तं भुञ्जति। १४. मयं संकूहि कूपं खनाम। १५. तुम्हे राहुं पस्सथ। १६. उच्छुं जना खादन्ति

पालि में अनुवाद कीजिए

१. भिक्षु पुल पर जाता है। २. सूरज चमकता है। ३. ऊख को लड़के खाते हैं। ४. मृत्यु आ रही है। ५. केतु दिखाई नहीं देता। ६. बाँस को आदमी काटता है। ७. समुद्र में नौका (=नावा) जाती है। ८. मधु मीठा (= मधुरं) होता है। ९. शत्रु वस्त्र सीता है। १०. लोग भात खाते हैं।

११. हेतु से संसार होता है। १२. चतुर लोग तुमको जानते हैं। १३. कीलों से पर्वत खोदते हैं। १४. पराग को लड़के धुन रहे हैं। १५. मैं हाथ से कीलों को चुनता हूँ। १६. सुमेरु पर्वत पर देवता रहते हैं। १७. विश्वकर्मा रथ को पवित्र करता है। १८. विश्वकर्मा तुम्हारी प्रशंसा करता है। १९. जानवर घर में रहते हैं। २०. भाई भात खाता है। २१. कुल्हाड़ी से पेड़ को काटते हैं। २२. गुरु लड़कों की प्रशंसा करता है। २३. तुम बैठो (=निसीदाहि)। २४. मैं कीलों को चुनता हूँ। २५. भौंरे मधु पीते हैं। २६. लड़के ग्रन्थ पढ़ते हैं। २७. सब लोग मधु पीते हैं। २८. मैं भाई के घर जाता हूँ। २९. वह मेरे घर आता है। ३०. आज मैं घर जा रहा हूँ।

तेरहवाँ पाठ

उकारान्त नपुंसकलिङ्ग शब्द

आयु

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	**आयु**	**आयूनि, आयू**
दुतिया	**आयुं**	**आयूनि, आयू**
आलपन	**आयु**	**आयूनि, आयू**

शेष रूप '**भिक्खु**' शब्द के समान होंगे।

इन शब्दों के रूप भी '**आयु**' शब्द के ही समान होंगेः—

शब्द	अर्थ	शब्द	अर्थ
चक्खु	आँख	**तिपु**	राँगा
वसु	धन	**मधु**	मधु
धनु	धनुष	**वत्थु**	वस्तु
दारु	लकड़ी	**जतु**	लाह
अम्बु	पानी	**अस्सु**	आँसू
जानु	घुटना	**सिग्गु**	सहजन
हिंगु	हींग	**वपु**	शरीर

'**क्यादि गण**' के इन धातुओं के रूप नीचे लिखे प्रकार से होंगेः—

धातु	अर्थ	पठम पुरिस में प्रयोग
की	खरीदना	किणाति, किणन्ति
वि+की	बेचना	विक्किणाति, विक्किणन्ति

गि	शब्द करना	गिणाति, गिणन्ति
वु	ढँकना	वुणाति, वुणन्ति
सक	सकना	सक्णाति, सक्णन्ति
सु	सुनना	सुणाति, सुणन्ति

अभ्यास

हिन्दी में अनुवाद कीजिए:—

(क)

१. चक्खु वुणाति। २. वसुं रक्खति। ३. आयुं पस्सति। ४. धनुना मिगं हिंसति। ५. दारूनि छिन्दति। ६. अम्बूनि गण्हन्ति। ७. जानुम्हि रुजति। ८. हिंगुं भुञ्जन्ति। ९. तिपुना पहरति। १०. मधुं किणाति। ११. वत्थूनि विक्किणन्ति। १२. जतु गिणाति। १३. अस्सूनि पतन्ति। १४. सिग्गु पुप्फति। १५. वपुं पुनाति।

(ख)

१. अहं चक्खुना रूपं पस्सामि। २. त्वं वसुं भुञ्जसि। ३. सो गेहे सद्दं सुणाति। ४. दारको वत्थं सिब्बति। ५. सो पुरिसो सीसं वुणाति। ६. ते गेहं विक्किणन्ति। ७. ते दारकानं सद्दं सुणन्ति। ८. जना गजे किणन्ति। ९. हेममाला गीतं सुणाति। १०. कुमारो अत्तनो पोत्थकं विक्किणाति। ११. मयं भमरे पस्साम। १२. अज्ज मेघा दिस्सन्ति। १३. अहं भत्तं न भुञ्जामि। १४. त्वं कस्मा कन्दसि? १५. सो पोत्थकं किणाति।

पालि में अनुवाद कीजिए :—

१. आँख दुखती है २. धन ढँकता है। ३. कुत्ता लकड़ी पकड़ता है। ४. घोड़ा सुनता है। ५. धनुष से मृग को मारता है। ६. लकड़ियों को बेचता है। ७. पानी में जानवर रहते हैं। ८. घुटने में दर्द है। ९. हींग

को वस्त्र से ढँकता है। १०. राँगा चमकता है। ११. मधु को लड़के पसन्द करते हैं। १२. वस्तुओं को हम देखते हैं। १३. लाह घर में विद्यमान है। १४. आँसू गिरता है। १५. सज्जन मार्ग में मौजूद है। १६. शरीर शुद्ध होता है। १७. वह शब्द करता है। १८. मैं रोता हूँ। १९. तुम जाते हो। २०. वह प्रकाश करता है। २१. घर में धन है। २२. पेड़ सूख रहा है। २३. जाँघ दर्द करती है। २४. वस्त्र नष्ट होता है। २५. पेड़ टूटता है।

चौदहवाँ पाठ

क्रिया, अनागत काल

'पठ' धातु

	एकवचन	बहुवचन
पठम पुरिस	**पठिस्सति**	**पठिस्सन्ति**
मज्झिम पुरिस	**पठिस्ससि**	**पठिस्सथ**
उत्तम पुरिस	**पठिस्सामि**	**पठिस्साम**

अर्थ

पठिस्सति = पढ़ेगा ।
पठिस्सन्ति = पढ़ेंगे ।
पठिस्ससि = पढ़ोगे ।
पठिस्सथ = पढ़ोगे ।
पठिस्सामि = पढ़ूँगा ।
पठिस्साम = पढ़ेंगे ।

इसी प्रकार अन्य धातुओं के भी रूप अनागत काल में होंगे । यहाँ कुछ उदाहरण दिये जाते हैं :—

धातु	अर्थ	पठम पुरिसमें प्रयोग
चर	विचरेगा	चरिस्सति
भू	होगा	भविस्सति
कति	काटेगा	कन्तिस्सति
कम्प	काँपेगा	कम्पिस्सति
कर	करेगा	करिस्सति
कील	खेलेगा	कीलिस्सति
गम	जायेगा	गमिस्सति
,,	,,	गच्छिस्सति

खनु	खोदेगा	खनिस्सति
गह	ग्रहण करेगा	गण्हिस्सति
खाद	खायेगा	खादिस्सति
हिंस	हिंसा करेगा	हिंसिस्सति
सु	सुनेगा	सुणिस्सति
सि	सोयेगा	सयिस्सति
चल	चंचल होगा	चलिस्सति
चुण्ण	पीसेगा	चुण्णेस्सति
चुर	चुरायेगा	चोरेस्सति
छिंदि	तोड़ेगा	छिन्दिस्सति
वस	रहेगा	वसिस्सति
लिख	लिखेगा	लिखिस्सति
भुज	भोजन करेगा	भुञ्जिस्सति
जल	जलेगा	जलिस्सति
जि	जीतेगा	जिनिस्सति
तच्छ	छीलेगा	तच्छिस्सति
तर	पार करेगा	तरिस्सति
दा	देगा	दस्सति
पुस	पालेगा	पोसेस्सति
पा	पीयेगा	पिविस्सति
दिस	देखेगा	पस्सिस्सति
पत	गिरेगा	पतिस्सति
दंस	डँसेगा	डसिस्सति

पूर्वकालिक क्रिया

धातु के पीछे **त्वा, त्वान** तथा **तून** प्रत्यय लगाकर पूर्वकालिक क्रिया बनाई जाती है, किन्तु 'त्वा' प्रत्यय का ही प्रयोग अधिक होता है। 'त्वान'

और 'तून' प्रत्ययों के प्रयोग विरल होते हैं। 'त्वा' का अर्थ है 'कर' या 'करके'। पूर्वकालिक क्रिया के कुछ उदाहरण यहाँ दिये जाते हैं:—

धातु	पूर्वकालिक क्रिया	अर्थ
कर	कत्वा	करके
सु	सुत्वा	सुनकर
दिस	पस्सित्वा	देखकर
पा	पिवित्वा	पीकर
सि	सयित्वा	सोकर
लज्ज	लज्जित्वा	लज्जा करके
रक्ख	रक्खित्वा	रक्षा करके
भुज	भुञ्जित्वा	भोजन करके
मर	मरित्वा	मर करके
युज	योजेत्वा	नियुक्त करके
दिस	दिस्वा	देखकर
पत	पतित्वा	गिरकर
पच	पचित्वा	पकाकर
दंस	डसित्वा	डँसकर
तर	तरित्वा	पारकर
ठा	ठत्वा	खड़ा होकर
जी	जेत्वा	जीतकर
इसु	इच्छित्वा	इच्छाकर
कुट्ट	कोट्टेत्वा	कूटकर
कील	कीलित्वा	खेलकर
गम	गन्त्वा	जाकर
गह	गहेत्वा	लेकर
चल	चलित्वा	चंचल होकर
चिन्त	चिन्तेत्वा	सोचकर

छिदि	छिन्दित्वा	काटकर
जन	जनेत्वा	पैदाकर
जागर	जागरित्वा	जागकर

धातु के साथ समास होने पर, उसके पीछे 'त्वा' प्रत्यय का विकल्प से **'य'** आदेश हो जाता है—

त्वा	य	अर्थ
अभिभवित्वा	**अभिभूय**	तिरस्कार करके
अभिवन्दित्वा	**अभिवन्दिय**	अभिवादन करके

उपसर्गपूर्वक धातु के पीछे आने वाले 'त्वा' प्रत्यय का **'य'** आदेश हो जाता है:—

उपसर्ग	धातु	रूप	अर्थ
आ	दा	**आदाय**	लेकर
प	हा	**पहाय**	छोड़कर
वि	धा	**विधाय**	करके

धातु के साथ समास होने पर 'त्वा' का विकल्प से **तुं, यान, अच्च** तथा **वान** आदेश हो जाता है—

अभिहरित्वा, अभिहट्टुं = लाकर
अनुमोदित्वा, अनुमोदियान = अनुमोदन करके
आहनित्वा, आहच्च = आघात करके
सक्करित्वा, सक्कच्च = सत्कार करके
अधिकरित्वा, अधिकिच्च = अधिकार करके
अधियित्वा, अधिच्च = पढ़कर
समेत्वा, समेच्च = मिलकर
पस्सित्वा, दिस्वान, दिस्वा = देखकर

कुछ और भिन्न पूर्वकालिक क्रिया

आगम्म	= आकर	**ओरुह्य**	= उतरकर	**लद्धा**	= पाकर
निक्खम्म	= निकलकर	**आरुह्य**	= चढ़कर	**लद्धान**	= पाकर
				कातून	= करके

अभ्यास

हिन्दी में अनुवाद कीजिए:—

१. दारको गेहे चरिस्सति । २. सो भूपालो भविस्सति । ३. ते रुक्खे कन्तिस्सन्ति । ४. उसभो भयेन कम्पिस्सति । ५. अहं कम्मं न करिस्सामि । ६. त्वं अज्ज गेहं गमिस्ससि । ७. सुनखा उय्याने कीलिस्सन्ति । ८. अस्सो उरगं वधिस्सति । ९. नरा गामे कूपं खनिस्सन्ति । १०. भरिया पुत्तं गण्हिस्सति । ११. गजो पण्णं भुञ्जिस्सति । १२. ते उच्छवो खादिस्सन्ति । १३. सो मिगं न हिंसिस्सति । १४. अहं धम्मं सुणिस्सामि । १५. सो मग्गे सयिस्सति । १६. अहं कम्मं कत्वा मञ्चे सयिस्सामि । १७. धम्मं सुत्वा भिक्खुनो चित्तं न चलिस्सति । १८. आचरियो थूपं पस्सित्वा सक्खरं चुण्णेस्सति । १९. कस्सको जलं पिवित्वा भित्तिं छिन्दिस्सति । २०. सो लज्जित्वा गामे वसिस्सति । २१. वाणिजा समुद्दं तरित्वा पुत्ते पोसेस्सन्ति । २२. सो बोधिरुक्खं अभिवन्दिय जम्बुदीपं गमिस्सति । २३. सिस्सो पोत्थकं आदाय गेहं गमिस्सति । २४. सो गन्थं अधिच्च पण्डितो भविस्सति । २५. कुमारो धम्मं अनुमोदित्वा सग्गं लोकं गमिस्सति ।

पालि में अनुवाद कीजिए :—

१. मैं पुस्तक पढ़ूँगा । २. आचार्य पढ़कर खेलेंग । ३. लड़का रोकर खायेगा । ४. स्त्री सोकर जायेगी । ५. गाँव में पेड़ काटकर तोड़ेंगे । ६. आदमी धर्मोपदेश सुनकर काँपेंगे । ७. ब्राह्मण घर जाकर बैठेगा । ८. हाथी कूँए में गिरकर मरेगा । ९. विहार गिरकर नष्ट हो जायेगा । १०. भिक्षु दान देकर स्वर्ग जायेगा । ११. बुद्ध धर्मोपदेश देंगे । १२. वह पानी

पीकर पुस्तक लिखेगा। १३. मैं राजा को जीतूँगा। १४. बढ़ई पेड़ को छीलेगा। १५. ग्वाला (=गोपो) पहाड़ से भूमि पर गिरेगा। १६. साँप डँसकर मर जायेगा। १७. वह मुख को देखकर रोयेगा। १८. मैं पुत्र को पालूँगा। १९. धन को देखकर मन चंचल होगा। २०. वह पाप नहीं करेगा। २१. मैं बुद्ध की शरण जाऊँगा। २२. वह व्यापार (=वणिज्जं) करेगा। २३. भिक्षु शील की रक्षा कर ध्यान (=झानं) करेगा। २४. वह निर्वाण (=निब्बानं) पायेगा। २५. वह इस लोक को (=इमं लोकं) फिर नहीं आयेगा।

पन्द्रहवाँ पाठ

उकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्द

धेनु (=गाय)

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	**धेनु**	**धेनू, धेनुयो**
दुतिया	**धेनुं**	**धेनू, धेनुयो**
ततिया	**धेनुया**	**धेनूहि, धेनूभि**
चतुत्थी	**धेनुया**	**धेनूनं**
पञ्चमी	**धेनुया**	**धेनूहि, धेनूभि**
छट्ठी	**धेनुया**	**धेनूनं**
सत्तमी	**धेनुयं, धेनुया**	**धेनूसु**
आलपन	**धेनु**	**धेनू, धेनुयो**

इन शब्दों के रूप भी 'धेनु' शब्द के ही समान होंगे :—

शब्द	अर्थ	शब्द	अर्थ
धातु	धातु	**यागु**	यवागु
कासु	गड्ढा	**दद्दु**	दाद
कच्छु	खाज	**रज्जु**	रस्सी
कण्डु	खुजलाहट	**कणेरु**	हथिनी
विज्जु	बिजली	**सस्सु**	सास

उकारान्त **'मातु'** शब्द के रूप 'धेनु' शब्द से भिन्न होते हैं:—

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	**माता**	**मातरो**
दुतिया	**मातरं**	**मातरे, मातरो**
ततिया	**मातुया, मातरा**	**मातरेहि, मातरेभि, मातूहि, मातूभि**
चतुत्थी	**मातु, मातुया**	**मातरानं, मातानं, मातूनं**
पञ्चमी	**मातुया, मातरा**	**मातरेहि, मातरेभि, मातूहि, मातूभि**
छट्ठी	**मातु, मातुया**	**मातरानं, मातानं, मातूनं**
सत्तमी	**मातुया, मातरि**	**मातरेसु, मातुसु**
आलपन	**मात, माता**	**मातरो**

अभ्यास

हिन्दी में अनुवाद कीजिए:—

१. धेनुया सद्धिं अहं गामं गमिस्सामि। २. वच्छतरो धेनुया खीरं पिवति। ३. धातुयं कालवण्णो विज्जति। ४. आकासे विज्जु दिस्सति। ५. मातरं निच्चं पूजेति। ६. कासुयं अजायो पतन्ति। ७. गद्रभा यागुं पिवन्ति। ८. सुसाने मतमनुस्सं झापेन्ति। ९. सस्सु बन्धुं ताळेति। १०. कणेरुया सद्धिं वनं गमिस्सति ११. सुवे भिक्खु रज्जुं गण्हिस्सति। १२. कच्छु रुजति। १३. पदुमपुप्फानि वापियं कम्पन्ति। १४. दद्दुरोगो सुवे वड्ढिस्सति। १५. परसुवे अहं गण्डं (=फोड़े को) कण्डूयिस्सामि।

पालि में अनुवाद कीजिए:—

१. गाय घास खाती है। २. उसे मीठे तृण अच्छे लगते हैं। ३. धातुओं में सोना उत्तम होता है। ४. गड्ढे में कुत्ता गिर कर मरता है।

५. लड़की यवागु पकाती है। ६. कमल का फूल सफेद(= सेतं) होता है। ७. रस्सी को लेकर वन में जाऊँगा। ८. जंगल से आकर ब्राह्मण खाना खाता है। ९. हथिनी दौड़कर गंगा में जायेगी। १०. खुजलाहट इस समय बढ़ती है। ११. दाद से खून(= रुधिरं) निकल रहा है। १२. आकाश में बिजली चमक रही है। १३. सास बहू को सताती है (= पीलेति)। १४. बुद्ध माता का सत्कार करते हैं। १५. भिक्षु लोग गाय का दूध (= खीरं) पीते हैं।

सोलहवाँ पाठ

उकारान्त पुल्लिङ्ग शब्द

पितु (=पिता)

सत्थु, पितु आदि कुछ उकारान्त शब्दों के रूप 'भिक्खु' शब्द के रूप से भिन्न होते हैं :—

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	**पिता**	**पितरो**
दुतिया	**पितरं**	**पितरे, पितरो**
ततिया	**पितरा**	**पितरेहि, पितरेभि, पितूहि, पितूभि**
चतुत्थी	**पितु, पितुनो, पितुस्स**	**पितरानं, पितानं, पितूनं**
पञ्चमी	**पितरा**	**पितरेहि, पितरेभि, पितूहि, पितूभि**
छट्ठी	**पितु, पितुनो, पितुस्स**	**पितरानं, पितानं, पितूनं**
सत्तमी	**पितरि**	**पितरेसु, पितुसु, पितूसु**
आलपन	**पित, पिता**	**पितरो**

सत्थु (=शास्ता, भगवान् बुद्ध)

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	**सत्था**	**सत्थारो**
दुतिया	**सत्थारं**	**सत्थारे, सत्थारो**
ततिया	**सत्थारा**	**सत्थारेहि, सत्थारेभि, सत्थूहि, सत्थूभि**
चतुत्थी	**सत्थु, सत्थुनो, सत्थुस्स**	**सत्थारानं, सत्थानं**
पञ्चमी	**सत्थारा**	**सत्थारेहि, सत्थारेभि, सत्थूहि, सत्थूभि**
छट्ठी	**सत्थु, सत्थुनो, सत्थुस्स**	**सत्थारानं, सत्थानं**

सत्तमी	सत्थरि	सत्थारेसु
आलपन	सत्थ, सत्था	सत्थारो

इन शब्दों के रूप 'सत्थु' शब्द के समान होंगे:—

शब्द	अर्थ	शब्द	अर्थ
कत्तु	कर्त्ता	नत्तु	नाती
गन्तु	जाने वाला	नेतु	नेता
जेतु	जीतने वाला	भत्तु	रक्षा करने वाला
ञातु	ज्ञाता	विञ्ञापेता	सूचित करने वाल
विनेतु	विनय सिखानेवाला	सोतु	सुनने वाला
वत्तु	वक्ता	महामन्धातु	एक राजा का नाम

क्रिया

अतीतकाल, परिसमाप्त्यर्थक भूत

'पठ' धातु

	एकवचन	बहुवचन
पठम पुरिस	अपठी, पठी	अपठिंसु, पठिसुं
	अपठि, पठि	अपठुं, पठुं
मज्झिम पुरिस	अपठो, पठो	अपठित्थ, पठित्थ
उत्तम पुरिस	अपठिं, पठिं	अपठिम्ह, पठिम्ह, अपठिम्हा, पठिम्हा

अर्थ

	एकवचन	बहुवचन
पठम पुरिस	पढ़ा	पढ़े
मज्झिम पुरिस	पढ़ा	पढ़े
उत्तम पुरिस	पढ़ा	पढ़े

सभी धातुओं के रूप परिसमाप्त्यर्थक अतीतकाल में उक्त प्रकार से ही होंगे। यहाँ कुछ उदाहरण दिए जाते हैं :—

धातु	अर्थ	पठम पुरिस एकवचन में प्रयोग
गम	गया	अगमासि
भू	हुआ	अभवी
चुर	चुराया	अचोरयि
ठा	खड़ा रहा	अट्ठासि
वस	रहा	वसि
रुदि	रोया	रोदि
लभ	पाया	लभि
दा	दिया	अदासि
वद	कहा	अवदि
हु	हुआ	अहोसि
उ + पद	उत्पन्न हुआ	उप्पज्जि
अव + लोक	देखा	ओलोकेसि
कर	किया	अकरि
नि + वतु	रुका	निवत्ति
प + विस	गया	पाविसि

अभ्यास

हिन्दी में अनुवाद कीजिए :—

१. पिता पोत्थकं अपठि। २. सत्था गामं भिक्खाय अगमासि। ३. सत्थरि परिनिब्बुते सक्को गाथं अभासि। ४. कत्ता कम्मं अकरि। ५. दारका गामेसु विचरिंसु। ६. जेता धनं आदाय नगरं अगमि। ७. वत्ता धम्मं देसेत्वा गामं अगमासि। ८. सोतारो कदापि धम्मं न सुणिंसु। ९. दारको विहारं गन्त्वा निवत्ति। १०. भिक्खु भिक्खं गहेत्वा वनं पाविसि। ११. सत्था भिक्खाय गामे चरित्वा भिक्खुं ओलोकेसि। १२.

सो पापकम्मं अकरि। १३. सा इत्थी मग्गे अट्ठासि। १४. अहं वनं गन्त्वा वसिं। १५. भूपाला जनेहि धनं लभिंसु।

पालि में अनुवाद कीजिए :—

१. शास्ता ने एक भिक्षु को देखा। २. कुत्ता भात खाया। ३. लड़कों ने पुस्तकें पढ़ीं। ४. तुम लोगों ने सूरज को देखा। ५. पिता पुत्र को देखकर मार्ग में खड़ा हुआ। ६. कुत्ता घर में था (= अहोसि)। ७. मणि को लड़के ने चुराया। ८. स्त्री ने पति को मार कर रोया। ९. उसने एक पुत्ररत्न (= पुत्तरतनं) पाया। १०. नारदो देवलं एवं अवदि। ११. त्वं पठमं सालं अगमासि। १२. वाणिजस्स गेहे दारिका उप्पज्जि। १३. सो अरञ्ञं गन्त्वा तत्थेव वसि। १४. अज्ज अहं इधेव अहोसिं। १५. मयं तिपिटकं पठिम्ह।

सत्रहवाँ पाठ

सर्वनाम शब्द

'अम्ह' (=मैं)

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	अहं	मयं, अस्मा, अम्हे, नो
दुतिया	मं, ममं	अम्हं, अम्हाकं, अम्हे, नो
ततिया	मया, मे	अम्हेहि, अम्हेभि, नो
चतुत्थी	मम, मय्हं, अम्हं, ममं, मे	अस्माकं, अम्हाकं, अम्हं, अम्हे, नो
पञ्चमी	मया	अम्हेहि, अम्हेभि
छट्ठी	मम, मय्हं, अम्हं, ममं, मे	अस्माकं, अम्हाकं, अम्हं, अम्हे, नो
सत्तमी	मयि	अस्मासु, अम्हेसु

तुम्ह (=तू)

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	त्वं, तुवं	तुम्हे, वो
दुतिया	तं, तवं, तुवं, त्वं	तुम्हं, तुम्हाकं, तुम्हे, वो
ततिया	त्वया, तया, ते	तुम्हेहि, तुम्हेभि, वो
चतुत्थी	तव, तुय्हं, तुम्हं, ते	तुम्हाकं, तुम्हे, वो
पञ्चमी	त्वया, तया, त्वम्हा	तुम्हेहि, तुम्हेभि
छट्ठी	तव, तुय्हं, तुम्हं, ते	तुम्हाकं, तुम्हे, वो
सत्तमी	त्वयि, तयि	तुम्हेसु

'अम्ह' तथा 'तुम्ह' सर्वनाम के रूप तीनों लिंगों में समान होते हैं। सर्वनाम में आलपन नहीं होता है।

क्रिया

अनुज्ञा

प्रश्न, प्रार्थना, अनुरोध, निमन्त्रण, आज्ञा, जिज्ञासा आदि के अर्थ में अनुज्ञा होती है। इसके रूप नीचे लिखे प्रकार से होते हैं—

	एकवचन	बहुवचन
पठम पुरिस	**पठतु**	**पठन्तु**
मज्झिम पुरिस	**पठ, पठाहि**	**पठथ**
उत्तम पुरिस	**पठामि**	**पठाम**

अर्थ

पठम पुरिस	**पढ़े**	**पढ़ें**
मज्झिम पुरिस	**पढ़ो**	**पढ़ो**
उत्तम पुरिस	**पढ़ूँ**	**पढ़ें**

अनुज्ञा के कुछ उदाहरण नीचे दिये जाते हैं—

धातु	अर्थ	पठम पुरिस एकवचन में प्रयोग
कर	करे	करोतु
इसु	इच्छा करे	इच्छतु
कुप	क्रोध करे	कुप्पतु
हिंस	हिंसा करे	हिंसतु
सि	सोये	सयतु
लभ	पाये	लभतु
रक्ख	रक्षा करे	रक्खतु
दिस	देखे	पस्सतु
पत	गिरे	पततु
खाद	खाये	खादतु
गम	जाये	गच्छतु
गह	ग्रहण करे	गण्हातु

छिदि	काटे	छिन्दतु
जीव	जीये	जीवतु
तर	पार करे	तरतु
ठा	खड़ा रहे	तिट्ठतु
दा	दे	ददातु
नम	नमस्कार करे	नमतु
दिस	उपदेश दे	देसेतु

अभ्यास

हिन्दी में अनुवाद कीजिए :—

१. अहं गेहं गच्छामि । २. त्वं विज्जालयं गच्छ । ३. अम्हाकं घोतरो पोत्थकं पठन्तु । ४. वाणिजो वणिज्जं कत्वा नगरं गच्छतु । ५. त्वयि गते कुमारो गेहं अगमासि । ६. भूपालो राजिणिं रक्खतु । ७. सो आकासे सुरियं पस्सतु । ८. अम्हाकं पिता धनं ददातु । ९. सत्था जनस्स धम्मं देसेतु । १०. चोरा गामं मा विलोपेन्तु । ११. दारका मग्गे तिट्ठन्तु । १२. सो सतं संवच्छरं जीवतु । १३. त्वं पब्बतम्हा मा पताहि । १४. दारको याव सुरियुग्गमना सयतु । १५. ते पठविया धनं लभन्तु ।

पालि में अनुवाद कीजिए—

१. मेरे पास (=सन्तिके) खड़ा हो । २. वह मत रोये । ३. लड़का स्कूल जाये । ४. भगवान् (=भगवा) धर्म का उपदेश दें । ५. कुसीनारा में एक राजा रहता था । ६. वह राजा यहाँ रुके । ७. तेरी स्त्री कब मरी ? ८. हम नगर जाँयें । ९. अब आदमी बाजार (=आपणं) जाँयें । १०. कुत्ता नदी को पार करे । ११. दास घर में भात पकाये । १२. तू और महानाम यहीं (=इधेव) बैठ कर खाओ । १३. कब पिता तुम्हारे लिए घोड़ा लेगा ? १४. मैं नहीं रुकूँगा । १५. वही यहाँ रुके ।

अठारहवाँ पाठ

ऊकारान्त पुल्लिङ्ग शब्द

सब्बञ्ञू (= सर्वज्ञ)

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	सब्बञ्ञू	सब्बञ्ञू, सब्बञ्ञुनो
दुतिया	सब्बञ्ञुं	सब्बञ्ञू, सब्बञ्ञुनो
ततिया	सब्बञ्ञुना	सब्बञ्ञूहि, सब्बञ्ञूभि
चतुत्थी	सब्बञ्ञुनो, सब्बञ्ञुस्स	सब्बञ्ञूनं
पञ्चमी	सब्बञ्ञुना, सब्बञ्ञुस्मा, सब्बञ्ञुम्हा	सब्बञ्ञूहि, सब्बञ्ञूभि
छट्ठी	सब्बञ्ञुनो, सब्बञ्ञुस्स	सब्बञ्ञूनं
सत्तमी	सब्बञ्ञुम्हि, सब्बञ्ञुस्मिं	सब्बञ्ञुसु
आलपन	सब्बञ्ञु	सब्बञ्ञू, सब्बञ्ञुनो

इन शब्दों के रूप भी 'सब्बञ्ञू' शब्द के ही समान होंगेः—

शब्द	अर्थ	शब्द	अर्थ
मग्गञ्ञू	मार्गज्ञ	धम्मञ्ञू	धर्मज्ञ
अत्थञ्ञू	अर्थज्ञ	कालञ्ञू	कालज्ञ
रत्तञ्ञू	पुराना परिचित	मत्तञ्ञू	मात्रज्ञ
कतञ्ञू	कृतज्ञ	तत्तञ्ञू	तत्वज्ञ
विदू	जानने वाला	वेदगू	अर्हत्
पारगू	पार जाने वाला		

कृदन्त ❀

भूतकाल के अर्थ में धातु से परे त प्रत्यय लगाया जाता है। प्रत्यय

❀ परिभाषा तथा विस्तार के लिए देखिये तैंतीसवाँ पाठ। (कृदन्त शब्दों के लिए उन्नीसवाँ पाठ भी देखिये)।

लगने से जो रूप बनता है, वह कर्ता के विशेषण के समान व्यवहृत होता है। उसके रूप पुल्लिंग में 'बुद्ध' शब्द के समान, नपुंसकलिंग में 'फल' शब्द के समान और स्त्रीलिङ्ग में 'लता' शब्द के समान होते हैं।

धातु	कृदन्त पुल्लिङ्ग	अर्थ
दिस	दिट्ठो	देखा हुआ
गम	गतो	गया हुआ
कुध	कुद्धो	क्रुद्ध हुआ
सुस	सुक्खो	सूखा हुआ
भी	भीतो	डरा हुआ
पा	पीतो	पिया हुआ
तर	तिण्णो	पार किया हुआ
सिध	सिद्धो	सिद्ध हुआ
खम	खन्तो	क्षमा किया हुआ
गुह	गूल्हो	छिपा हुआ
जन	जातो	उत्पन्न हुआ
जर	जिण्णो	जीर्ण हुआ
ठा	ठितो	खड़ा हुआ
तुस	तुट्ठो	सन्तुष्ट हुआ
दम	दन्तो	दमन किया हुआ
भुज	भुत्तो	खाया हुआ
सं + पूर	सम्पुण्णो	भरा हुआ
वस	वुत्थो, वुसितो	रहा हुआ
रञ्ज	रत्तो	अनुरक्त हुआ
वड्ढ	वुड्ढो	बढ़ा हुआ
भू	भूतो	हो चुका हुआ
पुच्छ	पुट्ठो	पूछा हुआ
दह	दड्ढो	जला हुआ

मुह	मूल्हो	भूला हुआ
भञ्ज	भग्गो	टूटा हुआ
पच	पक्को	पका हुआ
मुच	मुत्तो	छूटा हुआ
तस	त्रस्तो	डरा हुआ

अभ्यास

हिन्दी में अनुवाद कीजिए—

१. सब्बञ्ञुना धम्मो पुट्ठो पुग्गलो आगच्छि। २. मग्गञ्ञू तस्मिं सन्तुट्ठो होति। ३. मया सो दारको दिट्ठो। ४. रत्तञ्ञू कुद्धो गामं गतो। ५. कतञ्ञू पुग्गला लोके दुल्लभा होन्ति। ६. कालञ्ञू सदा धम्मं करोन्ति। ७. तत्तञ्ञू तेन भीतो वनं गतो। ८. मत्तञ्ञू भत्तं भुञ्जित्वा अग्गिना दड्ढो। ९. अत्थञ्ञू चोरेहि मुत्तो पलायि। १०. विदुनो भरियाय पुत्तो जातो। ११. पारगू मग्गे मूल्हो सागरं गतो। १२. वेदगुनो किलेसा झापिता। १३. तत्तञ्ञू तस्मिं गामे एव रत्तो होति। १४. चित्तञ्ञुना पञ्हो पुट्ठो। १५. सत्थारा सिस्सो अनुसिट्ठो।

पालि में अनुवाद कीजिए :—

१. सर्वज्ञ द्वारा प्रश्न पूछा गया। २. मेरे साथ रहा हुआ आदमी विहार को गया। ३. व्यापारी खाया हुआ सोया। ४. बूढ़ा मृग सिंह द्वारा मारा गया। ५. तापस विहार से गाँव को गया। ६. डरी हुई देवी आसन पर सो गई। ७. बूढ़ा आदमी नदी पार किया। ८. खाया हुआ लड़का रोया। ९. बुद्धको भिक्षु पर सन्तोष हुआ। १०. सूखा हुआ पेड़ भूमि पर गिरा। ११. भरी हुई नदी सागर को गई। १२. भूला हुआ पथिक नगर में आया। १३. डरा हुआ लड़का रोया। १४. दमन किया हुआ नाग भाग गया। १५. टूटा हुआ पेड़ आग से जल गया।

उन्नीसवाँ पाठ

ऊकारान्त नपुंसकलिङ्ग शब्द

सयम्भू (= स्वयम्भू)

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	**सयम्भु**	**सयम्भू, सयम्भुनि**
दुतिया	**सयम्भुं**	**सयम्भू, सयम्भुनि**
आलपन	**सयम्भु**	**सयम्भू, सयम्भुनि**

शेष रूप 'सब्बञ्ञू' शब्द के ही समान होंगे।

क्रिया

विधि लिंग (= हेतुफल)

	एकवचन	बहुवचन
पठम पुरिस	**पठे, पठेय्य**	**पठेय्युं, पठुं**
मज्झिम पुरिस	**पठे, पठेय्यासि**	**पठेय्याथ**
उत्तम पुरिस	**पठे, पठेय्यामि**	**पठेमु, पठेय्याम, पठेय्यामु**

हेतु तथा फल के अर्थ में धातुओं के रूप इस प्रकार होते हैं। जैसे—यदि संस्कार नित्य हों, तो निरुद्ध न हों (सचे संखारा निच्चा भवेय्युं, न निरुज्झेय्युं)। यहाँ नित्य होना हेतु है और न निरुद्ध होना फल।

कृदन्त[1] के कुछ और उदाहरण

धातु	कृदन्त	अर्थ
लभ	लद्धो	पाया गया

---

१. परिभाषा और विस्तार के लिए देखिये—तैंतीसवाँ पाठ। (कृदन्त शब्दों के लिए अठारहवाँ पाठ भी देखिये)।

रक्ख	रक्खितो	रक्षा किया गया
भिद	भिन्नो	फोड़ा गया
भज्ज	भट्ठो	भूना गया
बध	बद्धो	बाँधा गया
अनु + सास	अनुसिट्ठो	अनुशासन किया गया
अभि + भू	अभिभूतो	हराया गया
आ + मस	आमट्ठो	छुआ गया
इसु	इट्ठो	चाहा गया
दंस	दट्ठो	डँसा गया
आ	आतो	जाना गया
छिदि	छिन्नो	तोड़ा गया
जि	जितो	जीता गया
फुस	फुट्ठो	स्पर्श किया गया
प+संस	पसत्थो	प्रशंसा किया गया
परि + वु	परिवुतो	घेरा गया
नस	नासितो	नष्ट किया गया
नि + वस	निवत्थो	पहना गया

अभ्यास

हिन्दी में अनुवाद कीजिए :—

१. सयम्भु तिपिटकं पठेय्य चे अरहा न भवेय्य। २. सचे अनुसिट्ठो सिस्सो भुञ्जेय्य, भत्तं नट्ठं न भवेय्य। ३. छिन्नो रुक्खो यदि पतेय्य, बहुजना कालं करेय्युं। ४. सयम्भूहि मयं धम्मं चे जानेय्याम, गरहा न भवेय्याम। ५. पापेन अभिभूतो भिक्खु सिक्खं जहाति। ६. सचे गामे इट्ठो कटो लभेय्य, रत्तियं सुखं निद्दं ओक्कमेय्य। ७. निलये जातवेदो वायुना फुट्ठो। ८. भिक्खूहि परिवुतो सत्था धम्मं देसेति। ९. चीवरं निवत्थो भिक्खु गामं गच्छति। १०. सचे मयं पसत्थं विहारं लभेय्याम,

धम्मं करेय्याम। ११. गिलानो पुरिसो रोगेन अभिभूतो दुक्खं सयति। १२. दासो भूपालेन दण्डितो। १३. इत्थिया अग्गिना सासपो भट्ठो। १४. बद्धो गोणो गेहे येव मतो। १५. सचे त्वं नगरं गच्छेय्यासि, बहुं भत्तवेतनं लभेय्यासि।

पालि में अनुवाद कीजिये

१. टूटा हुआ घड़ा नष्ट हो गया। २. यदि मैं वाराणसी न जाता, तो बीमार न होता। ३. राजा ने रानी से प्रश्न पूछा। ४. धनी निर्धन न होते, यदि काम करके धन कमाते। ५. दास द्वारा अनुशासित बैल मर गया। ६. स्त्री द्वारा मोह जीता गया। ७. प्रशंसित लड़का स्कूल गया। ८. मैं घर जाता, यदि थोड़ा धन मिल जाता। ९. पहना हुआ वस्त्र पानी से भींग गया (=तेमितं)। १० उस विद्वान् द्वारा धर्म जाना गया। ११. मैं क्रोध से अभिभूत होकर भी प्रसन्न हूँ। १२. व्यापारी का रक्षित धन नष्ट हो गया। १३. आग से दास का घर स्पर्श किया गया। १४. तू यदि विहार जाता, तो धर्म सुनता। १५. वे लोग दान देते, यदि धन कमाते।

बीसवाँ पाठ

ऊकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्द

वधू (= बहू)

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	वधू	वधू, वधुयो
दुतिया	वधुं	वधू, वधुयो
ततिया	वधुया	वधूहि, वधूभि
चतुत्थी	वधुया	वधूनं
पञ्चमी	वधुया	वधूहि, वधूभि
छट्ठी	वधुया	वधूनं
सत्तमी	वधुयं, वधुया	वधूसु
आलपन	वधु	वधू, वधुयो

इन शब्दों के भी रूप 'वधू' शब्द के समान होंगे—

शब्द	अर्थ	शब्द	अर्थ
जम्बू	जामुन	सरभू	एक नदी का नाम
सुतनू	सुन्दरी	चमू	सेना
वामोरू	स्त्री	सरबू	छिपकली

कुछ और निपात[1] शब्द

शब्द	अर्थ	शब्द	अर्थ
अग्गतो	सामने	अत्थ	यहाँ
अञ्ञदत्थु	निश्चय से	अतीव	अत्यधिक

१. निपात शब्दों के लिए देखिये, ग्यारहवाँ पाठ।

अत्थं	अस्त, विनाश	अधो	नीचे
अन्तरा	मध्य में	अन्तो	मध्य में
अप्पेव	शायद	अभिण्हं	बार-बार
अमुत्र	वहाँ	अवस्सं	अवश्य
आरका	दूर	आरा	दूर
आवि	प्रगट	उच्चं	ऊँचा
किञ्चि	कुछ	कीव	कब तक
कुदाचनं	कभी	कव	कहाँ
चिरं	दीर्घकाल	चिरस्सं	चिरकाल
जातु	निश्चय से	तं	उस हेतु से
ततो	उस हेतु से	तथरिव	वैसे
तहिं	वहाँ	ताव	तब तक
तिरियं	तिरछा	तिरो	छिपा हुआ
तुण्ही	चुप	तेन	उस हेतु से
दिवा	दिन में	धुवं	स्थिर, निश्चय से
नमो	नमस्कार	नहि	नहीं
नाना	भिन्न	नु	शायद
नून	निश्चय से	नो	नहीं
पगे	प्रातःकाल	पतिरूपं	ठीक
परितो	चारों ओर	पातु	प्रकट
पुनप्पुनं	बार-बार	पुरतो	सामने
पुरे	सामने	पेच्च	परलोक में
बाहिरं	बाहर	मिच्छा	झूठ
मुधा	बेकार	मुसा	झूठ
मुहु	बार-बार	यं	जिस कारण से
यतो	जिस हेतु से	यथरिव	जैसे
येन	जिस हेतु से	यावता	जब तक

रहो	गुप्त	विना	बिना
		समन्त	चारों ओर
सम्मा	अच्छी तरह	सुट्ठ	अच्छी तरह
उदाहु	अथवा	उद्	अथवा
किमु	क्या	सचे	यदि

ये निपात शब्द विस्मयादिबोधक हैं—

शब्द	अर्थ	शब्द	अर्थ
अङ्ग	हे	अत्थु	ऐसा हो
एवं	हाँ	अद्धा	निश्चय से
अम्भो	हे	अरे	अरे
अहो	आश्चर्य है	जे	रे (स्त्रियों के लिए)
हम्भो	हे	भो	हे
रे	रे	वे	निश्चय से
साधु	अच्छा	धि	धिक्कार
हन्द	प्रेरणा द्योतक	हा	शोक द्योतक
हि	निश्चय से	हे	हे

इन निपातों का अपना कोई अर्थ नहीं है। ये वाक्य की सुन्दरता बढ़ाने में सहायक होते हैं:—

अस्सु, खो, चे, पन, यग्घे, सुदं, किर।

अभ्यास

हिन्दी में अनुवाद कीजिए—

१. वधू किर गेहं आगता। २. जम्बुया छाया तिस्सिं अत्थि। ३. सुतनू नदीतीरे दिस्सति। ४. वामोरूनं पादा रुजन्ति। ५. रे धुत्त! चमू आगच्छति। ६. सरभू कुतो निग्गता? ७. हिमवति सरभू संसन्दति। ८. सरबू भूमियं धावति। ९. पुनप्पुनं याचको भिक्खं याचति एव। १०. ततो आगन्त्वा दासो जम्बुफलं भुञ्जति। ११. हन्द! मयं इतो गच्छाम।

१२. सचे त्वं गेहं गच्छेय्यासि, एकं मणिं लभेय्यासि। १३. हम्भो! सग्गं गच्छाहि। १४. अहं तं चिरस्सं जानामि। १५. वधुया सीसं दिवा न दहति।

पालि में अनुवाद कीजिए—

१. बहू बार-बार घर जाती है। २. ब्राह्मण कभी-कभी ही बाजार जाता है। ३. मैं एक बार वाराणसी गया था। ४. वहाँ एक विद्वान् भिखारी रहता था। ५. गंगा के किनारे एक गाँव में विहार है। ६. विहार में एक सुन्दर स्तूप भी है। ७. उस विहार में बहुत से भिक्षु रहते हैं। ८. एक धार्मिक उपासक वहाँ दान देने आता है। ९. उसकी स्त्री भी धार्मिक है। १०. लड़का नित्य धर्म-श्रवण करता है। ११. घर में स्त्री ठीक से रहती है। १२. घर के पास एक कूँआ है। १३. कूँए का जल मीठा और शीतल है। १४. लोग वहाँ आकार पानी पीते हैं। १५. देवता भी रात में वहाँ आया करते हैं।

इक्कीसवाँ पाठ

सर्वनाम शब्द

'त' (=वह)

पुल्लिङ्ग

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	सो, स्यो	ते, ने
दुतिया	तं, नं	ते, ने
ततिया	तेन, नेन	तेहि, नेहि, तेभि, नेभि
चतुत्थी	तस्स, नस्स, अस्स	तेसं, नेसं, तेसानं, नेसानं
पञ्चमी	तम्हा, अम्हा, नम्हा, तस्मा	तेहि, नेहि, तेभि, नेभि
छट्ठी	तस्स, नस्स, अस्स	तेसं, नेसं, तेसानं, नेसानं
सत्तमी	तम्हि, अम्हि, नम्हि, तस्मिं, तेसु, नेसु नस्मिं, अस्मिं	

नपुंसकलिङ्ग

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	तं, नं	ते, ने, तानि, नानि
दुतिया	तं, नं	ते, ने, तानि, नानि

शेष रूप पुल्लिङ्ग के समान ही होंगे।

स्त्रीलिङ्ग

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	सा, स्या	ता, ना, तायो, नायो
दुतिया	तं, नं	ता, ना, तायो, नायो

ततिया	**ताय, नाय, तस्सा, तिस्सा ताहि, नाहि, ताभि, नाभि**
चतुत्थी	**तिस्साय, तस्साय, अस्साय, तासं, आसं, तासानं तिस्सा, तस्सा, ताय**
पञ्चमी	**ताय, नाय, तस्सा ताहि, नाहि, ताभि, नाभि**
छट्ठी	**तिस्साय, तस्साय, अस्साय, तासं, आसं, तासानं तिस्सा, तस्सा, अस्सा, ताय**
सत्तमी	**तिस्सं, तस्सं, अस्सं, तायं, तासु तस्सा, तिस्सा**

निमित्तार्थक अव्यय

'इस काम के निमित्त' अर्थ में धातु से परे **तुं, ताये** और **तवे** प्रत्यय होते हैं। जैसे—

कातुं गच्छति, कत्ताये गच्छति, कातवे गच्छति = करने के लिए जाता है।

शब्द	अर्थ	शब्द	अर्थ
पठितुं	पढ़ने के लिए	**पचितुं**	पकाने के लिए
भोत्तुं	भोजन करने के लिए	**सोतुं**	सुनने के लिए
दट्ठुं	देखने के लिए	**युज्झितुं**	युद्ध करने के लिए
वत्तुं	बोलने के लिए	**कत्तुं**	करने के लिए
रुन्धितुं	रूँधने के लिए	**दातुं**	देने के लिए
पिवितुं	पीने के लिए	**पातुं**	पीने के लिए
गन्तुं	जाने के लिए	**हरितुं**	ले जाने के लिए
आहरितुं	लाने के लिए	**कातुं**	करने के लिए
लद्धुं	पाने के लिए	**लभितुं**	पाने के लिए
भुञ्जितुं	खाने के लिए	**भवितुं**	होने के लिए

अभ्यास

हिन्दी में अनुवाद कीजिए—

१. सो नहायितुं नदिं गच्छति। २. तेहि गोणो नीतो। ३. तं गेहं अग्गिना आमट्ठं। ४. तस्स भरिया गिलाना अत्थि। ५. ताय पुत्तो वणिज्जं करोति। ६. दारको भोत्तुं महानसं (= भोजनशाला) गच्छति। ७. खेत्तं रुन्धितुं गच्छं आनेहि। ८. अजाय खीरं पातुं याचको इच्छति। ९. भिक्खु तथागतं दट्ठुं विहारे एव वसति। १०. अहं तिपिटकं पठितुं आचरियस्स सन्तिकं गच्छामि। ११. ते साधुरूपेन पोत्थकानि उग्गण्हन्ति। १२. धम्मं सोतुं अम्हे गच्छाम। १३. मम भरिया युज्झितुं युद्धभूमिं गच्छति। १४. कदा सा वनिता सस्सुया गेहं अगमासि ? १५. सो अत्तनो आहारं पचितुं तण्डुलं याचति।

पालि में अनुवाद कीजिए—

१. वह स्त्री विहार देखने के लिए जाती है। २. राजा गाँव को घेरने के लिए जा रहा है। ३. दास चावल लाने के लिए शहर गया था। ४. उसकी माता बीमार हो गई है। ५. मैं शहर जाना चाहता हूँ। ६. भिक्षु तथागत की वन्दना करने के लिए विहार जाना चाहता है। ७. चोर धन लेने के लिए रात में घूमते हैं। ८. व्यापारी धन पाने के लिए व्यापार करते हैं। ९. कुत्ता पानी के लिए नदी को जाता है। १०. उस स्त्री से एक वस्त्र गिर गया। ११. मेरे पिता नहाने के लिए वस्त्र के साथ गए। १२. स्थविर (=थेरो) बोधि की वन्दना करने के लिए वहाँ गये। १३. मैं बोलना चाहता हूँ। १४. तुम काम करने के लिए कहाँ जा रहे हो ? १५. उस घर का स्वामी खाकर बाहर चला गया।

बाइसवाँ पाठ

ओकारान्त पुल्लिङ्ग शब्द

गो (=बैल)

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	**गो**	**गावो, गवो**
दुतिया	**गावुं, गावं, गवं**	**गावो, गवो,**
ततिया	**गावेन, गवेन, गावा, गवा**	**गोहि, गोभि**
चतुत्थी	**गावस्स, गवस्स, गवं**	**गवं, गुन्नं, गोनं**
पञ्चमी	**गवा, गावा, गावस्मा, गावम्हा, गवस्मा, गवम्हा**	**गोहि, गोभि**
छट्ठी	**गावस्स, गवस्स, गवं**	**गवं, गुन्नं, गोनं**
सत्तमी	**गावे, गवे, गावम्हि, गवम्हि, गावस्मिं, गवस्मिं**	**गावेसु, गवेसु, गोसु**
आलपन	**गो**	**गावो, गवो**

'गो' के अतिरिक्त पालि में ओकारान्त पुल्लिग शब्द अन्य नहीं मिलते। 'गो' शब्द के रूप स्त्रीलिंग में भी पुल्लिङ्ग के समान ही होते हैं।

ओकारान्त नपुंसकलिङ्ग शब्द

चित्तगो (=विचित्र गौवोंवाला)

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	**चित्तगु**	**चित्तगू, चित्तगूनि**
दुतिया	**चित्तगुं**	**चित्तगू, चित्तगूनि**
आलपन	**चित्तगु**	**चित्तगू, चित्तगूनि**

शेष रूप 'आयु' शब्द के समान होंगे।

'गो' शब्द के स्थान में सभी विभक्तियों में विकल्प से **'गोण'** आदेश हो जाता है और उसके रूप पुल्लिङ्ग अकारान्त 'बुद्ध' शब्द के समान होते हैं।

प्रेरणार्थक क्रिया

प्रेरणा करने के अर्थ में प्रेरणार्थक क्रिया होती है। जब कोई कर्त्ता किसी दूसरे से काम कराता है, तो वह प्रेरणार्थक क्रिया कही जाती है। प्रेरणार्थक क्रिया के रूप इस प्रकार होते हैं :—

धातु	प्रेरणार्थक रूप	अर्थ
कर	कारेति, कारयति, कारापेति, कारापयति	कराता है
पच	पाचेति, पाचयति, पाचापेति, पाचापयति	पकवाता है
कन्द	कन्देति, कन्दयति, कन्दापेति, कन्दापयति	रुलाता है
कम्प	कम्पेति, कम्पयति, कम्पापेति, कम्पापयति	कँपाता है
चज	चाजेति, चाजयति, चाजापेति, चाजापयति	छोड़वाता है
भुज	भोजेति, भोजयति, भोजापेति, भोजापयति	खिलवाता है
कुध	कोधेति, कोधयति, कोधापेति, कोधापयति	क्रोध करवाता है
खिप	खेपेति, खेपयति, खेपापेति, खेपापयति	फेंकवाता है
लिख	लेखेति, लेखयति, लेखापेति, लेखापयति	लिखवाता है

अभ्यास

हिन्दी में अनुवाद कीजिए—

१. गावो वजे बद्धा सन्ति। २. गावेन खेत्तानि कसन्ति। ३. गोहि रथे खेपापेन्ति। ४. चित्तगू मग्गे चाजापेन्ति। ५. सूकरा गामेसु आहिण्डन्ति। ६. भरिया दासिया भत्तं पाचापेति। ७. धनवा पुरिसो धनेहि विहारं कारापेति। ८. गोणा वीहयो भुञ्जन्ति। ९. अतीते बाराणसियं भूपालेन एकं चेतियं कारापितं। १०. भिक्खुना भिक्खं याचापितं। ११. तेन पुरिसेन गामे दारूनि खेपापितानि। १२. आचरियेन पण्णं

लेखापितं । १३. सा इत्थी गामं गन्त्वा एकं विहारं कारापेसि । १४. अहं कदापि ब्राह्मणे न भोजापेमि । १५. कपणमनुस्सो धनिकेहि पलापयति ।

पालि में अनुवाद कीजिए—

१. बैल गड्ढे में गिराया जाता है । २. हाथी को केला खिलाया जाता है । ३. गाँव में एक बढ़ई द्वारा रथ बनाया जाता है । ४. स्थविर (= थेरो) गाँव से विहार में ले जाये जाते हैं । ५. अशोक द्वारा अनेक स्तूप बनवाये गए । ६. वह आदमी चोरों द्वारा मारा गया । ७. लड़के से एक पत्र लिखवाते हैं । ८. आज पानी बरसाऊँगा । ९. तुमको घर लिवा चलूँगा । १०. उससे भिक्षुओं को दान दिलवाऊँगा । ११. वह बच्चे को खिलवाता है । १२. बैल घर को कँपाता है । १३. रात में वह खेत में काम करवाता है । १४. तुम तथागत की वन्दना करवाओ । १५. अनाथपिण्डिक द्वारा जेतवन महाविहार बनवाया गया ।

तेइसवाँ पाठ

कुछ अनियमित पुल्लिङ्ग शब्द

नीचे कुछ ऐसे शब्दों के रूप दिए जाते हैं, जो अकारान्त तथा आकारान्त होते हुए भी 'बुद्ध' आदि शब्दों से भिन्न रूपवाले होते हैं—

राज (=राजा)

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	राजा	राजा, राजानो
दुतिया	राजानं, राजं	राजानो
ततिया	रञ्ञा, राजेन, राजिना	राजेहि, राजूहि, राजेभि, राजूभि
चतुत्थी	रञ्ञो, रञ्ञस्स, राजिनो, राजस्स	रञ्ञं, राजूनं, राजानं
पञ्चमी	रञ्ञा, राजम्हा, राजस्मा	राजेहि, राजेभि, राजूहि, राजूभि
छट्ठी	रञ्ञो, रञ्ञस्स, राजिनो, राजस्स	रञ्ञं, राजूनं, राजानं
सत्तमी	रञ्ञे, राजिनि, राजस्मिं, राजम्हि	राजूसु, राजेसु
आलपन	राज, राजा	राजा, राजानो

अत्त (=आत्मा)

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	अत्ता	अत्ता, अत्तानो
दुतिया	अत्तानं, अत्तं	अत्तानो, अत्ते

तितिया	अत्तेन, अत्तना	अत्तेहि, अत्तेभि, अत्तनेहि, अत्तनेभि
चतुत्थी	अत्तनो, अत्तस्स	अत्तानं
पञ्चमी	अत्तना, अत्तस्मा, अत्तम्हा	अत्तेहि, अत्तेभि, अत्तनेहि, अत्तनेभि
छट्ठी	अत्तनो, अत्तस्स	अत्तानं
सत्तमी	अत्तनि, अत्तस्मिं, अत्तम्हि, अत्ते	अत्तनेसु, अत्तेसु
आलपन	अत्त, अत्ता	अत्ता, अत्तानो

ब्रह्म (=ब्रह्मा)

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	ब्रह्मा	ब्रह्मा, ब्रह्मानो
दुतिया	ब्रह्मानं, ब्रह्मं	ब्रह्मानो
तितिया	ब्रह्मना, ब्रह्मुना	ब्रह्मेहि, ब्रह्मेभि, ब्रह्मूहि, ब्रह्मूभि
चतुत्थी	ब्रह्मुनो, ब्रह्मस्स	ब्रह्मानं, ब्रह्मूनं
पञ्चमी	ब्रह्मना, ब्रह्मुना	ब्रह्मेहि, ब्रह्मेभि, ब्रह्मूहि, ब्रह्मूभि
छट्ठी	ब्रह्मुनो, ब्रह्मस्स	ब्रह्मानं, ब्रह्मूनं
सत्तमी	ब्रह्मे, ब्रह्मनि, ब्रह्मस्मिं, ब्रह्मम्हि	ब्रह्मेसु
आलपन	ब्रह्मे	ब्रह्मा ब्रह्मानो,

पुम (=मनुष्य)

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	पुमा, पुमो,	पुमो, पुमानो,
दुतिया	पुमानं, पुमं,	पुमानो, पुमाने, पुमे,

ततिया	पुमाना, पुमुना, पुमेन	पुमानेहि, पुमानेभि, पुमेहि, पुमेभि
चतुत्थी	पुमुनो, पुमस्स	पुमानं
पञ्चमी	पुमाना, पुमुना, पुमा, पुमस्मा, पुमम्हा,	पुमानेहि, पुमानेभि, पुमेहि, पुमेभि,
छट्ठी	पुमुनो, पुमस्स	पुमानं,
सत्तमी	पुमाने, पुमे, पुमस्मिं, पुमम्हि,	पुमासु, पुमानेसु, पुमेसु
आलपन	पुमं, पुम	पुमानो, पुमा

युव (= युवक)

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	युवा,	युवा, युवानो, युवाना
दुतिया	युवानं, युवं	युवाने, युवे
ततिया	युवाना, युवानेन, युवेन	युवानेहि, युवानेभि, युवेहि, युवेभि
चतुत्थी	युवानस्स, युवस्स, युविनो	युवानानं, युवानं
पञ्चमी	युवाना, युवानस्मा, युवानम्हा	युवानेहि, युवानेभि, युवेहि, युवेभि,
छट्ठी	युवानस्स, युवस्स, युविनो	युवानानं, युवानं
सत्तमी	युवाने, युवानस्मिं, युवस्मिं, युवानम्हि, युवम्हि, युवे	युवानेसु, युवासु, युवेसु
आलपन	युव, युवा, युवाना, युवान	युवानो, युवाना

'मघव' (= इन्द्र) शब्द के रूप भी 'युव' शब्द के समान होंगे।

सा (=कुत्ता)

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	**सा**	**सा, सानो**
दुतिया	**सं, सानं**	**से, साने**
ततिया	**सेन, साना**	**सेहि, सेभि, सानेहि, सानेभि**
चतुत्थी	**सस्स, साय, सानस्स,**	**सानं**
पञ्चमी	**सा, सस्मा, सम्हा, साना**	**सेहि, सेभि, सानेहि, सानेभि**
छट्ठी	**सस्स, सानस्स**	**सानं**
सत्तमी	**से, सस्मिं, सम्हि, साने**	**सासु**
आलपन	**स, सान**	**सा, सानो**

अभ्यास

हिन्दी में अनुवाद कीजिए—

१. रञ्ञा तस्मिं गामे एको भिक्खूनं आवासो कारापितो। २. राजिनि पसन्नम्हि भटो धनवा जातो। ३. राजूनं कम्मं पसत्थं न होति। ४. अत्तनो चित्तं निग्गण्हाहि। ५. अत्तना पापकम्मं न कातब्बं। ६. ब्रह्मानो आकासे तिट्ठन्ति। ७. ब्रह्मुनो नत्ता कालं कतो। ८. पुमानो गामेसु आहिण्डन्ति। ९. तस्मिं पुमे दारको निसिन्नो होति। १०. इदानि युवानं कालो आगतो। ११. मघवा सग्गे पमोदति। १२. अज्ज गेहा साने पलापेहि। १३. सुवपोतको आकासे उड्डेति। १४. राजानो यदा कदा धम्मिका होन्ति। १५. मयं पुमानं धम्मं देसेम।

पालि में अनुवाद कीजिए :—

१. राजा देवी के साथ राजभवन में है। २. राजाओं द्वारा एक विहार बनवाया गया। ३. गाँव में अपने लिए मैंने घर बनवाया है।

४. मैं राजा को कर (=सुंकं) देता हूँ। ५. ब्रह्मा लोगों को उपदेश देते हैं। ६. मनुष्य घर से बाहर जाता है। ७. उस आदमी पर राजा अत्यधिक प्रसन्न है। ८. युवक बैठकर पुस्तक लिखता है। ९. युवक के साथ एक तरुणी स्त्री भी बैठी है। १०. कुत्ते इधर-उधर (=इतो चितो) घूमते हैं। ११. कुत्तों को लोग पोंसते हैं। १२. वह भोजन करके अपने साथी को भी (=सहायकम्पि) बुलाता है। १३. तुम अपने स्थान से कहाँ जाते हो? १४. आम का पेड़ भूमि पर गिर गया। १५. हाथी कुत्तों से कभी भी नहीं डरता है।

चौबीसवाँ पाठ

सर्वनाम शब्द

सब्ब (=सब)

पुल्लिङ्ग

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	**सब्बो**	**सब्बे**
दुतिया	**सब्बं**	**सब्बे**
ततिया	**सब्बेन**	**सब्बेहि, सब्बेभि**
चतुत्थी	**सब्बस्स**	**सब्बेसानं**
पञ्चमी	**सब्बम्हा, सब्बस्मा**	**सब्बेहि, सब्बेभि**
छट्ठी	**सब्बस्स**	**सब्बेसं, सब्बेसानं**
सत्तमी	**सब्बम्हि, सब्बस्मिं**	**सब्बेसु**
आलपन	**सब्ब, सब्बा**	**सब्बे**

नपुंसकलिङ्ग

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	**सब्बं**	**सब्बानि**
दुतिया	**सब्बं**	**सब्बे, सब्बानि**
आलपन	**सब्ब, सब्बा**	**सब्बानि**

शेष रूप पुल्लिङ्ग के समान ही होंगे।

स्त्रीलिङ्ग

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	**सब्बा**	**सब्बा, सब्बायो**
दुतिया	**सब्बं,**	,, ,,

ततिया	**सब्बाय**	**सब्बाहि, सब्बाभि**
चतुत्थी	**सब्बस्सा, सब्बाय**	**सब्बासं, सब्बासानं**
पञ्चमी	**सब्बाय**	**सब्बाहि, सब्बाभि**
छट्ठी	**सब्बस्सा, सब्बाय**	**सब्बासं, सब्बासानं**
सत्तमी	**सब्बस्सं, सब्बायं**	**सब्बासु**
आलपन	**सब्बे**	**सब्बा, सब्बायो**

इन शब्दों के रूप भी सब्ब शब्द के ही समान होंगे:—

शब्द	अर्थ	शब्द	अर्थ
कतर	कौन	**कतम**	कौन-सा
अञ्ञ	अन्य	**इतर**	दूसरा
अञ्ञतम	कोई	**अञ्ञतर**	कोई

पुब्ब, पर, अपर, दक्खिण, उत्तर तथा **अधर** शब्दों के रूप भी 'सब्ब' के समान ही होंगे, केवल पठमा बहुवचन में इनके दो रूप होंगे। यथा:—

पुब्बे, पुब्बा। परे, परा। अपरे, अपरा। दक्खिणे, दक्खिणा। उत्तरे, उत्तरा। अधरे, अधरा।

किं (=कौन)

सभी विभक्तियों में 'किं' शब्द का 'क' आदेश हो जाता है।

पुल्लिङ्ग

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	**को**	**के**
दुतिया	**कं**	**के**
ततिया	**केन**	**केहि, केभि**
चतुत्थी	**कस्स, किस्स**	**केसं, केसानं**
पञ्चमी	**कम्हा, कस्मा, किस्मा**	**केहि, केभि**
छट्ठी	**कस्स, किस्स**	**केसं, केसानं**

सत्तमी	**कम्हि, किम्हि, कस्मिं, किस्मिं**	**केसु**

नपुंसकलिङ्ग

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	**किं, कं**	**के, कानि**
दुतिया	**किं, कं**	**के, कानि**

शेष रूप पुल्लिङ्ग के समान ही होंगे।

स्त्रीलिङ्ग

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	**का**	**का, कायो**
दुतिया	**कं**	**का, कायो**
ततिया	**काय**	**काहि, काभि**
चतुत्थी	**कस्सा, काय**	**कासं, कासानं**
पञ्चमी	**काय**	**काहि, काभि**
छट्ठी	**कस्सा, काय**	**कासं, कासानं**
सत्तमी	**कस्सं, कायं**	**कासु**

'**य**' (= जो) शब्द के रूप तीनों लिंगों में 'किं' के समान ही होंगे।

पुल्लिङ्ग में—यो, **ये**। यं, ये। **येन**, येहि, येभि। यस्स, येसं, येसानं। यम्हा, यस्मा, येहि, येभि। यस्स, येसं, येसानं। यम्हि, यस्मिं, येसु।

नपुंसकलिङ्ग में—यं, ये, यानि। यं, ये, यानि। शेष रूप पुल्लिङ्ग के समान ही होंगे।

स्त्रीलिङ्ग में—या, या, यायो। यं, या, यायो। याय, याहि याभि। यस्सा, याय, यासं, यासानं। याय, याहि, याभि। यस्सा, याय, यासं, यासानं। यस्सं, यायं, यासु।

अभ्यास

हिन्दी में अनुवाद कीजिए—

१. सब्बे जना बुद्धं सरणं गच्छन्ति। २. सब्बा इत्थियो पुत्ते पोसेन्ति। ३. सब्बासु दिसासु अप्पटिहतो एव भमति। ४. सब्बं धनं छड्डेत्वा परलोकं गन्तुं भविस्सति। ५. अञ्ञतरो पुग्गलो आगतो। ६. अज्ज कतमी तिथि होति? ७. कतमं दारकं सिक्खापेमि? ८. अञ्ञं गोणं रथे योजेहि। ९. को जञ्ञा, कदा किं भविस्सति। १०. यो पुरिसो ततो आगतो, सो एव ताय भरियाय सद्धिं भुञ्जति। ११. इतरो गेहे निसीदित्वा पोत्थकं लिखति। १२. सुनखो धावित्वा सब्बेसु गेहेसु भत्तं भुञ्जति। १३. सब्बायो गाविियो खीरं ददन्ति। १४. को आकासमग्गेन सद्धं करोन्तो गच्छति? १५. पठवियं सब्बो जनो सयति।

पालि में अनुवाद कीजिए :—

१. सब लोग क्यों रोते हैं? २. उन स्त्रियों के पास धन नहीं है। ३. जो लड़के पढ़ते हैं, वे विद्वान् होते हैं। ४. किसका नाम राहुल है? ५. राहुल का घर कहाँ है? ६. उसकी माता बहुत ही दानी है। ७. जिसका घर आग से जल गया, उसके ही घर में एक भिक्षु रहता है। ८. लुम्बिनी में सबके लिए आवास नहीं है। ९. कुशीनगर में (=कुसिनारायं) एक सुन्दर विहार बना है। १०. उस विहार में भगवान् की एक विशाल प्रतिमा (=पटिमा) है। ११. सारनाथ में (=इसिपतने) मेरा विद्यालय है। १२. सभी लड़के पालि पढ़ते हैं। १३. जो पालि पढ़ते हैं, वे बुद्धिमान् (=बुद्धिमन्तो) होते हैं। १४. वे हमारे आचार्य हैं, जो वहाँ कुर्सी पर (=पीठे) बैठे हैं। १५. मैं कल से घर नहीं गया हूँ। १६. सभी उपासक दान देकर पुण्यार्जन करते हैं (=पुञ्ञं पसवन्ति)।

पच्चीसवाँ पाठ

सर्वनाम शब्द

एत (=यह)

पुल्लिङ्ग

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	**एसो**	**एते**
दुतिया	**एतं, एनं**	**एते, एने**
ततिया	**एतेन**	**एतेहि, एतेभि**
चतुत्थी	**एतस्स**	**एतेसं, एतेसानं**
पञ्चमी	**एतम्हा, एतस्मा**	**एतेहि, एतेभि**
छट्ठी	**एतस्स**	**एतेसं, एतेसानं**
सत्तमी	**एतम्हि, एतस्मिं**	**एतेसु**

नपुंसकलिङ्ग

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	**एतं**	**एते, एतानि**
दुतिया	**एतं**	**एते, एतानि**

शेष रूप पुल्लिङ्ग के समान ही होंगे।

स्त्रीलिङ्ग

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	**एसा**	**एता, एतायो**
दुतिया	**एतं**	**एता, एतायो**
ततिया	**एताय**	**एताहि, एताभि**

चतुत्थी	एतिस्साय, एतिस्सा, एताय	एतासं, एतासानं
पञ्चमी	एताय	एताहि, एताभि
छट्ठी	एतिस्साय, एतिस्सा, एताय	एतासं, एतासानं
सत्तमी	एतिस्सं, एतस्सं, एतासं	एतासु

इम (=यह)

पुल्लिङ्ग

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	अयं	इमे
दुतिया	इमं	इमे
तिया	अनेन, इमिना	एहि, एभि, इमेहि, इमेभि
चतुत्थी	अस्स, इमस्स	एसं, एसानं, इमेसं, इमेसानं
पञ्चमी	अस्मा, इमस्मा, इमम्हा	एहि, एभि, इमेहि, इमेभि
छट्ठी	अस्स, इमस्स	एसं, एसानं, इमेसं, इमेसानं
सत्तमी	अस्मिं, इमस्मिं, इमस्मिं	एसु, इमेसु

नपुंसकलिङ्ग

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	इदं, इमं,	इमे, इमानि
दुतिया	इदं, इमं	इमे, इमानि

शेष रूप पुल्लिंग के समान होंगे।

स्त्रीलिंग

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	अयं	इमा, इमायो
दुतिया	इमं	इमा, इमायो
तिया	इमाय	इमाहि, इमाभि
चतुत्थी	अस्साय, अस्सा, इमिस्साय, इमिस्सा, इमाय	इमासं, इमासानं

पञ्चमी	इमाय	इमाहि, इमाभि,
छट्ठी	अस्साय, अस्सा, इमिस्साय, इमिस्सा, इमाय	इमासं इमासानं
सत्तमी	अस्सं, इमिस्सं, इमायं	इमासु

अमु (=वह)

पुल्लिंग

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	असु, अमुको	अमू, अमुयो
दुतिया	अमुं	अमू, अमुयो
तितिया	अमुना	अमूहि, अमूभि
चतुत्थी	अमुस्स	अमूसं, अमूसानं
पञ्चमी	अमुना, अमुम्हा, अमुस्सा	अमूहि, अमूभि
छट्ठी	अमुस्स	अमूसं, अमूसानं
सत्तमी	अमुम्हि, अमुस्मिं	अमूसु

नपुंसकलिङ्ग

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	अदुं, अमुं	अमू, अमूनि
दुतिया	अदुं, अमुं	अमू, अमूनि

शेष रूप पुल्लिंग के समान ही होंगे।

स्त्रीलिंग

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	असु, अमु	अमू, अमुयो
दुतिया	अमुं	अमू, अमुयो
तितिया	अमुया	अमूहि, अमूभि
चतुत्थी	अमुस्सा, अमुया	अमूसं, अमूसानं
पञ्चमी	अमुया	अमूहि, अमूभि

छट्ठी	अमुस्सा, अमुया	अमूसं, अमूसानं
सत्तमी	अमुस्सं, अमुयं	अमूसु

अभ्यास

हिन्दी में अनुवाद कीजिए—

१. एसो नरो पलायित्वा गामा आगच्छति। २. एतेन उपायेन मयं धनं लभिस्साम। ३. एतानि धनानि विभजित्वा ते वणिज्जं करिस्सन्ति। ४. एतासं इत्थीनं सामिका राजपुरिसा होन्ति। ५. अयं पुरिसो गामे एव चरति। ६. अनेन दारकेन फलं चोरितं। ७. इमं कासावं गहेत्वा पब्बाजेथ मं भन्ते! ८. इमस्मिं विहारे बुद्धरूपं अतीव सुन्दरं। ९. इमानि पुञ्ञानि कत्वा सग्गे पमोदथ। १०. इमिस्सा गाथाय को अत्थो? ११. इमाय सालाय तुम्हे वसथ। १२. अमुको सोणो पलायित्वा गतो। १३. अदुं फलं नारिकेलं न होति। १४. अमुस्सा वनिताय पति अम्हाकं विज्जालये आचरियो होति। १५. एतस्स गामो नदीकूले अटवियं अत्थि।

पालि में अनुवाद कीजिए—

१. उस स्त्री का पति सिपाही है। २. इसका भाई स्कूल में पढ़ता है। ३. इस नगर में एक वैद्य रहता है। ४. इस धन को लेकर व्यापार करो। ५. यह रोज घर जाता है। ६. इस लड़के का मामा (=मातुलो) बीमार है। ७. अमुक भिक्षु अभी ही आया है। ८. शास्ता ने इससे जल माँगा। ९. इनमें से कोई अवश्य चोर है। १०. वह रेलगाड़ी में (=धूमरथे) बैठ कर वाराणसी जायेगी। ११. उसके सिर पर एक सुन्दर आभूषण (=आभरणं) है। १२. इन भाइयों का पिता आज स्कूल आयेगा १३. अमुक व्यापारी धन कमाकर सेठ हो गया है (=सेट्ठी जातो)। १४. आग और पानी से वह गाँव पीड़ित है। १५. क्या कोई ऐसा भी है, जो हमें भोजन दे?

छब्बीसवाँ पाठ

'वन्तु' और 'मन्तु' प्रत्ययान्त शब्द

'वाला' के अर्थ में नाम के आगे **'वन्तु'** तथा **'मन्तु'** प्रत्यय लगते हैं। अकारान्त और आकारान्त शब्दों के आगे 'वन्तु' तथा इकारान्त आदि शब्दों के आगे 'मन्तु' प्रत्यय लगते हैं। जैसे—**फलवन्तु** = फलवाला। **बुद्धिमन्तु** = बुद्धिमान्।

पुल्लिङ्गशब्द

गुणवन्तु (= गुणवाला)

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	**गुणवा**	**गुणवन्तो, गुणवन्ता**
दुतिया	**गुणवन्तं**	**गुणवन्ते**
ततिया	**गुणवता, गुणवन्तेन**	**गुणवन्तेहि, गुणवन्तेभि**
चतुत्थी	**गुणवतो, गुणवन्तस्स**	**गुणवतं, गुणवन्तानं**
पञ्चमी	**गुणवता, गुणवन्तस्मा, गुणवन्तम्हा**	**गुणवन्तेहि, गुणवन्तेभि**
छट्ठी	**गुणवतो, गुणवन्तस्स**	**गुणवतं, गुणवन्तानं**
सत्तमी	**गुणवति, गुणवन्ते, गुणवन्तस्मिं, गुणवन्तम्हि**	**गुणवन्तेसु**
आलपन	**गुणवं, गुणव, गुणवा**	**गुणवन्तो, गुणवन्ता**

नपुंसकलिङ्ग

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	**गुणवं, गुणवन्तं**	**गुणवन्ता, गुणवन्तानि**
दुतिया	**गुणवं, गुणवन्तं**	**गुणवन्ता, गुणवन्तानि**

शेष रूप पुल्लिङ्ग के समान ही होंगे।

स्त्रीलिङ्ग

स्त्रीलिङ्ग में 'वन्तु' का 'वती' तथा 'वन्ती' और 'मन्तु' का 'मती' तथा 'मन्ती' हो जाता है। जैसे—**गुणवती, गुणवन्ती। सिरीमती, सिरीमन्ती।** इनके रूप ईकारान्त स्त्रीलिङ्ग 'इत्थी' शब्द के समान होंगे। (देखिये, ग्यारहवाँ पाठ)।

इन शब्दों के रूप भी 'गुणवन्तु' के समान ही होंगे :—

शब्द	अर्थ	शब्द	अर्थ
कुलवन्तु	अच्छे कुलवाला	**धनवन्तु**	धनवान्
पञ्ञवन्तु	प्रज्ञावान्	**फलवन्तु**	फलवाला
बलवन्तु	बलवान्	**भगवन्तु**	भाग्यवाला
मघवन्तु	इन्द्र	**यसवन्तु**	यशवाला
सीलवन्तु	शीलवान्	**सुतवन्तु**	श्रुतवान्
हिमवन्तु	हिमालय	**कलिमन्तु**	कालिमायुक्त
कसिमन्तु	कृषक	**केतुमन्तु**	केतुवाला
गतिमन्तु	गतिवाला	**चक्खुमन्तु**	आँखवाला
जुतिमन्तु	चमकवाला	**धीतिमन्तु**	धृतिमान्
बुद्धिमन्तु	बुद्धिमान्	**बन्धुमन्तु**	बन्धुओंवाला
भानुमन्तु	प्रकाशवाला	**मतिमन्तु**	मतिमान्
सतिमन्तु	स्मृतिमान्	**सिरीमन्तु**	श्रीसम्पन्न
सुचिमन्तु	पवित्रतावाला	**हेतुमन्तु**	हेतुवाला

'न्त' तथा 'मान' प्रत्ययान्त शब्द

वर्तमान काल में 'करता हुआ' अर्थ में धातु से परे **'न्त'** प्रत्यय लगता है। जैसे—**गच्छन्तो** = जाता हुआ। **करोन्तो** = करता हुआ। 'न्त' के स्थान में वर्तमान काल में **'मान'** प्रत्यय भी आता है। जैसे—**तिट्ठमानो** = खड़ा होता हुआ। **गच्छमानो** = जाता हुआ। भविष्यत्-

काल में 'न्त' और 'मान' प्रत्ययों से पूर्व **'स्स'** का आगम हो जाता है। जैसे—**हसिस्सन्तो, हसिस्समानो**।

'मान' प्रत्ययान्त शब्द के रूप पुल्लिङ्ग में 'बुद्ध' शब्द के समान, नपुंसकलिङ्ग में 'फल' शब्द के समान तथा स्त्रीलिङ्ग में 'लता' शब्द के समान होते हैं।

गच्छन्त (= जाता हुआ)

पुल्लिंग

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	**गच्छं, गच्छन्तो**	**गच्छन्तो, गच्छन्ता,**
दुतिया	**गच्छन्तं**	**गच्छन्ते**
ततिया	**गच्छता, गच्छन्तेन**	**गच्छन्तेहि, गच्छन्तेभि**
चतुत्थी	**गच्छतो, गच्छन्तस्स**	**गच्छतं, गच्छन्तानं**
पञ्चमी	**गच्छता, गच्छन्तम्हा, गच्छन्तस्मा**	**गच्छन्तेहि, गच्छन्तेभि**
छट्ठी	**गच्छतो, गच्छन्तस्स**	**गच्छतं, गच्छन्तानं**
सत्तमी	**गच्छति, गच्छन्तस्मिं, गच्छन्तम्हि, गच्छन्ते**	**गच्छन्तेसु**
आलपन	**गच्छं, गच्छ, गच्छा**	**गच्छन्तो, गच्छन्ता**

नपुंसकलिंग

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	**गच्छं, गच्छन्तं**	**गच्छन्ता, गच्छन्तानि**
दुतिया	**गच्छन्तं**	**गच्छन्ते, गच्छन्तानि**
आलपन	**गच्छं, गच्छन्त**	**गच्छन्ता, गच्छन्तानि**

शेष रूप पुल्लिङ्ग के ही समान होंगे।

स्त्रीलिङ्ग

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	**गच्छन्ती**	**गच्छन्ती, गच्छन्तियो**

दुतिया	**गच्छन्तं**	**गच्छन्ती, गच्छन्तियो**
ततिया	**गच्छन्तिया**	**गच्छन्तीहि, गच्छन्तीभि**
चतुत्थी	**गच्छन्तिया**	**गच्छन्तीनं**
पञ्चमी	**गच्छन्तिया**	**गच्छन्तीहि, गच्छन्तीभि**
छट्ठी	**गच्छन्तिया**	**गच्छन्तीनं**
सत्तमी	**गच्छन्तिया, गच्छन्तियं**	**गच्छन्तीसु**
आलपन	**गच्छन्ति**	**गच्छन्ती, गच्छन्तियो**

इन शब्दों के रूप भी 'गच्छन्त' शब्द के ही समान होंगे:—

शब्द	अर्थ	शब्द	अर्थ
अच्चन्त	पूजा करता हुआ	**कम्पन्त**	काँपता हुआ
अज्जन्त	कमाता हुआ	**कीलन्त**	खेलता हुआ
अटन्त	घूमता हुआ	**गज्जन्त**	गरजता हुआ
अदन्त	खाता हुआ	**चजन्त**	छोड़ता हुआ
चरन्त	विचरण करता हुआ	**जीवन्त**	जीता हुआ
तिट्ठन्त	खड़ा होता हुआ	**भवं**	आप
मीयन्त	मरता हुआ	**सुणन्त**	सुनता हुआ
जयन्त	जीतता हुआ	**विहरन्त**	विहरता हुआ
ददन्त	देता हुआ	**भुञ्जन्त**	खाता हुआ
पचन्त	पकाता हुआ	**कुब्बन्त**	करता हुआ

अभ्यास

हिन्दी में अनुवाद कीजिए—

१. गुणवन्तो पुग्गला पुञ्ञानि करोन्ति। २. गुणवती सुमेधा चन्द-भागातीरे वसति। ३. गुणवति गते लोके को नाम अञ्ञो भविस्सति। ४. कसिमा पुरिसो गन्त्वा खेत्तं कसति। ५. पञ्ञवन्ता मग्गे गच्छन्ता धम्मं पगुणं करोन्ति (=याद करते हैं)। ६. बलवन्तो अपि गजा सीहेन भायन्ति। ७. सतिमन्तो ञानं वड्ढेन्ति। ८. हिमवन्तो दूरतो एव पभासति।

९. चक्खुमन्ता बुद्धं अच्चन्ता गेहं गच्छन्ति। १०. भरियायो अटवीसु अटन्तियो रोदन्ति। ११. अरञ्ञे सीहा गज्जन्ता चरन्ति। १२. भिक्खवो किलेसे जहन्ता अरहन्तो भवन्ति। १३. नरा इतो मीयन्ता परलोकं गच्छन्ति। १४. ददतो पुञ्ञं पवड्ढति। १५. पापकम्मं कुब्बन्तो पापकारिनो निरये उप्पज्जन्ति।

पालि में अनुवाद कीजिएः—

१. गुणवान् मरकर स्वर्ग में उत्पन्न होता है। २. गुणवानों के पुत्र शीलवान् होते हैं। ३. गुणवती कन्या को कौन नहीं चाहता है। ४. बलवान् लोग दुर्बलों पर अनुकम्पा करते हैं। ५. उसकी पुत्री भाग्यवती होगी। ६. फलवान् वृक्ष शोभा देते हैं। ७. स्मृतिमान् लड़का स्कूल जाते हुए पढ़ता था। ८. हिमालय में पक्षी रहते हैं। ९. यशवान् भिखारी भिक्षा नहीं माँगता है। १०. राजा का भाई खेलता हुआ भी रोता है। ११. उस रथ पर भात खाता हुआ दास बैठेगा। १२. मैं मार्ग में खड़ा होता हुआ तुम्हें देखूँगा। १३. मेरी स्त्री आजकल (=अधुना) अत्यधिक बीमार है। १४. उसका पिता धर्म सुनता हुआ सोता था। १५. वह स्त्री भात पकाती हुई ध्यान बढ़ा रही थी।

सत्ताइसवाँ पाठ

'तु' प्रत्ययान्त शब्द

'करनेवाला' अर्थ में धातु से परे 'तु' प्रत्यय होते हैं। जैसे—**दातु** = देनेवाला।

दातु (=दाता)

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	**दाता**	**दातारो**
दुतिया	**दातारं**	**दातारे, दातारो**
तितिया	**दातारा**	**दातारेहि, दातारेभि, दातूहि, दातूभि**
चतुत्थी	**दातु, दातुनो, दातुस्स**	**दातारानं, दातानं**
पञ्चमी	**दातारा**	**दातारेहि, दातारेभि, दातूहि, दातूभि**
छट्ठी	**दातु, दातुनो, दातुस्स**	**दातारानं, दातानं**
सत्तमी	**दातरि**	**दातारेसु, दातुसु**
आलपन	**दात, दाता**	**दातारो**

इन शब्दों के भी रूप 'दातु' शब्द के ही समान होंगे :—

शब्द	अर्थ	शब्द	अर्थ
वत्तु	वक्ता	**भत्तु**	भर्ता
नेत्त	नेता	**सोतु**	श्रोता
ञातु	ज्ञाता	**जेतु**	जेता
छेत्तु	छेदनेवाला	**कत्तु**	कर्त्ता
बोद्ध	जाननेवाला		

अकारान्त नपुंसकलिङ्ग शब्द

'मन' (= चित्त)

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	**मनो**	**मना, मनानि**
दुतिया	**मनं, मनो**	**मने, मनानि**
ततिया	**मनसा, मनेन**	**मनेहि, मनेभि**
चतुत्थी	**मनसो, मनस्स**	**मनानं**
पञ्चमी	**मनसा, मनस्मा, मनम्हा**	**मनेहि, मनेभि**
छट्ठी	**मनसो, मनस्स**	**मनानं**
सत्तमी	**मनसि, मने, मनम्हि, मनस्मिं**	**मनेसु**
आलपन	**मन, मना**	**मनानि**

इन शब्दों के रूप भी 'मन' शब्द के समान होंगे—

शब्द	अर्थ	शब्द	अर्थ
तम	अन्धकार	**तप**	तप
तेज	तेज	**सिर**	सिर
उर	उर	**वच**	वचन
ओज	ओज	**रज**	धूल
यस	यश	**पय**	दूध, पानी
चेत	चित्त	**वय**	उम्र
सर	तालाब	**वास**	वस्त्र
अय	लोहा		

परिवारवाची शब्द

शब्द	अर्थ	शब्द	अर्थ
ससुर	श्वसुर	**मातुल**	मामा
भाता	भाई	**सहज**	भाई
पितामह	बाबा	**मातामही**	ईया
अम्मा	माता	**धाति**	धाई

मातुलानि	मामी	मातुच्छा	मौसी
पितुच्छा	फूआ	भातुज	भतीजा
चुल्लपिता	चाचा	सस्सु	सासु

शरीरावयववाची शब्द

शब्द	अर्थ	शब्द	अर्थ
नख	नख	हत्थ	हाथ
करपुट	हथेली	हृदय	हृदय
खेल	थूक	मुख	मुख
नासिका	नाक	सवण	कान
घाण	नाक	सरीर	शरीर
ऊरु	जंघा	थन	स्तन
उदर	पेट	जघन	चूतड़
पाद	पैर	पिट्ठि	पीठ
खीर	दूध	पस्साव	पेशाब
उच्चार	पाखाना	जंघा	नरहर
अंगुलि	अंगुलि	केस	केश
लोम	रोवाँ	दन्त	दाँत

अभ्यास

हिन्दी में अनुवाद कीजिए :—

१. दातारं पक्कोसेहि । २. दातुनो भरिया पुत्तं विजायि । ३. उच्चार-पस्सावकम्मे भिक्खु सम्पजानकारी होति । ४. जना वत्तारो भवन्ति । ५. जाता मम चुल्लपिता होति । ६. जेता समुद्दं तरित्वा चमुं गण्हाति । ७. उसभस्स सीसे एकं एव सिंगं अत्थि । ८. दासो करपुटेन जलं सिञ्चति । ९. नासिकाय सदा सिंघानिका पग्घरति । १०. बोधिसत्तो गेहा निक्खम्म पदसा राजगहं अगमासि । ११. उरुवेलकस्सपो अत्तनो सिस्सेहि सद्धिं तस्स पादे पति । १२. बुद्धो हत्थं पसारेत्वा तस्स मनं गण्हि । १३. सुजाता नाम

कञ्ञा गाविया खीरेन पायासं पचित्वा बोधिसत्तस्स अदासि। १४. सो मारसेनं अभिभवित्वा सदेवके लोके सम्मासम्बुद्धो जातो। १५. इसिपतने मिगदाये तथागतेन अनुत्तरं धम्मचक्कं पवत्तितं।

पालि में अनुवाद कीजिए—

१. दाता ने भिखारियों को वस्त्र और अन्न दिया। २. नेता ने लोक को हराकर विजय प्राप्त की। ३. भगवान् बुद्ध (= भगवा बुद्धो) कपिलवस्तु से राजगृह गए। ४. राजगृह में द्वार-द्वारपर भिक्षा माँगी। ५. बिम्बिसार ने उन्हें अपनी आँखों से देखा। ६. दूतों को भेजकर उन्हें राजभवन में बुलाया। ७. बोधिसत्व ने ज्ञानी के मन को सन्तुष्ट कर दिया। ८. तपोदा नदी का जल गर्म (= उण्हं) होता है। ९. भिक्षु तथागत के साथ उसमें नहाते हैं। १०. वह यक्ष अन्य यक्षों के साथ उपदेश देता हुआ घूमता है। ११. अंगुलिमाल ने अंगुलियों को गूँथकर माला बनाई १२. वह श्रावस्ती (= सावत्थी) नगर के पास जंगल में रहता था। १३. प्रातःकाल ही तथागत जंगल की ओर गए। १४. उन्होंने अंगुलिमाल को उपदेश देकर भिक्षु बना लिया। १५. अंगुलिमाल ने थोड़े ही दिनों में ज्ञान प्राप्त कर लिया और अर्हत् हो गया।

अट्ठाइसवाँ पाठ

संख्यावाचक शब्द

पालि में संख्याओं के नाम इस प्रकार होते हैं:—

१. एक	२०. वीसति
२. द्वि	२१. एकवीसति
३. ति	२२. द्वेवीसति, द्वावीसति
४. चतु	२३. तेवीसति
५. पञ्च	२४. चतुवीसति
६. छ	२५. पञ्चवीसति
७. सत्त	२६. छब्बीसति
८. अट्ठ	२७. सत्तवीसति
९. नव	२८. अट्ठवीसति
१०. दस	२९. एकूनतिंसति
११. एकादस	३०. तिंसति
१२. द्वादस, बारस	३१. एकतिंसति
१३. तेलस, तेरस	३२. द्वत्तिंसति, बत्तिंसति
१४. चुद्दस, चतुद्दस	३३. तेत्तिंसति
१५. पण्णरस, पञ्चदस	३४. चतुतिंसति
१६. सोलस	३५. पञ्चतिंसति
१७. सत्तरस, सत्तदस	३६. छत्तिंसति
१८. अट्ठारस, अट्ठादस	३७. सत्ततिंसति
१९. एकूनवीसति	३८. अट्ठतिंसति

३९. एकूनचत्तालीसति	७०. सत्तति
४०. चत्तालीसति	७२. द्वेसत्तति, द्विसत्तति, द्वासत्तति
४१. एकचत्तालीसति	७९. एकूनासीति
४२. द्वेचत्तालीसति, द्विचत्तालीसति	८०. असीति
४९. एकूनपञ्ञासति	८१. एकासीति
५०. पञ्ञासति, पण्णासति	८२. द्वेअसीति, द्वियासीति, द्वासीति
५२. द्वेपञ्ञासति, द्वेपण्णासति द्विपञ्ञासति, द्विपण्णासति	८९. एकूननवुति
	९०. नवुति
५९. एकूनसट्ठि	९२. द्वेनवुति, द्विनवुति, द्वानवुति
६०. सट्ठि	९९. एकूनसतं
६२. द्वेसट्ठि, द्वासट्ठि, द्विसट्ठि	१००. सतं
६९. एकूनसत्तति	

संख्यावाचक शब्द प्रायः विशेषण की भाँति प्रयुक्त होते हैं, इसलिए उनमें वही लिंग, विभक्ति तथा वचन होते हैं, जो उनके विशेष्य में।

संख्या के अर्थ में 'एक' शब्द एकवचन ही होता है, किन्तु 'एक' शब्द की गणना सर्वनाम में होती है। यह संख्या, अतुल्य, असहाय तथा अन्य—इतने अर्थों में प्रयुक्त होता है।*

एक

पुल्लिङ्ग

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	**एको**	**एके**

* **उदाहरण इस प्रकार जानना चाहिए—**

१. संख्या—एको दारको (= एक लड़का)।

२. अतुल्य—बुद्धो एकोव लोके (= लोक में बुद्ध अतुल्य हैं)।

३. असहाय—अहं एकोव अरञ्ञे विहरामि (= मैं जंगल में अकेला विहार करता हूँ)।

४. अन्य—एके एवं वदन्ति। (=कोई-कोई ऐसा कहते हैं)।

दुतिया	**एकं**	**एके**
ततिया	**एकेन**	**एकेहि, एकेभि**
चतुत्थी	**एकस्स**	**एकेसं, एकेसानं**
पञ्चमी	**एकम्हा, एकस्मा**	**एकेहि, एकेभि**
छट्ठी	**एकस्स**	**एकेसं, एकेसानं**
सत्तमी	**एकम्हि, एकस्मिं**	**एकेसु**

नपुंसकलिङ्ग

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	**एकं**	**एके, एकानि**
दुतिया	**एकं**	**एके, एकानि**

शेष रूप पुल्लिङ्ग के समान ही होंगे।

स्त्रीलिङ्ग

	एकवचन	बहुवचन
पठमा	**एका**	**एका, एकायो**
दुतिया	**एकं**	**एका, एकायो**
ततिया	**एकाय**	**एकाहि, एकाभि**
चतुत्थी	**एकस्सा, एकाय**	**एकासं, एकासानं**
पञ्चमी	**एकाय**	**एकाहि, एकाभि**
छट्ठी	**एकस्सा, एकाय**	**एकासं, एकासानं**
सत्तमी	**एकस्सं, एकायं**	**एकासु**

द्वि

'द्वि' बहुवचन होता है और इसके रूप तीनों लिंगों में समान होते हैं।

	बहुवचन
पठमा	**दुवे, द्वे**
दुतिया	**दुवे, द्वे**
ततिया	**द्वीहि, द्वीभि**

चतुत्थी	**द्विन्नं, दुविन्नं**
पञ्चमी	**द्वीहि, द्वीभि**
छट्ठी	**द्विन्नं, दुविन्नं**
सत्तमी	**द्वीसु**

उभ

'उभ' (=दोनों) शब्द भी बहुवचन होता है और इसके रूप तीनों लिंगों में समान होते हैं।

	बहुवचन
पठमा	**उभो**
दुतिया	**उभो**
ततिया	**उभोहि, उभोभि, उभेहि, उभेभि**
चतुत्थी	**उभिन्नं**
पञ्चमी	**उभोहि, उभोभि, उभेहि, उभेभि**
छट्ठी	**उभिन्नं**
सत्तमी	**उभोसु, उभेसु**

ति

'ति' (= तीन) शब्द भी बहुवचन होता है, किन्तु इसके रूप तीनों लिंगों में भिन्न होते हैं।

	पुल्लिङ्ग	नपुंसकलिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग
पठमा	**तयो**	**तीणि**	**तिस्सो**
दुतिया	**तयो**	**तीणि**	**तिस्सो**
ततिया	**तीहि, तीभि**	शेष रूप	**तीहि तीभि**
चतुत्थी	**तिण्णं, तिण्णन्नं**	पुल्लिङ्ग के	**तिस्सन्नं**
पञ्चमी	**तीहि, तीभि**	समान ही	**तीहि, तीभि**
छट्ठी	**तिण्णं, तिण्णन्नं**	होंगे	**तिस्सन्नं**
सत्तमी	**तीसु**		**तीसु**

चतु

'चतु' (= चार) शब्द भी बहुवचन होता है। इसके भी रूप तीनों लिंगों में भिन्न होते हैं।

	पुल्लिङ्ग	नपुंसकलिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग
पठमा	**चत्तारो, चतुरो**	**चत्तारि**	**चतस्सो**
दुतिया	**चत्तारो, चतुरो**	**चत्तारि**	**चतुस्सो**
तितिया	**चतूहि, चतूभि**	शेष रूप	**चतूहि, चतूभि**
चतुत्थी	**चतुन्नं**	पुल्लिङ्ग के	**चतस्सन्नं**
पञ्चमी	**चतूहि, चतूभि**	समान ही	**चतूहि, चतूभि**
छट्ठी	**चतुन्नं**	होंगे	**चतस्सन्नं**
सत्तमी	**चतुसु**		**चतुसु**

पञ्च

'पञ्च' से **'अट्ठारस'** तक के शब्द बहुवचन ही होते हैं और इनके रूप भी तीनों लिंगों में समान होते हैं।

	बहुवचन
पठमा	**पञ्च**
दुतिया	**पञ्च**
तितिया	**पञ्चहि, पञ्चभि**
चतुत्थी	**पञ्चन्नं**
पञ्चमी	**पञ्चहि, पञ्चभि**
छट्ठी	**पञ्चन्नं**
सत्तमी	**पञ्चसु**

अट्ठारस तक के सभी शब्दों के रूप इसी प्रकार होंगे।

एकूनवीसति

'एकूनवीसति' (=ऊन्नीस) से लेकर 'अट्ठनवुति' (=अट्ठानबे) तक सभी शब्द स्त्रीलिङ्ग, एकवचन होते हैं।

एकवचन

पठमा	**एकूनवीसति**
दुतिया	**एकूनवीसतिं**
तिया	**एकूनवीसतिया**
चतुत्थी	**एकूनवीसतिया**
पञ्चमी	**एकूनवीसतिया**
छट्ठी	**एकूनवीसतिया**
सत्तमी	**एकूनवीसतियं**

एकूनवीसति से अट्ठनवुति तक आकारान्त शब्दों के रूप 'लता' शब्द के समान और इकारान्त शब्दों के रूप 'रत्ति' शब्द के समान होंगे।

एकूनसतं

'एकूनसतं' (=निन्नानबे) से लेकर सतसहस्सं (=लाख) तक, सभी शब्द नपुंसक, एकवचन होते हैं।

एकवचन

पठमा	**एकूनसतं**
दुतिया	**एकूनसतं**
तिया	**एकूनसतेन**
चतुत्थी	**एकूनसतस्स, एकूनसताय**
पञ्चमी	**एकूनसता, एकूनसतस्मा, एकूनसतम्हा**
छट्ठी	**एकूनसतस्स**
सत्तमी	**एकूनसते, एकूनसतम्हि, एकूनसतस्मिं**

'सत' (=सौ) से आगे की संख्यायें इस प्रकार होती हैं :—

सतं	एक पर २ शून्य
सहस्सं	,, ३ ,,
नहुतं	,, ४ ,,

सतसहस्सं	,,	५ ,,
कोटि	,,	७ ,,
पकोटि	,,	१४ ,,
कोटिप्पकोटि	,,	२१ ,,
नहुतं	,,	२८ ,,
निन्नहुतं	,,	३५ ,,
अक्खोहिणी	,,	४२ ,,
बिन्दु	,,	४९ ,,
अब्बुदं	,,	५६ ,,
निरब्बुदं	,,	६३ ,,
अहहं	,,	७० ,,
अबबं	,,	७७ ,,
अटटं	,,	८४ ,,
सोगन्धिकं	,,	९१ ,,
उप्पलं	,,	९८ ,,
कुमुदं	,,	१०५ ,,
पुण्डरीकं	,,	११२ ,,
पदुमं	,,	११९ ,,
कथानं	,,	१२६ ,,
महाकथानं	,,	१३३ ,,
असंखेय्यं	,,	१४० ,,

इनमें से कोटि, पकोटि, कोटिप्पकोटि, अक्खोहिणी—शब्द स्त्रीलिङ्ग, एकवचन होते हैं।

कति

'कति' (=कितना) शब्द बहुवचन होता है और इसके रूप तीनों लिंगों में समान होते हैं।

बहुवचन

पठमा	कति
दुतिया	कति
तिया	कतीहि, कतीभि
चतुत्थी	कतीनं, कतिन्नं
पञ्चमी	कतीहि, कतीभि
छट्ठी	कतीनं, कतिन्नं
सत्तमी	कतीसु

पूरणार्थक शब्द

	पुल्लिङ्ग	नपुंसकलिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग
१	पठमो	पठमं	पठमा
२	दुतियो	दुतियं	दुतिया
३	तियो	तियं	तिया
४	चतुत्थो	चतुत्थं	चतुत्थी, चतुत्था
५	पञ्चमो	पञ्चमं	पञ्चमी
६	छट्ठो	छट्ठं	छट्ठा, छट्ठी
७	सत्तमो	सत्तमं	सत्तमा, सत्तमी
८	अट्ठमो	अट्ठमं	अट्ठमा, अट्ठमी
९	नवमो	नवमं	नवमा, नवमी
१०	दसमो	दसमं	दसमा, दसमी
११	एकादसो,एकादसमो	एकादसमं	एकादसी
१२	बारसो, बारसमो, द्वादसमो	बारसमं,द्वादसमं	द्वादसी
१३	तेरसो, तेरसमो	तेरसमं	तेरसी
१४	चतुद्दसमो	चतुद्दसमं	चतुद्दसी, चातुद्दसी
१५	पञ्चदसमो,पण्णरसमो	पञ्चदसमं, पण्णरसमं	पञ्चदसी, पण्णरसी

१६	**सोळसमो**	**सोळसमं**	**सोळसी**
१७	**सत्तरसमो, सत्तदसमो**	**सत्तरसमं, सत्तदसमं**	**सत्तरसी, सत्तदसी**
१८	**अट्ठारसमो, अट्ठादसमो**	**अट्ठारसमं, अट्ठादसमं**	**अट्ठारसी, अट्ठादसी**
१९	**एकूनवीसतिमो**	**एकूनवीसतिमं**	**एकूनवीसतिमा, एकूनवीसतिमी**

इसके आगे संख्यावाचक शब्दों के साथ 'म' लगाकर पूरणार्थक शब्द बना लेते हैं। जैसे—**एकवीसतिमो, तिंसतिमो।**

विशेष शब्द

अड्ढो (अड्ढेन चतुत्थो) = साढ़े तीन।
अड्ढतियो (अड्ढेन ततियो) = अढ़ाई।
दियड्ढो, दिवड्ढो (अड्ढेन दुतियो) = डेढ़।

अभ्यास

हिन्दी में अनुवाद कीजिए—

१. अहं एकेन मनुस्सेन सद्धिं गामं गतो। २. महापुरिसो सत्तदिवसानि वीतिनामेसि। ३. दसाहं दानं दातुं इच्छामि। ४. चतस्सो कुमारिकायो पतिनो गेहं गता। ५. दासी इतो चत्तारि फलानि गहेत्वा विहारं गच्छति। ६. अट्ठवीसति अजा खेत्तेसु चरन्ति। ७. वाणिजो तीणि वत्थानि किणित्वा आपणे देति। ८. सताधिकं गामं परिभुञ्जाम। ९. वाराणसियं अट्ठसतसहस्सं मनुस्सा वसन्ति। १०. मयं सत्तदिवसेहि कुसिनारं गमिस्साम। ११. अहं अड्ढतरतनं वत्थं याचकस्स ददिस्सामि। १२. अड्ढतियसतेहि भिक्खूहि परिवुतो सत्था जेतवनं अगमासि। १३. सोळसमो दारको मम जेट्ठपुत्तो होति। १४. कतीहि दिवसेहि कम्मं परिनिट्ठिस्सति? १५. अहं इमं अज्ज एव निट्ठापेस्सामि।

पालि में अनुवाद कीजिए—

१. दास ने आठ आम मुझे दिए। २. तीन दिनों से वह बीमार है। ३. मैंने आज दस कटहल (= पनस) के फलों को खरीदा है। ४. एक स्त्री अपने पति से झगड़ा करके (= कोलाहलं कत्वा) दो पुत्रों को ले माता के घर चली गई। ५. भिक्षु लोग सौ वर्ष से अधिक जीते हैं। ६. कितने दिनों से पानी बरस रहा है? ७. चालीस आदमी घास काटते हैं। ८. दासी ने सात पुस्तकें बच्चों को दिए। ९. तथागत अस्सीवें वर्ष में परिनिर्वाण को प्राप्त हुए (= परिनिब्बायि)। १०. एक रुपये में डेढ़ आम मिलते हैं। ११. सौ कार्षापणों से (= कहापणेहि) एक घर खरीद सकते हो। १२. अढ़ाई दिन में मैं नव कोस आया हूँ। १३. बकरी बारहवें दिन मर गई। १४. हाथियों ने जंगल में डेढ़ दिन तक वास किया। १५. सौ से अधिक आदमी यहाँ प्रतिदिन काम करते हैं।

उन्तीसवाँ पाठ

क्रिया

अनद्यतन भूत

जो काम आज से पहले अनद्यतन भूत में हुआ हो, उसमें **'पठ'** धातु आदि के रूप इस प्रकार होते हैं :—

	एकवचन	बहुवचन
पठम पुरिस	**पठा, अपठा, अपठ**	**अपठु, अपठू**
मज्झिम पुरिस	**अपठो**	**अपठित्थ, अपठुत्थ**
उत्तम पुरिस	**अपठ**	**अपठुम्हा, अपठिम्हा, अपठिम्ह**

अनद्यतन भूतकाल में 'वच' से **अवोच, अवोचु**; 'कर' से **अका**; 'गम' से **अगा**; 'गम' से **अगञ्छा**; 'डंस' से **अडञ्छा**; और 'दिस' से **अद्दस, अद्दा** रूप हो जाते हैं।

परोक्षभूत

जो काम आज से पहले हुआ हो तथा प्रत्यक्ष न हो, उस अर्थ में **'पठ'** धातु आदि के रूप इस प्रकार होते हैं—

	एकवचन	बहुवचन
पठम पुरिस	**पपठ**	**पपठु**
मज्झिम पुरिस	**पपठे**	**पपठित्थ**
उत्तम पुरिस	**पपठ**	**पपठिम्ह**

जो अपनी इन्द्रियों से अनुभूत न हो, उसे परोक्ष कहते हैं। स्वप्न, उन्माद तथा विषयान्तर में लगे हुए होने की स्थिति में अनुभूत क्रिया भी

परोक्ष समझी जाती है। इस प्रकार के परोक्ष में, उत्तम पुरुष में भी परोक्ष भूत का प्रयोग होता है। जैसे—**सुत्तोम्हं विललाप। मन्तोम्हं विललाप। अचेनवोहं पठवियं पपत।**

हेतुहेतुमद्भूत

जिस भूतकालिक क्रिया से जाना जाय कि एक क्रिया का होना दूसरी के ऊपर निर्भर था, तो उसे हेतुहेतुमद्भूत कहते हैं। जैसे—**सचे पठमवये पब्बज्जं अलभिस्सा, अरहा अभविस्सा** (= यदि वह प्रथम आयु में प्रव्रज्या पाए होता, तो अर्हत् हो गया होता)।

	एकवचन	बहुवचन
पठम पुरिस	**अपठिस्सा**	**अपठिस्संसु**
मज्झिम पुरिस	**अपठिस्से**	**अपठिस्सथ**
उत्तम पुरिस	**अपठिस्सं**	**अपठिस्सम्हा**

हेतुहेतुमद्भूत के कुछ विशेष धातु-रूप :—

धातु	रूप
कर	अकाहा, अकरिस्सा
हा	अहाहा, अहायिस्सा
लभ	अलच्छा, अलभिस्सा
वस	अवच्छा, अवसिस्सा
छिद	अच्छेच्छा, अच्छिन्दिस्सा
भिद	अभेच्छा, अभिन्दिस्सा
रुद	अरुच्छा, अरोदिस्सा
भुज	अभोक्खा, अभुञ्जिस्सा
मुच	अमोक्खा, अमुञ्चिस्सा
वच	अवक्खा, अवचिस्सा
प + विस	पावेक्खा, पाविसिस्सा
सक	सक्खिस्सा, सक्कुणिस्सा

सु	अस्सोस्सा, असुणिस्सा
अस	अभविस्सा

अत्तनोपद धातु-रूप

तीसरे पाठ में बतलाया गया है कि पालि में धातु के रूप **परस्सपद** और **अत्तनोपद** दो प्रकार के होते हैं, किन्तु परस्सपद के रूप ही बहुधा प्रयुक्त होते हैं, अतः यहाँ तक सभी धातुओं के परस्सपद (= परस्मैपद) रूप ही दिए गए हैं। यहाँ अत्तनोपद (= आत्मनेपद) में 'पठ' धातु के रूप सभी कालों में दिए जाते हैं। सभी धातुओं के रूप इसी प्रकार होंगे। यह स्मरण रखना चाहिए कि परस्सपद तथा अत्तनोपद के रूपों के प्रयोग में कोई अन्तर नहीं होता।

वत्तमानकाल[1]

	एकवचन	बहुवचन
पठम पुरिस	**पठते**	**पठन्ते**
मज्झिम पुरिस	**पठसे**	**पठव्हे**
उत्तम पुरिस	**पठे**	**पठाम्हे**

अनागतकाल[2]

	एकवचन	बहुवचन
पठम पुरिस	**पठिस्सते**	**पठिस्सन्ते**
मज्झिम पुरिस	**पठिस्ससे**	**पठिस्सव्हे**
उत्तम पुरिस	**पठिस्सं**	**पठिसाम्हे**

परिसमाप्त्यर्थकभूत[3]

	एकवचन	बहुवचन
पठम पुरिस	**अपठा, पठा, अपठित्थ**	**अपठू, पठू**

१. परस्सपद के रूप के लिए देखिये तीसरा पाठ।
२. ,, ,, चौदहवाँ पाठ।
३. ,, ,, सोलहवाँ पाठ।

मज्झिम पुरिस	**अपठसे, पठसे**	**अपठव्हं, पठव्हं**
उत्तम पुरिस	**अपठं, अपठ, पठं, पठ**	**अपठम्हे, पठम्हे**

विधिलिङ्ग[1]

	एकवचन	बहुवचन
पठम पुरिस	**पठेथ**	**पठेरं**
मज्झिम पुरिस	**पठेथो**	**पठेय्यव्हो**
उत्तम पुरिस	**पठेय्यं**	**पठेय्याम्हे**

अनुज्ञा[2]

	एकवचन	बहुवचन
पठम पुरिस	**पठतं**	**पठन्तं**
मज्झिम पुरिस	**पठस्सु**	**पठव्हो**
उत्तम पुरिस	**पठे**	**पठामसे**

अनद्यतनभूत[3]

	एकवचन	बहुवचन
पठम पुरिस	**अपठत्थ**	**अपठत्थुं**
मज्झिम पुरिस	**अपठसे**	**अपठव्हं**
उत्तम पुरिस	**अपठिं**	**अपठाम्हसे**

परोक्षभूत[4]

	एकवचन	बहुवचन
पठम पुरिस	**पपठित्थ**	**पपठिरे**
मज्झिम पुरिस	**पपठित्थो**	**पपठिव्हो**
उत्तम पुरिस	**पपठि**	**पपठिम्हे**

हेतुहेतुमद्भूत[5]

	एकवचन	बहुवचन
पठम पुरिस	**अपठिस्सथ**	**अपठिस्सिसु**

---

१. परस्पद के रूप के लिए देखिये उन्नीसवाँ पाठ।

२. परस्पद के रूप के लिए देखिये सत्रहवाँ पाठ।

३–५ ,, ,, उन्नीसवाँ पाठ।

मज्झिम पुरिस **अपठिस्ससे**	**अपठिस्सव्हे**
उत्तम पुरिस **अपठिस्सं**	**अपठिस्साम्हसे**

अभ्यास

हिन्दी में अनुवाद कीजिएः—

१. दारको अत्तनो गेहं गच्छते। २. सुरियो कदा अत्थं गमिस्सते? ३. सचे त्वं विज्जालयं अगमिस्से, पञ्ञवा अभविस्से। ४. मास्सु पुनपि एवरूपमकासि। ५. मा भवं अगमा वनं। ६. सुभद्दो नाम परिब्बाजको अलत्थ पब्बज्जं, अलत्थ उपसम्पदं च। ७. मयं एवं कातुं न दम्हा। ८. भूतपुब्बं रामो नाम राजा बभूव। ९. रामपण्डितो वनं जगाम। १०. अहं चे पुञ्ञानि न अकरिस्सं, सग्गं लोकं न अलभिस्सं। ११. मयं तं कम्मं न अकरम्हा। १२. मयं अपि न जीविस्साम। १३. माणवा(= विद्यार्थी) पातोव पबुज्झित्वा पोत्थके वाचन्ति। १४. चन्दाभेन फलानि वड्ढीयन्ते। १५. सुक्को नभे न भमति।

पालि में अनुवाद कीजिएः—

१. यदि मैं घर न जाता, तो भोजन नहीं पाता। २. रानी (= देवी) ने एक स्वप्न देखा। ३. महामाया देवी सातवें दिन मर गयीं। ४. तुम्हें पुस्तक पढ़नी होगी। ५. सूरज पूरब में उदय होता है। ६. लड़का सबेरे पढ़ता है। ७. नगर में एक बनिया रहता है। ८. स्त्री शाम को खेलने जाती है। ९. भगवान् ने भिक्षुओं को देखा। १०. मैं बुद्ध की शरण गया। ११. देवदत्त अपने भाई के साथ घर गया। १२. उपासक लोग संघ को दान देते, तो संघ की बढ़ती होती। १३. यदि ईश्वर (= इस्सरो) होता, तो कोई दुःखी न होता। १४. आत्मा नहीं है, यदि होता तो लोक का विपरिणाम-स्वभाव (= विपरिणामधम्मता) न होता। १५. यदि दुःख है, तो निर्वाण भी अवश्य होगा।

तीसवाँ पाठ

उपसर्ग

पालि में अव्यय पाँच प्रकार के होते हैं—(१) **उपसर्ग**, (२) **निमित्तार्थक**, (३) **पूर्वकालिक**, (४) **तद्धितान्त**, और (५) **रूढ़ि** या **निपात**। इनमें से निमित्तार्थक (देखिए इक्कीसवाँ पाठ), पूर्वकालिक (देखिये चौदहवाँ पाठ), तथा निपात (देखिये ग्यारहवाँ पाठ) के वर्णन किए जा चुके हैं।

उपसर्ग बीस हैं—**प, परा, नि, नी, उ, दु, सं, वि, अव, अनु, परि, अभि, अधि, पति, सु, आ, अति, अपि, अप, उप**। उपसर्ग धातुओं के प्रारम्भ में लगते हैं। उपसर्ग लगने पर क्रिया के अर्थ में कभी तो कुछ विशेषता हो जाती है, कभी भिन्न और कभी बिलकुल उल्टा ही अर्थ हो जाता है। जैसेः—

जहति = छोड़ता है— **पजहति** = एकदम छोड़ता है।
गच्छति = जाता है— **आगच्छति** = आता है।
हरति = हरण करता है— **पहरति** = मारता है।
आहरति = लाता है— **संहरति** = संहार करता है।

उपसर्गों के कुछ उदाहरण

१. '**प**' उपसर्ग

पब्बजति = घर से निकल जाता है।
पसारेति = फैलाता है।
पच्छिन्दति = काटता है।
पकोपेति = अत्यन्त कुपित होता है।

पभाति = खूब चमकता है।
पजानाति = भली प्रकार जानता है।

२. **'परा'** उपसर्ग

पराजयति = हराता है।
पलेति = भागता है।
परामसति = स्पर्श करता है।

३-४. **'नी'**,**'नि'** उपसर्ग

निक्खमति = निकलता है।
निग्गच्छति = बाहर निकलता है।
निट्ठापेति = समाप्त करता है।
निसामेति = ध्यानपूर्वक सुनता है।

५. **'उ'** उपसर्ग

उग्गच्छति = ऊपर उठता है।
उट्ठहति = उठता है।

६. **'दु'** उपसर्ग

दुक्कर = दुष्कर
दुग्गत = दुर्गत
दुग्गन्ध = दुर्गन्ध

७. **'सं'** उपसर्ग

संवदति = संवाद करता है।
संवरति = ढँकता है
संसीदति = डूबता है।

८. **'वि'** उपसर्ग

विचरति = विचरण करता है।
विहरति = विहार करता है।
विवदति = झगड़ा करता है।
विवरति = उघाड़ता है।
विरमति = रुकता है।

९. 'अव' उपसर्ग

अवजानाति = निन्दा करता है।
अवसज्जति = छोड़ता है।
अवमञ्ञति = निरादर करता है।

१०. 'अनु' उपसर्ग

अनुकम्पति = अनुकम्पा करता है।
अनुकरोति = अनुकरण करता है।
अनुजानाति = स्वीकृति देता है।
अनुतप्पति = अनुताप करता है।

११. 'परि' उपसर्ग

परिक्खति = परीक्षा लेता है।
परिभवति = अनादर करता है।
परिसहति = हरा देता है।

१२. 'अभि' उपसर्ग

अभिधावति = किसी ओर दौड़ता है।
अभिहरति = लाता है।

१३. 'अधि' उपसर्ग

अधिभवति = हरा देता है।
अधिवासेति = स्वीकार करता है।

१४. 'पति' उपसर्ग

पटिक्कमति = लौटता है।
पटिगच्छति = पीछे छोड़ निकल जाता है।
पटिसंथरति = कुशल-मंगल पूछता है।

१५. 'सु' उपसर्ग

सुकत = सुकृत
सुकुमार = कोमल
सुगन्ध = सुगन्ध

१६. 'आ' उपसर्ग

आगच्छति = आता है।
आदाति = लेता है।
आपुच्छति = आज्ञा लेता है।

१७. 'अति' उपसर्ग

अतिक्कमति = पार कर जाता है।
अतिभुञ्जति = खूब खाता है।

१८. 'अपि' उपसर्ग

अपिधान = ढँकना
अपिलपेति = डींग मारता है।

१९. 'अप' उपसर्ग

अपेति = हट जाता है।
अपक्कमति = निकल जाता है।
अपवदति = निन्दा करता है।

२०. 'उप' उपसर्ग

उपकरोति = उपकार करता है।
उपगच्छति = पास जाता है।
उपेक्खति = उपेक्षा करता है।
उपज्जति = उत्पन्न होता है।
उपरमति = हटता है।

अभ्यास

हिन्दी में अनुवाद कीजिए—

१. तथागतो अनुकम्पं कत्वा धम्मं देसेति। २. भिक्खु तस्स उपकारं सरित्वा पब्बाजेसि। ३. दारको हत्थेन नागस्स सीसं परामसि। ४. सिद्धत्थकुमारो एकूनतिंसतिमे वस्से गेहा निक्खमि। ५. इत्थी आसना उट्ठहति। ६. दुग्गतो पुरिसो मग्गे कालं कतो। ७. दासो सरितायं संसीदति। ८.

भगवा अनाथपिण्डिकस्स जेतवनारामे विहरति। ९. भटो तं पुरिसं अवसज्जति। १०. मक्कटो कप्पकं अनुकरोति। ११. वेज्जो तस्स भरियं परिक्खति। १२. सो मग्गे अभिधावित्वा विहारं गच्छति। १३. अहं तव पत्थनं अधिवासेमि। १४. सुकुमारो राहुलकुमारो पब्बज्जं च उपसम्पदं च अलभि। १५. सो ब्राह्मणो पूरलासं अतिभुञ्जित्वा गिलानो जातो।

पालि में अनुवाद कीजिए:—

१. मैं गाँव से आ रहा हूँ। २. स्त्री हाथों को फैलाती है। ३. बोधिसत्व ने मार को हरा दिया। ४. मजदूर ने (=कम्मकरो) काम को समाप्त कर दिया। ५. भिक्षु आसन से उठता है। ६. कहाँ से इतनी दुर्गन्ध आ रही है? ७. चोर ने धन को कपड़े से ढँक दिया। ८. मेरे आचार्य कुशीनगर में (=कुसिनारायं) विहार करते हैं। ९. मैं उनका कभी भी अनादर नहीं करता हूँ। १०. पापी परलोक में अनुताप करता है। ११. तथागत ने बिम्बिसार के निमंत्रण को चुपचाप स्वीकार कर लिया। १२. तुम्हारा भाई बाजार से (= आपणम्हा) आ रहा है। १३. तू अपने पिता से आज्ञा लेकर प्रव्रजित हो। १४. वहाँ से थोड़ी दूर (= थोकं) हट जाओ। १५. सुमेधा भिक्षुणी जहाँ भगवान् थे (= येन भगवा), वहाँ (= तेन) गई।

एकतीसवाँ पाठ

तद्धित

नाम (=संज्ञा) में प्रत्यय लगने से जो नये शब्द बनते हैं, उन्हें 'तद्धित' कहते हैं। यह स्मरण रखना चाहिए कि उपसर्ग पहले लगा करते हैं और प्रत्यय पीछे। यहाँ तद्धित के कुछ उदाहरण दिए जाते हैं:—

'वाला' अर्थवाले तद्धित शब्द

नाम	प्रत्यय	तद्धित	अर्थ
गति	मन्तु	**गतिमन्तु**	गतिवाला
सति	मन्तु	**सतिमन्तु**	स्मृतिवाला
सील	वन्तु	**सीलवन्तु**	शीलवाला
पञ्ञा	वन्तु	**पञ्ञवन्तु**	प्रज्ञावाला
दण्ड	इक	**दण्डिको**	दण्डवाला
गन्ध	ई	**गन्धी**	गन्धवाला
धन	इक	**धनिको**	धनवाला
धन	ई	**धनी**	धनवाला
अत्थ	इक	**अत्थिको**	अर्थवाला
तप	स्सी	**तपस्सी**	तपस्वी
मन	स्सी	**मनस्सी**	मनस्वी
मधु	र	**मधुरो**	मीठा
मुख	र	**मुखरो**	बहुत बोलनेवाला
सालि	भ	**सालिभो**	धानवाला
सद्धा	अ	**सद्धो**	श्रद्धावाला
पञ्ञा	अ	**पञ्ञो**	प्रज्ञावाला

तप	ण	**तापसो**	तप करनेवाला
अभिज्झा	आलु	**अभिज्झालु**	लोभी
दया	आलु	**दयालु**	दयावाला
जटा	इल	**जटिलो**	जटावाला
सील	व	**सीलवो**	शीलवाला
अण्ण	व	**अण्णवो**	समुद्र
माया	वी	**मायावी**	मायावाला
मेधा	वी	**मेधावी**	बुद्धिवाला
स (= स्व)	आमी	**सामी**	अधिकार रखनेवाला
स	उवामी	**सुवामी**	अधिकार रखनेवाला
लक्खी	ण	**लक्खणो**	लक्ष्मीवाला
अङ्ग	न	**अङ्गना**	सुन्दर अंगोंवाली
लोम	सो	**लोमसो**	लोमवाला
पुत्त	इम	**पुत्तिमो**	पुत्रवाला
सेना	इय	**सेनियो**	सेनावाला

भाववाची तद्धित शब्द

नाम	प्रत्यय	तद्धित	अर्थ
नील	त्त	**नीलत्तं**	नीलत्व
बुद्ध	त्त	**बुद्धत्तं**	बुद्धत्व
मनुस्स	ता	**मनुस्सता**	मनुष्यता
सहाय	ता	**सहायता**	सहायता
जाया	त्तन	**जायत्तनं**	स्त्रीत्व
आलस	ण्य	**आलस्सं**	आलस्य
दायाद	ण्य	**दायज्जं**	उत्तराधिकार
सुचि	णेय्य	**सोचेय्य**	पवित्रता
उजु	ण	**अज्जवं**	ऋजुता
मुदु	ण	**मद्दवं**	मृदुता

नग्ग	इय	**नग्गियं**	नग्नता
सूर	इय	**सुरियं**	सूरता
आलस	णिय	**आलसियं**	आलस्य
दास	ब्य	**दासब्यं**	दासता
युव	नण्	**योब्बनं**	जवानी
अणु	इम	**अणिमा**	अणुत्व
महन्त	इम	**महिमा**	महत्व

देवता तथा पूर्णता के अर्थ में

सुगत	ण	**सोगतो**	बौद्ध
महिन्द	ण	**माहिन्दो**	महेन्द्र का उपासक
वरुण	ण	**वारुणो**	वरुण का उपासक
माघी	ण	**माघो**	माघ मास
फग्गुनी	ण	**फग्गुनो**	फागुन मास

विभिन्न अर्थों में

उदुम्बर	ण	**ओदुम्बरो**	गूलरवाला स्थान
वीणा	णिक	**वेणिको**	वीणा बजाने के शिल्प वाला
तिचीवर	णिक	**तेचीवरिको**	तीन चीवर धारण करनेवाला
गन्ध	क	**गन्धिको**	गन्ध बेचनेवाला
तोमर	णिक	**तोमरिको**	भाला चलानेवाला
यं	त्तक	**यत्तकं**	जितना
सब्बं	आवन्तु	**सब्बावन्तं**	सभी
किं	रति	**कति**	कितना
किं	रीव	**कीव**	कितना
किं	रीवतक	**कीवतक**	कितना

किं	रित्तकं	**कित्तकं**	कितना
तारक	इत	**तारकितं**	तारोंवाला
हत्थ	मत्त	**हत्थमत्तं**	हाथ भर
सत	मत्त	**सतमत्तं**	सौ भर
जाणु	मत्त	**जाणुमत्तं**	घुटने भर
जाणु	तग्घ	**जाणुतग्घं**	घुटने भर
पुरिस	ण	**पोरिसं**	पुरुष भर ऊँचा
उभ	अय	**उभयं**	दोनों अंश
ति	अय	**तयं**	तीनों अंश
एक	क	**एकको**	अकेला
एक	आकी	**एकाकी**	अकेला
पाप	रतर	**पापतरो**	महापापी
पाप	रतम	**पापतमो**	अत्यन्त पापी
पाप	इस्सिक	**पापिस्सिको**	अत्यन्त पापी
कण	इय	**कणियो**	छोटा
कण	इट्ठ	**कनिट्ठो**	सबसे छोटा
व्याकरण	ण	**वेय्याकरणो**	व्याकरण जाननेवाला
पद	क	**पदको**	पद जाननेवाला
सुत्तन्त	णिक	**सुत्तन्तिको**	सुत्तन्त जाननेवाला
सूकर	णिक	**सूकरिको**	सूअर मारनेवाला
वेद	ल्ल	**वेदल्लं**	प्रसन्नता से युक्त
दक्षिणा	णेय्य	**दक्खिणेय्यो**	दक्षिणा पाने योग्य
काय	णिक	**कायिकं**	शरीर से किया गया
हलिद्द	ण	**हालिद्दं**	हल्दी के रंग में रँगा
देव	ल	**देवलो**	देवता द्वारा दिया गया
ब्रह्म	इय	**ब्रह्मियो**	ब्रह्मा द्वारा दिया गया
पाक	इम	**पाकिमं**	पकाया हुआ

लोक	णिक	**लोकिको**	लौकिक
मातु	णिक	**मत्तिकं**	माता की ओर से आया
रघु	ण	**राघवो**	रघु का पुत्र
वसिट्ठ	ण	**वासिट्ठो**	वशिष्ठ का पुत्र
वच्छ	णान	**वच्छानो**	वत्स गोत्र में उत्पन्न
कच्चान	णायन	**कच्चायनो**	कात्यायन गोत्र में उत्पन्न
समण	णेर	**सामणेर**	श्रमण का वंशज
भगिनी	णेय्य	**भागिनेय्यो**	भांजा
दिति	ण्य	**देच्चो**	दिति का वंशज
कुण्डिनि	ण्य	**कोण्डञ्ञो**	कुण्डिनि का वंशज
दोण	णि	**दोणि**	द्रोण का वंशज
राज	ञ्ञो	**राजञ्ञो**	राजा की जाति का
खत्त	इय	**खत्तियो**	क्षत्रिय जाति का
मनु	स्स	**मनुस्सो**	मनुष्य
मनु	सण	**मानुसो**	मानुष
पञ्चाल	ण	**पञ्चालो**	पञ्चाल का राजा
कोसल	ण	**कोसलो**	कोशल का राजा
कुरु	ण्य	**कोरव्यो**	कुरु का वंशज या राजा
विदिसा	सो	**वेदिसं**	विदिशा के पास
संघ	णिक	**संघिकं**	संघ का
पुग्गल	णिक	**पुग्गलिकं**	किसी व्यक्ति विशेष का
नाथपुत्त	णिक	**नाथपुत्तिको**	नाथपुत्र का, जैनी
सुगत	ण	**सोगतं**	भगवान् बुद्ध का
महिस	ण	**माहिसं**	भैंस का
कवि	य	**कव्यं**	काव्य
गो	य	**गव्यं**	गाय का
पितु	रेय्यण	**पेत्तेय्यो**	पिता का भाई = चाचा, पिता के हित के लिए

मातु	छ	**मातुच्छा**	मौसी
पितु	छ	**पितुच्छा**	फूआ
पितु	आमह	**पितामहो**	बाबा
,,	,,	**पितामही**	ईया
मातु	,,	**मातामही**	नानी
,,	,,	**मातामहो**	नाना
मातु	रेय्यण	**मत्तेय्यो**	माता के लिए
वच्छ	तर	**वच्छतरो**	छोटा बछड़ा
कपोत	ण	**कापोतं**	कबूतर का
कप्पास	णिक	**कप्पासिकं**	कपास का बना
कोस	णेय्य	**कोसेय्यं**	रेशम का बना
तिण	मय	**तिणमयं**	तृण का
गो	मय	**गोमयं**	गोबर
जतु	स्सण	**जातुस्सं**	लाह का बना
मनु	कण	**मानुस्सकं**	मनुष्यों का जमाव
काक	ण	**काकं**	कौवों का राजा
आपूप	णिक	**आपूपिकं**	पूए की ढेर
जन	ता	**जनता**	जन-समूह
बन्धु	ता	**बन्धुता**	बन्धु-समूह
चक्खु	स्स	**चक्खुस्सं**	चक्षु के लिए
मुदु	जातिय	**मुदुजातियो**	कोमल स्वभाव का
उर	ण	**ओरसो**	औरस
मगध	ण	**मागधो**	मगध में उत्पन्न
कपिलवत्थु	ण	**कापिलवत्थवो**	कपिलवस्तु में उत्पन्न
पुरा	तन	**पुरातनो**	पुरातन
अमा(= साथ)	अच	**अमच्चो**	साथ रहनेवाला मंत्री
मज्झ	इम	**मज्झिमो**	मध्य का

कुसिनारा	कण	**कोसिनारको**	कुशीनारा में हुआ
पब्बत	णेय्य	**पब्बतेय्यो**	पर्वत पर हुआ
बाराणसी	णेय्यक	**बाराणसेय्यको**	वाराणसी में हुआ
चम्पा	णेय्यक	**चम्पेय्यको**	चम्पा में हुआ
गाम	य	**गम्मो**	ग्राम्य
पञ्चाल	इय	**पञ्चालियो**	पञ्चाल में हुआ
सुसान	णिक	**सोसानिको**	श्मशान में रहनेवाला
द्वार	णिक	**दोवारिको**	द्वारपाल
परिसद	ण्य	**पारिसज्जो**	पार्षद
कम्म	निय	**कम्मनियं**	सुन्दर
कम्म	ञ्ञ	**कम्मञ्ञं**	सुन्दर
कथा	इक	**कथिको**	कहनेवाला
पथ	णेय्य	**पाथेय्यं**	पाथेय
सम्पत्ति	णेय्य	**सापतेय्यं**	धन

कुछ विशेष तद्धित शब्द

शब्द	अर्थ
विमातरो	विविधा माताएँ
वेमातिका	विविध माताओं के पुत्र
पथावी	पथ में जानेवाला
इस्सुकी	ईर्ष्यालु
धोरय्हा	बोझ ढोनेवाला
हीनको	हीन
पोतको	बच्चा
किच्चयं	कृत्य

ये तद्धित शब्द निपात हैं

शब्द	अर्थ
कोसज्जं	आलस्य-भाव

सुहज्जो	सुहृद, सज्जन
सोहज्जं	सुहृदता
आरिस्सं	ऋषि का
आसभं	साँढ़ का
आजञ्ञं	आजानीयता
थेय्यं	चोरी
बाहुसच्चं	बहुश्रुतता

अभ्यास

हिन्दी में अनुवाद कीजिए—

१. गतिमन्ता वेगेन धावन्ति। २. दण्डिको दण्डेन चोरं पहरि। ३. धनिको एकं विहारं भिक्खूनं कारापेसि। ४. अत्थिको धनं परियेस्सिस्सति। ५. तपस्सी तपं कत्वा सग्गं गमिस्सति। ६. अण्णवे महाजलरासि अत्थि। ७. अङ्गना अत्तनो रूपं आदासे (= शीशा में) ओलोकेति। ८. लोमसा तापसी विहारं छड्डेत्वा कुहिं गता? ९. किच्चे सति (= होने पर) आलस्सं कातुं न वट्टति। १०. तं अहं दासब्या मोचेमि। ११. सोगता सदा चेतियं वन्दन्ति। १२. हत्थमत्तं भूमिं याचित्वा अपि नालद्धं। १३. कनिट्ठो भाता अज्ज इतो नगरं गतो। १४. कायिकं पापकम्मं कटुकप्फलं होति। १५. कोसिनारको धम्मरक्खितो भिक्खु इमं पोत्थकं लिखति।

पालि में अनुवाद कीजिए—

१. वह वाराणसी का रहनेवाला भिक्षु कब यहाँ आयेगा? २. मैं बोझ ढोनेवाले बैल के समान हूँ। ३. धर्म-कथित आज उपदेश देगा। ४. द्वारपाल भीतर नहीं जाने देगा। ५. श्मशान में रहनेवाला भिक्षु ध्यान-लाभी (= झानलाभी) है। ६. मेरा औरस पुत्र स्कूल में अब पढ़ता है। ७. जनता भूख से (=जिघच्छाय) मर रही है। ८. भारतवर्ष में (= जम्बु-दीपे) कोई राजा नहीं है। ९. कपास का वस्त्र कोमल (= मुदुं) होता है।

१०. तुम्हारी नानी अत्यन्त बूढ़ी हो गई है। ११. विदिशा के पास चेतियगिरि विहार है। १२. महाकात्यायन स्थविर (= थेरो) उज्जयिनी में (= उज्जेनियं) पैदा हुए थे। १३. उस समय कुशीनगर (= कुसिनारा) घुटने भर मन्दारव-पुष्पों (= मन्दारवपुप्फेहि) भर गया था। १४. भाला चलानेवाला सिपाही (= भटो) जंगल को जा रहा है। १५. बोधिसत्व ने वैशाख पूर्णिमा के दिन (= वेसाखपुण्णमि-दिवसे) बुद्धत्व प्राप्त किया।

बत्तीसवाँ पाठ

तद्धितान्त अव्यय

संज्ञा और सर्वनाम के पीछे तद्धित के कुछ प्रत्यय लगने से अव्यय बन जाते हैं, उन्हें ही 'तद्धितान्त'[1] कहते हैं। वैसे प्रत्यय चौदह हैं—(१) तो, (२) त्र, (३) त्थ, (४) धि, (५) हिं, (६) हं, (७) दा, (८), था, (९) धा, (१०) ञ्हं, (११) एधा, (१२) क्खत्तुं, (१३) सो और (१४) ची।

प्रत्यय	तद्धितान्त	अर्थ
१. तो*	चोरतो	चोर से
	कुतो	कहाँ से
	ततो	वहाँ से
	यतो	जहाँ से
	इतो	यहाँ से
	अतो	यहाँ से
	अभितो	दोनों ओर से
	परितो	चारों ओर से
	पच्छतो	पीछे से
	हेट्ठतो	नीचे से

---

१. देखिये तीसवाँ पाठ।

* 'तो' प्रत्यय पञ्चमी विभक्ति के अर्थ में प्रयुक्त होता है। 'तो' प्रत्यय के लग जाने पर शब्द अव्यय हो जाता है। जैसे—**गामस्मा गच्छति=गामतो गच्छति** (=गाँव से जाता है)।

	आदितो	प्रारम्भ से
	मज्झतो	बीच से
	अन्ततो	अन्त से
	पिट्ठितो	पीछे से
	पस्सतो	पार्श्व से
	मुखतो	सामने से
२–३. त्र, त्थ		
	सब्बत्र, सब्बत्थ	सर्वत्र
	यत्र, यत्थ	जहाँ
	तत्र, तत्थ	वहाँ
	परत्र, परत्थ	दूसरी जगह
४. धि		
	सब्बधि	सब जगह
५. हिं		
	यहिं	जहाँ
६. हं		
	तहं, तहिं	तहाँ
	कुहिं, कुहं	कहाँ
	कुहिंचन, कुहिञ्चि	कहीं भी
७. दा		
	सब्बदा	सर्वदा
	एकदा	एक समय
	अञ्ञदा	दूसरे समय
	यदा	जब
	तदा	तब
८. था		
	सब्बथा	सर्वथा

यथा	जैसे
तथा	वैसे

९. धा

द्विधा	दो भाग में
एकधा	एक भाग में
बहुधा	बहुत भाग में, प्रायः

१०. एधा

द्वेधा, द्विधा	दो प्रकार से
तेधा, तिधा	तीन प्रकार से

११. ज्झं

एकज्झं	एक प्रकार से

१२. क्खत्तुं

द्विक्खत्तुं	दो बार
कतिक्खत्तुं	कितनी बार
बहुक्खत्तुं	बहुत बार

१३. सो

खण्डसो	खण्ड-खण्ड करके
एकेकसो	एक-एक करके
पुथुसो	विस्तार से
सब्बसो	सब प्रकार से

१४. ची

धवली करोति	उजला करता है
धवली सिया	उजला होवे
धवली भवति	उजला होता है

ये शब्द निपात हैं :—

कत्थ, कुत्र, क्व,	कहाँ
अत्र, एत्थ	यहाँ

इध, इह	यहाँ
कदा, कुदा	किस समय
सदा	हमेशा
अधुना, इदानि	इस समय
अज्ज	आज
सज्जु	उसी दिन
अपरज्जु	दूसरे दिन
एतरहि	इस समय
करह	किस समय
कथं	कैसे
इत्थं	इस प्रकार

अभ्यास

हिन्दी में अनुवाद कीजिए—

१. कुतो महाराज ! त्वं दिवादिवस्स आगच्छसि ? २. भन्ते ! जनो चोरतो भायति । ३. अहं यतो यतो गच्छामि, ततो ततो वेदल्लं अनुभवामि । ४. इतो तिण्णं मासानं अच्चयेन तथागतस्स परिनिब्बानं भविस्सति । ५. तथागतस्स पच्छतो पच्छतो सुप्पियो परिब्बाजको गच्छति । ६. आदितो एव भगवा सीलं पकासेति । ७. सब्बत्थ अधुना चेतियानि विज्जन्ति । ८. एकदा मल्लिका देवी जेतवनं अगमासि । ९. अज्जदा सो दुग्गतो पुरिसो भिक्खं न याचति । १०. तदा एको कुलपुत्तो उट्ठहित्वा पञ्हे पुच्छि । ११. यथा यो कम्मं करोति, तथा सो विपाकं अनुभवति । १२. बहुधा दारका रोदन्ति एव । १३. तं धनं एकज्झं कत्वा सुखं विन्दिस्सामि । १४. खण्डसो मंसे विभजित्वा पचित्वा च ते नरा भुञ्जन्ति । १५. भिक्खु अत्तनो चीवरं सब्बसो धवली करोति ।

पालि में अनुवाद कीजिए—

१. आज बहुत गर्मी है । २. मैं इस समय कैसे वहाँ जाऊँगा ? ३.

तुम सदा ही सोते रहते हो। ४. जहाँ से जो मिले ले लो। ५. प्रारम्भ से ही लड़कों को स्कूल भेजूँगा। ६. उसने नीचे से पेड़ काटा। ७. तथागत सर्वत्र ही जाते हैं। ८. वे कहीं भी नहीं बैठते। ९. स्त्री को पुत्र कब उत्पन्न हुआ ? १०. वाराणसी में एक बौद्ध (=सोगतो) रहता है। ११. वहाँ के लोग उसे श्यामचरण नाम से (= सामचरणोति नामेन) जानते हैं। १२. उसी की पुत्री का नाम मल्लिका है। १३. मैं वहाँ गया था और उनके साथ बातचीत (= कथासल्लापं) की थी। १४. उन्होंने दो बार मेरी वन्दना की। १५. बहुत बार उन्होंने मुझे भोजन दिया। १६. वे प्रारम्भ से ही बुद्धधर्म में (= बुद्धधम्मे) श्रद्धावान् हैं।

तैंतीसवाँ पाठ

कृदन्त

धातु में प्रत्यय लगाने से जो नये शब्द बनते हैं, वे 'कृदन्त' कहलाते हैं। कृदन्त शब्दों के कुछ उदाहरण तथा प्रयोग पहले दिए जा चुके हैं (देखिये, अठारहवाँ और उन्नीसवाँ पाठ)। यहाँ कृदन्त के प्रत्यय और नियम दिए जा रहे हैं।

धातु से परे भाव-वाच्य और कर्म-वाच्य[1] में प्रायः **तब्ब** और **अनीय** प्रत्यय होते हैं।

मया हसितब्बं, मया हसनीयं = मेरे द्वारा हँसा जाना चाहिये।
मया निसीदितब्बं, मया निसीदनीयं=मेरे द्वारा बैठा जाना चाहिए।
मया कातब्बो, मया करणीयो=मेरे द्वारा किया जाना चाहिए
मया सोतब्बानि वचनानि=मुझे वचन सुनने चाहिए।
मया सवनीयानि वचनानि= ,, ,,।
सिनानीयं चुण्णं=स्नान करने योग्य चूर्ण।
उपट्ठानीयो सिस्सो=उपस्थान कराने योग्य शिष्य।
सोतब्बं, सवनीयं=सुनने योग्य।
एसितब्बं=खोजना चाहिए।
कोसितब्बं=आक्रोषण करना चाहिए।
चेतब्बं=चुनना चाहिए।
गन्तब्बं=जाना चाहिए।
चयनीयं=चुनना चाहिए।
हन्तब्बं=हनन करना चाहिए।

---

१. देखिये, उन्तालीसवाँ पाठ।

निपज्जितब्बं=लेटना चाहिए।
भेतब्बं – फोड़ना चाहिए।
कातब्बं=करना चाहिये।
भवितब्बं=होना चाहिये।
निसीदितब्बं=बैठना चाहिए।

प्रायः ऊपर के ही अर्थ में धातु से परे '**ण्यण**' प्रत्यय आता है। 'ण्यण' का '**य**' रह जाता है—

मया इदं न वाक्यं=मुझे यह नहीं कहना चाहिए।
सिस्सेन पुप्फानि चेय्यानि=शिष्य को फूल चुनने चाहिये।
धनिकेहि दलिद्दानं दानं देय्यं=धनिकों द्वारा दरिद्रों को दान देना चाहिए।
अच्छानि जलानि पेय्यानि=स्वच्छ जल पीने चाहिए।
चेय्यं=चुनना चाहिये।
वज्जं=निन्दनीय
किच्चं=कृत्य
गुय्हं=छिपाना चाहिए।

'इस काम को करने वाला' अर्थ में धातु से परे 'ण्वु' और 'णक' प्रत्यय होते हैं। 'ण्वु' का '**तु**' और 'णक' का '**अक**' रह जाता है—

दातु, दायको=देने वाला
वत्तु, वाचको=बोलने वाला
नेत्तु, नायका=नायक
सोतु, सावको=सुनने वाला
जेतु, × =जीतने वाला
छेत्तु, छेदको=छेदने वाला

प्रत्यय	कृदन्त	अर्थ
आवी	भयदस्सावी	भय देखने वाला
अक	जीवको	बहुत दिन जीने वाला

अक	नन्दको	आनन्द से रहने वाला
गान	कारणं	करने वाला
णन	हायनो	वर्ष
कू	विदू	जानने वाला
,,	विज्ञू	जानने वाला
अण	कुम्भकारो	कुम्भ को बनाने वाला
,,	मन्तज्झायो	मन्त्र पढ़ने वाला
रू	वेदगू	विद्वान्
,,	पारगू	पार जाने वाला
णी	उण्हभोजी	गरम खाने वाला
,,	खीरपायी	दूध पीने वाला
अ	पग्गहो	पकड़ना
,,	निग्गहो	निग्रह
,,	जयो	जीतना
घण	पाको	पकना
,,	चागो	त्याग
,,	विचारो	विचार
,,	लाभो	लाभ
इ	आदि	आदान करना, लेना
,,	निधि	निधान करना
अथु	वमथु	वमन करना
क्कि	अभिभू	विजयी
,,	सयम्भू	स्वयम्भू
अ	जिगुच्छा	घृणा
ण	तारा	तरण करना
,,	धारा	धारण करना
क्ति	भत्ति	भक्ति

,,	सति	स्मृति
,,	वड्ढि	वृद्धि
क	रुजा	पीड़ा
,,	मुदा	मोद
यक	विज्जा	विद्या
,,	इच्छा	इच्छा
य	पब्बज्जा	प्रव्रज्या
अन	वेदना	वेदना
,,	वन्दना	वन्दना
अन	गमनं	जाना
,,	दानं	दान
,,	सरणं	शरण
नि	हानि	हानि
,,	जानि	खराब होना
इ	वचि	बोलना
,,	युधि	लड़ाई करना

भूतकाल के अर्थ में धातु से परे **'क्तवन्तु'** और **'क्तावी'** प्रत्यय होते हैं :—

जि	विजितवन्तु	विजय पाया हुआ
,,	विजितावी	,,

भूतकाल के अर्थ में कर्म और भाववाचक में **'क्त'** प्रत्यय होता है—

धातु	कृदन्त	अर्थ
कर	कतं	किया गया
वि + जि	विजितं	जीता गया, राज्य
हस	हसितं	हँसा गया
कर	पकतो	किया गया

सु	पसुत्तो	सोया हुआ
ठा	उपट्ठितो गुरुं भवं	आपने गुरु की सेवा की
भुज	इदं तेसं भुत्तं	इस स्थान पर उन लोगोंने भोजन किया था।
दिस	दिट्ठो	देखा गया।
रुद	रोदितं	रोया गया।

'क्तवन्तु' और 'क्त' प्रत्यय वाले कुछ विशेष धातु के रूप इस प्रकार होते हैं:—

गम = **गतवा, गतं**
मन = **मतवा, मतं**
हन = **हतवा, हतं**
कर = **कतवा, कतं**
वस = **उत्थवा, उत्थं**
ठा = **ठितवा, ठितं**
गा = **गीतवा, गीतं**
पुच्छ= **पुट्ठवा, पुट्ठं**
मुह = **मूल्हवा, मूल्हं**
भिद = **भिन्नवा, भिन्नं**
दा = **दिन्नवा, दिन्नं**
किर = **किण्णवा, किण्णं**
तर = **तिण्णवा, तिण्णं**
भञ्ज = **भग्गवा, भग्गं**
मुच = **मुक्कवा, मुत्तवा, मुत्तं**
पच = **पक्कवा, पक्कं**
सुस = **सुक्खवा, सुक्खं**

यज = इट्ठवा, यिट्ठवा, इट्ठं, यिट्ठं
बह = बुद्धवा, बुद्धं

ये कृदन्त निपात हैं—

थावर	स्थित रहनेवाला
इत्तर	जानेवाला
भंगुर	टूटनेवाला
भिदुर	नष्ट हो जानेवाला
भासुर, भस्सर	चमकनेवाला
धस्तो	ध्वस्त होनेवाला
त्रस्तो	भयभीत

अभ्यास

हिन्दी में अनुवाद कीजिए—

१. मया तं किच्चं कातब्बं। २. विहारे सम्मज्जनकम्मं (= झाड़ू लगाना) कातब्बं। ३. भिक्खूहि धम्मो पकासितब्बो। ४. करणीयानि किच्चानि न हातब्बानि ५. सब्बेसं ञानं ब्रूहेतब्बं। ६. कत्तब्बं कुसलं बहुं। ७. त्वया दानं देय्यं। ८. किञ्चि वज्जं कम्मं कातुं न वट्टति। ९. दायको वनं गन्त्वा दारूनि छिन्दति। १०. सावको धम्मं सुत्वा पुञ्ञं करोति। ११. मयं लोके भयदस्साविनो भविस्साम। १२. लोकविदू सत्था पुग्गले ओलोकेत्वा दानं न गण्हति। १३. सयम्भू सयं धम्मं सच्छिकत्वा अभिञ्ञाय परिक्खति। १४. विजितावी अत्तनो विजिते आणं करोति। १५. दिट्ठो मया लोके हीनतरो पुग्गलो।

पालि में अनुवाद कीजिए—

१. तुम्हें खाना खा लेना चाहिए। २. उसे बहुत नहीं हँसना चाहिए। ३. मेरे पास स्नान करने वाला चूर्ण है। ४. हमें भारतवर्ष का भिक्षु होना चाहिए। ५. चैत्य के पास जाकर आसन पर बैठना चाहिए।

६. निन्दनीय कार्य करना उचित नहीं है (=न युत्तं)। ७. नायक सेना में दिखाई देता है। ८. जीवक राजगृह नगर में रहता था। ९. कुम्हार घड़ों को बनाकर, उन्हें बाजार में बेचता है। १०. त्यागी पुरुष लोक में दुर्लभ हैं। ११. वह लाभ से लाभ को खोजता है। १२. मेरे शरीर में आजकल सदा पीड़ा रहती है। १३. स्त्रियाँ बुद्ध की वन्दना करने विहार जाती हैं। १४. यह शरीर शीघ्र ही नष्ट हो जाने वाला है। १५. अब मैं मार के बन्धन से (=मारपासेन) मुक्त हो गया हूँ।

चौंतीसवाँ पाठ

सन्धि

पालि में सन्धि तीन प्रकार की होती है—(१) **स्वर सन्धि**, (२) **व्यञ्जन सन्धि** और (३) **निग्गहीत** सन्धि। पालि में विसर्ग न होने के कारण 'विसर्ग-सन्धि' नहीं होती। सन्धियों की पूरी जानकारी साहित्य के अध्ययन से ही होती है। यहाँ जो नियम हैं, वे विशेष शब्दों की सन्धियों पर ही आधृत हैं। कोई एक नियम नियत नहीं है। अतः इन नियमों को पढ़कर घबड़ाना नहीं चाहिए, प्रत्युत इनका अभ्यास करना चाहिए; क्योंकि पालि साहित्य में आई हुई सन्धियाँ ही यहाँ उदाहृत हैं, जो सर्वत्र इसी प्रकार रहती हैं।

स्वर सन्धि

दो स्वरों के परस्पर मिलने को स्वर-सन्धि कहते हैं।

१. **सरो लोपो सरे**—स्वर से परे यदि स्वर हो तो कभी-कभी पूर्व स्वर का लोप हो जाता है। जैसे—पुरिस + उत्तमो। यहाँ पुरिस् + अ + उत्तमो। पुरिस् + उत्तमो=पुरिसुत्तमो।

ऐसे ही:—

पञ्ञा + इन्द्रियं = पञ्ञिन्द्रियं
सति + आरक्खो=सतारक्खो
भोगी + इन्दो=भोगिन्दो
चक्खु + आयतनं=चक्खायतनं
अभिभू + आयतनं=अभिभायतनं
धनम्मे + अत्थि=धनम्मत्थि

कुतो + एत्थ=कुतेत्थ
तत्र + इमे = तत्रिमे
सद्धा + इन्द्रियं=सद्धिन्द्रियं
असन्तो + एत्थ=असन्तेत्थ
मे + अत्थि=मत्थि
समेतु + आयस्मा = समेतायस्मा
भिक्खुनी+ओवादो=भिक्खुनोवादो
नो हि + एतं = नो हेतं
महा + इच्छो = महिच्छो

२. **परो क्वचि**—स्वर से परे यदि स्वर हो, तो कभी-कभी पर स्वर का लोप हो जाता है। जैसे—

सो + अहं = सो + हं = सोहं।

ऐसे ही—

सो + अपि = सोपि
चत्तारो + इमे= चत्तारोमे
सा + एव = साव
यतो + उदकं = यतोदकं
पातो + एव = पातोव
ततो + एव = ततोव
ते + अहं = तेहं
वसलो + इति= वसलोति
आकासे + इव=आकासेव
छाया + इव = छायाव

३. **न द्वे वा**—स्वर से परे यदि स्वर हो, तो कभी-कभी दोनों में से किसी का भी लोप नहीं होता है। जैसे—

कञ्ञा + इव = कञ्ञाइव।

ऐसे ही—

लता + इव = लताइव

किन्तु विकल्प से कञ्ञेव, कञ्ञाव तथा लतेव, लताव भी होता है।

४. **युवण्णानमे ओ लुत्ता**—लुप्त हुए स्वर से परे क्रमशः 'इ' का कभी-कभी 'ए' और 'उ' का 'ओ' हो जाता है। जैसे—

तस्स + इदं = तस्स् + इदं = तस्स् + एदं = तस्सेदं।

ऐसे ही—

वात + ईरितं = वातेरितं

वाम + उरू = वामोरू

सीत + उदकं=सीतोदकं

वि + उदकं=वोदकं

५. **यवा सरे**—'इ' तथा 'उ' से परे यदि स्वर हो, तो कभी-कभी उनका क्रमशः 'य' तथा 'व' हो जाता है। जैसे—

सु + आगतं=स्वागतं

वि + अकासि = व्याकासि

वि+आकतो=व्याकतो

इति+अस्स = इच्चस्स

अधि+इणमुत्तो=अज्झिणमुत्तो

बहु+आबाधो+बव्हाबाधो

६. **ए ओ नं**—'ए' तथा 'ओ' से परे यदि स्वर हो, तो कभी-कभी उनका क्रमशः 'म' तथा 'व' हो जाता है। जैसे—

ते + अज्ज=त्यज्ज

सो+अहं=स्वाहं

सो+अयं = स्वायं

मे+अयं=म्यायं

पब्बते+अहं = पब्बत्याहं

७. **गोस्सा वङ**—'गो' शब्द से परे कोई स्वर आवे, तो 'गो' शब्द का 'गव' आदेश हो जाता है। जैसे—

गो + अस्सं=गवास्सं
गो+एळकं=गवेळकं

८. **वितिस्सेवे वा**—यदि 'इति' शब्द के बाद 'एव' शब्द हो, तो विकल्प से 'इति' का 'इत्व' आदेश हो जाता है।

इति+एव+इत्वेव। विकल्प से—इच्चेव।

९. **वनतरगा चागमा**—स्वर से पूर्व कहीं-कहीं 'व', 'न', 'त', 'र', 'ग', 'म', 'य' तथा 'द' का आगम होता है। जैसे—

दु + अङ्गिकं=दुवङ्गिकं
चि+इत्वा=चिनित्वा
अज्ज+अग्गे = अज्जतग्गे
पातु+अहेसुं = पातुरहेसुं
पा+एव=पगेव
इध+इज्झति = इधमिज्झति
परि+अन्तं=परियन्तं
अत्त+अत्थं=अत्तदत्थं, विकल्प से—अत्तत्थं।
सम्मा+एव=सम्मदेव
यथा + इदं = यथयिदं
इध+आहु=इधमाहु
पुथ+एव=पुथगेव
नि+ओजं=निरोजं
तस्मा + इह = तस्मातिह
इतो + आयति = इतोनायति

१०. **छा ळो**—'छ' शब्द से परे आने वाले स्वर का कहीं-कहीं 'ळ' हो जाता है। जैसे—

छ + अभिञ्ञा = छळभिञ्ञा
छ + अङ्गं = छळङ्गं
छ + आयतनं = छळायतनं

निम्नलिखित सन्धि निपात हैं:—

तथा + एव = तथरिव
यथा + एव = यथरिव

व्यञ्जन सन्धि

जब कोई व्यञ्जन (= वर्ण) किसी व्यञ्जन अथवा स्वर के साथ मिलता है, तो उसे व्यञ्जन सन्धि कहते हैं।

१. **व्यञ्जने दीघरस्सा**—जब किसी स्वर के बाद व्यञ्जन हो, तो पूर्व-स्थित ह्रस्व तथा दीर्घ स्वर का क्रमशः दीर्घ तथा ह्रस्व हो जाता है। जैसे—

तत्र + अभिरति = तत्राभिरति
खन्ति+परमं=खन्तीपरमं
मुनि+चरे = मुनीचरे
माला+भारी = मालभारी
जायति+सोको=जायती सोको
तत्र+अयं=तत्रायं

२. **सरम्हा द्वे**—स्वर से परे व्यञ्जन हो, तो उस व्यञ्जन का कभी-कभी द्वित्व हो जाता है। जैसे—

वि+गहो=विग्गहो
प+गहो + पग्गहो
दु+कतं=दुक्कतं, दुक्कटं

३. **चतुत्थ दुतिये स्वेसं ततिय पठमा**—यदि किसी वर्ग के

चतुर्थ या द्वितीय वर्ण संयुक्त हों, तो क्रमशः उसी वर्ग के तृतीय या प्रथम वर्ण हो जाते हैं। जैसे—

नि+घोसो = निग्घोसो (यहाँ 'सरम्हा द्वे' सूत्र से नि+घोसो = निघ्घोसो हुआ और इस सूत्र से 'निग्घोसो' हो गया)। ऐसे ही—

अ + खन्ति = अक्खन्ति
सेत + छत्तं = सेतच्छत्तं
नि + ठानं = निट्ठानं
यस + थेरो = यसत्थेरो
अ + फुटं = अप्फुटं
ततिय + ञानं = ततियञ्ञानं

४.**ए ओ न म वण्णे**—'ए' तथा 'ओ' के बाद कोई भी वर्ण हो, तो 'ए' तथा 'ओ' का कहीं-कही 'अ' हो जाता है। जैसे—

सो + सीलवा = स सीलवा
अकरम्हसे + ते = अकरम्हस ते
एसो + अत्थो = एस अत्थो
एसो + धम्मो = एस धम्मो

५.**तवग्ग वरणानं ये चवग्ग बयञ्ञा**—तवर्ग, व, र, तथा ण यदि 'य' से संयुक्त हों, तो उनका क्रमशः चवर्ग, ब, य, तथा ञ हो जाता है। जैसे—

अत्यन्तं = अच्चन्तं
तथ्यं = तच्छं
मद्यं = मज्जं
बुध्यति = बुज्झति
धन्यं = धञ्ञं
सेव्यो = सेब्बो
थन्यं = थञ्ञं

दिव्यं = दिब्बं
पर्येसना = पय्येसना
पोक्खरण्यो = पोक्खरञ्ञो
अध्यत्तं = अज्झत्तं

६. **वग्गलसेहि ते**—वर्गीय वर्ण, 'ल' या 'स' 'य' के साथ संयुक्त हों तो 'य' का भी वही अक्षर हो जाता है। जैसे—

सक्यते = सक्कते
रुच्यते = रुच्चते
पठ्यते = पट्ठते
सल्यते = सल्लते
दिस्यते = दिस्सते
फल्यते = फल्लते
अस्यते = अस्सते

७. **हस्स विपल्लासो**—यदि 'ह', 'य' से संयुक्त हो, तो उनका उलट-पलट हो जाता है। जैसे—

गुह्यं = गुय्हं
मुह्यति = मुय्हति

८. **वे वा**—यदि 'ह' 'व' से संयुक्त हो, तो विकल्प से उनका उलट-पलट हो जाता है। जैसे—

बह्वाबाधो = बव्हाबाधो

निग्गहीत सन्धि

निग्गहीत अर्थात् अनुस्वार के साथ जब कोई स्वर या व्यञ्जन मिलता है, तो निग्गहीत-सन्धि होती है।

१. **निग्गहीतं**—कहीं-कहीं निग्गहीत (= अनुस्वार) का आगम होता है। जैसे—

चक्खु + उदपादि = चक्खुं उदपादि
अक्खि + रुजति = अक्खिं रुजति
त + खणे = तंखणे
त + सभावो = तं सभावो
अव + सिरो = अवंसिरो
पुरिम + जाति = पुरिमं जाति
याव + चिध = यावंचिध

२. **लोपो**—कहीं-कहीं निग्गहीत का लोप हो जाता है। जैसे—

सं + रत्तो (व्यञ्जने दीघरस्सा) = सारत्तो
सं + रागो = सारागो
सं + रम्भो = सारम्भो
बुद्धानं – सासनं = बुद्धान सासनं
एवं + अहं = एवाहं
कथं + अहं + कथाहं
गन्तुं + कामो = गन्तुकामो
पुं = लिंग = पुल्लिङ्ग

३. **पर सरस्स**—निग्गहीत से परे आने वाले स्वर का कहीं-कहीं लोप हो जाता है। जैसे—

त्वं + असि=त्वंसि
वीजं + इव= वीजंव
किं + इति=किन्ति
इदं + अपि=इदम्पि
अभिनन्दुं + इति=अभिनन्दुन्ति
किं + इदानि=किन्दानि
अलं + इदानि=अलन्दानि

४. **संयोगादि लोपो**—संयोग के आदिभूत अवयव का कहीं-कहीं लोप हो जाता है। जैसे—

पुप्फं + अस्सा=पुप्फंसा (यहाँ 'अस्' जो आदिभूत अवयव है, उसका लोप हो गया है)।

जायते + अग्गिनि=जायते गिनि (यहाँ 'अग्' जो आदिभूत अवयव है, उसका लोप हो गया है)।

५. वग्गे वग्गन्तो—निग्गहीत से परे कोई वर्गीय वर्ण रहे, तो विकल्प से निग्गहीत का उसी वर्ग का अन्तिम वर्ण हो जाता है। जैसे—

तं + करोति= तङ्करोति
तं + चरति=तञ्चरति
तं + ठानं=तण्ठानं
तं + धनं=तन्धनं
तं + पाति=तम्पाति
तं + खणं=तङ्खणं
धम्मं + चरे=धम्मञ्चरे
तं + डहति=तण्डहति
तं + दानं=तन्दानं
तं + फलं=तम्फलं

६. येव हि सुञो—यदि बाद में 'य' तथा 'हि' शब्द हों, तो पूर्व-स्थित निग्गहीत का कहीं-कहीं 'ञ' हो जाता है। जैसे—

आनन्तरिकं+यमाहु = आनन्तरिकञ्ञमाहु
(यहाँ 'वग्गलसेहि ते' सूत्र से 'ञ' का 'ञ्ञ' हो गया है)।

पच्चत्तं+एव=पच्चत्तञ्ञेव
तं+हि = तञ्हि
तं+येव = तञ्ञेव
यं+येव=यञ्ञदेव (यहाँ 'द' का आगम हो गया है)।

७. ये संस्स—'य' परे हो, तो पूर्व-स्थित 'सं' शब्द के निग्गहीत का 'ञ' हो जाता है। जैसे—

सं + यमो = सञ्ञमो

सं+यतो = सञ्ञतो

८. **म य दा सरे**—स्वर परे हो, तो कहीं-कहीं पूर्वस्थित निग्गहीत का 'म', 'य' तथा 'द' आदेश हो जाता है। जैसे—

तं+अहं = तमहं

तं+एव=तमेव

तं + इदं=तयिदं

तं + अलं=तदलं

९. **तदमिनादीनि**—निम्नलिखित सन्धि निपात हैं—

तं+इमिना=तदमिना

सकिं+आगामी=सकदागामी

एकं+इध+अहं=एकमिदाहं

संविधाय+अवहारो = संविदावहारो

वारिनो+वाहको = वलाहको

जीवन+मूतो=जीमूतो

छव+सयनं=सुसानं

अभ्यास

सन्धि-विग्रह कीजिए—

१. मनसिच्छति। २. एसावुसो। ३. लोकग्गो। ४. तीनिमानि। ५. पातोव। ६. मातुपट्ठानं। ७. क्वत्थो। ८. य्वायं। ९. साधावुसो। १०. पात्वाकासि।

११. सपञ्ञवा। १२. एसमग्गो। १३. जम्बुच्छाया। १४. यथिदं। १५. निब्भयं। १६. रूपक्खन्धो। १७. यथाक्कमं। १८. बोधित्तयं। १९. अनूपघातो। २०. यदिवसावके।

२१. एतदेव। २२. किमेतं। २३. यदनिच्चं। २४. उत्तरिम्पि। २५.

दातुम्पि । २६. कथाहं । २७. यावञ्चिध । २८. चक्कंव । २९. तङ्खणं । ३०. सण्ठितो ।

सन्धि कीजिएः—

१. महा + ओघो । २. अज्ज + उपोसथो । ३. अग्गि + आहितो । ४. चक्खु + इन्द्रियानि । ५. सु + आगतं । ६. अहं खो + अज्ज । ७. पातु + अकासि । ८. वि + आकतो । ९. वुत्ति + अस्स । १०. बहु + आबाधो ।

११. सम्मा + पधाना । १२. अग्गो + अक्खायति । १३. एसो + अत्थो । १४. अ + फुटं । १५. मधुव + मञ्ञति । १६. जायति + भयं । १७. नि + ठानं । १८. सम्म + धम्मो । १९. यस + थेरो । २०. खन्ति + परमं ।

२१. यं + आहु । २२. तं + पाति । २३. तं + धनं । २४. त + सभावो । २५. पुरिस + जाति । २६. याव + चिध । २७. अनु + थूलानि । २८. बुद्धानं + सासनं । २९. एवं + अहं । ३०. किं + इति ।

पैंतीसवाँ पाठ

समास

दो या दो से अधिक शब्दों को मिलाकर छोटा करने के लिये जो एक सम्मिलित शब्द-समूह, विभक्तियोंको लोप करके बनाया जाता है, उसको समास कहते हैं। समास छः होते हैं—(१) **अव्ययीभाव**, (२) **तत्पुरुष**, (३) **कर्मधारय**, (४) **बहुव्रीहि**, (५) **क्रियार्थ**, और (६) **द्वन्द्व**।

इन्हीं को क्रमशः (१) असंख्य, (२) अमादि, (३) एकाधिकरण, (४) अञ्ञत्थ, (५) क्रियत्थ, और (६) चत्थ भी कहते हैं।

१. अव्ययीभाव

जब किसी अव्ययके साथ शब्दका समास होता है, तो उसे अव्ययीभाव समास कहते हैं।

अव्ययीभाव समास विभक्ति, सम्पत्ति, समीप, साकल्य, अभाव, यथा, पश्चात्, और युगपद—इन आठ अर्थों में होता है। जैसे—

अर्थ	अव्यय	विग्रह	समास	भाव
(१) विभक्ति	अधि	इत्थीसु कथा पवत्ता	**अधित्थि**	स्त्रियों के विषय में
(२) सम्पत्ति	सं	सम्पन्नं ब्रह्मं	**सब्रह्मं**	ब्रह्मा के साथ
,,	सु	समिद्धि भिक्खानं	**सुभिक्खं**	अन्न-पान से पूर्ण
(३) समीप	उप	कुम्भस्स समीपं	**उपकुम्भं**	घड़े के पास
,,	,,	नगरस्स समीपं	**उपनगरं**	नगर के पास
(४) साकल्य	सह	सह तिणेन	**सतिणं**	घास के साथ
,,	,,	सह मक्खिकाय	**समक्खिकं**	मक्खी के साथ

(५) अभाव	नि	अभावो मक्खिकानं	**निम्मक्खिकं**	मक्खियों से रहित
,,	दु	विगता इद्धि सद्दिकानं	**दुस्सद्दिकं**	शब्दों से रहित
,,	नि	अतिगतानि तिणानि	**नित्तिणं**	तृणों से रहित
(६) यथा	अनु	अद्धमासं अद्धमासं	**अन्वद्धमासं**	हर आधे महीने
,,	,,	रूपस्स योग्गं	**अनुरूपं**	रूप के योग्य
,,	यथा	सत्तिं अनतिक्कम्म	**यथासत्ति**	यथाशक्ति
(७) पश्चात्	अनु	रथस्स पच्छा	**अनुरथं**	रथ के पीछे
(८) युगपद	सह	सह चक्केन	**सचक्कं**	चक्र के साथ
,,	सह	सह धुरेन	**सधुरं**	बोझ के साथ

अव्ययीभाव समास के कुछ उदाहरण

अव्यय	समास	भाव
याव	**यावमत्तं ब्राह्मणे आमन्तय**	जितने ब्राह्मणों को बुलाओ
,,	**यावजीवं**	जीवनभर
परि	**परिपब्बतं वस्सि देवो**	पर्वत के चारों ओर वर्षा हुई
अप	**अपपब्बतं ,, ,,**	पर्वत को छोड़ कर वर्षा हुई
आ	**आपाटलिपुत्तं ,, ,,**	पाटलिपुत्र तक वर्षा हुई
बहि	**बहिगामं**	गाँव के बाहर
तिरो	**तिरोपब्बतं**	पर्वत के भीतर
पुरे	**पुरेभत्तं**	भोजन से पहले
पच्छा	**पच्छाभत्तं**	भोजन के बाद
अनु	**अनुवनं असनि गता**	वन के समीप बिजली गई
,,	**अनुगङ्गं बाराणसी**	गंगा के किनारे वाराणसी फैली है

ओरे	**ओरेगङ्गं**	गंगा के इस पार
उपरि	**उपरिसिखरं**	शिखर के ऊपर
पटि	**पटिसोतं**	धारा के विपरीत
पारे	**पारेयमुनं**	यमुना के उस पार
मज्झे	**मज्झेगङ्गं**	गंगा के बीच
हेट्ठा	**हेट्ठापासादं**	प्रासाद के नीचे
उद्ध	**उद्धगङ्गं**	गंगा के ऊपर
अधो	**अधोगङ्गं**	गंगा के नीचे
अन्तो	**अन्तोपासादं**	प्रसाद के भीतर
पर	**परोसतं**	सौ से अधिक
,,	**परोसहस्सं**	सहस्र से अधिक

निम्नलिखित अव्ययीभाव समास निपात हैं—

समास	**विग्रह**	**भाव**
तिट्ठगु कालो	तिट्ठन्ति गावो यस्मिं काले	जिस समय बैल खड़े होते हैं
वहग्गु कालो	वहन्ति गावो यस्मिं काले	जिस समय बैल बोझ ढोते हैं
आयतिगवं	आयन्ति गावो यस्मिं काले	जिस समय बैल आते हैं
खलेयवं	खले यवा यस्मिं काले	जिस समय जौ खलिहान में होता है
लूनयवं	लूयमाना यवा यस्मिं काले	जिस समय जौ काटे जाते हैं
पातकालं	पातो होति यस्मिं काले	जिस समय प्रातः होता है
सायकालं	सायं होति यस्मिं काले	जिस समय शाम होती है

अव्ययीभाव समास होने से शब्द नपुंसकलिङ्ग हो जाता है। जैसे—**यथापरिसं**। विकल्प से—**'यथापरिसाय'** भी।

२. तत्पुरुष

जिन समासों में पठमा विभक्ति (=कर्त्ता कारक) को छोड़कर अन्य

विभक्तियों में विभक्ति-चिह्नों का लोप हो जाता है, उनमें तत्पुरुष समास होता है।

दुतिया, ततिया, चतुत्थी, पञ्चमी, छट्ठी और सत्तमी विभक्तियों में पूर्वपद की विभक्ति का लोप होता है। पूर्वपद जिस विभक्ति में होता है, वह समास उसी विभक्ति के नाम से जाना जाता है। इस प्रकार तत्पुरुष समास छः प्रकार का होता है। जैसे—

नाम	विग्रह	समास	अर्थ
१.**दुतिया**	गामं गतो	**गामंगतो**	गाँव गया हुआ
,,	मुहुत्तं सुखं	**मुहुत्तसुखं**	मुहूर्त भर सुख
,,	कुम्भं करोति	**कुम्भकारो**	कुम्हार
,,	तन्तं वायति	**तन्तवायो**	जुलाहा
,,	वरं हरति	**वराहरो**	सूअर
२.**ततिया**	असिना छिन्नो	**असिच्छिन्नो**	तलवार से कटा हुआ
,,	पितुना सदिसो	**पितुसदिसो**	पिता के समान
,,	सुखेन सहगतं	**सुखसहगतं**	सुख के साथ
,,	उरसा गच्छति	**उरगो**	साँप
,,	पादेन पिवति	**पादपो**	वृक्ष
३.**चतुत्थी**	धम्मस्स देय्यं	**धम्मदेय्यं**	धर्मको देने योग्य
,,	बुद्धस्स देय्यं	**बुद्धदेय्यं**	बुद्ध को देने योग्य
,,	यूपाय दारु	**यूपदारु**	यज्ञस्तम्भकी लकड़ी
,,	रजनाय दोणि	**रजनदोणि**	वस्त्र रँगने की द्रोणी
४. **पञ्चमी**	चोरेहि भयं	**चोरभयं**	चोरों से भय
,,	गामस्मा निग्गतो	**गामनिग्गतो**	गाँव से निकला हुआ
,,	मेथुनस्मा अपेतो	**मेथुनापेतो**	मैथुन से दूर रहनेवाला
,,	कम्मा जातं	**कम्मजं**	कर्म से उत्पन्न
,,	चित्तेन जातं	**चित्तजं**	चित्त से उत्पन्न

५. **छट्ठी**	रुक्खस्स साखा	**रुक्खसाखा**	वृक्ष की शाखा
,,	रञ्ञो पुरिसो	**राजपुरिसो**	सिपाही
,,	चन्दनस्स गन्धो	**चन्दनगन्धो**	चन्दन की गन्ध
,,	कञ्ञाय रूपं	**कञ्ञारूपं**	कन्या का रूप
,,	फलस्स रसो	**फलरसो**	फल का रस
६. **सत्तमी**	वने चरित	**वनचरो**	वन में घूमने वाला

छट्ठी तत्पुरुष समास कहीं-कहीं नपुंसकलिंग एकवचनान्त होता है—

सलभानं छाया= **सलभच्छायं** =पतिंगों की छाया

सकुन्तानं छाया=**सकुन्तच्छायं**=पक्षियों की छाया

पासादस्स छाया=**पासादच्छायं**=प्रासाद की छाया

समास होने पर अमनुष्यों की सभा में नपुंसकलिंग एकवचन होता है—

ब्रह्मसभं, देवसभं, इन्दसभं, यक्खसभं, सरभसभं।

किन्तु मनुष्यों की सभा में—**खत्तियसभा, राजसभा, समणसभा** आदि।

तत्पुरुष समास के कुछ उदाहरण

समास	विग्रह	अर्थ
इदप्पच्चया	इमेसं पच्चया	इनके प्रत्यय से
पुल्लिंग	पुमस्स लिङ्गं	पुरुष का चिह्न
सत्थारदस्सनं	सत्थुनो दस्सनं	शास्ता का दर्शन
तम्मुखं	तस्सा मुखं	उसका मुख
उदकुम्भो	उदकस्स कुम्भो	पानी का घड़ा
दकसोतं	उदकस्स सोतो	पानी का स्रोत

३. कर्मधारय

विशेषण और विशेष्य शब्दों का जो समास होता है, उसे कर्मधारय समास कहते हैं। जैसे—

विग्रह	समास	अर्थ
नीलं च तं उप्पलं चाति	**नीलुप्पलं**	नीला कमल
मुनि च सो सीहो चाति	**मुनिसीहो**	मुनि
सीलमेव धनं	**सीलधनं**	शील-धन
कण्हो सप्पो	**कण्हसप्पो**	काला साँप
न ब्राह्मणो	**अब्राह्मणो**	अब्राह्मण
न ओकासं	**अनोकासं**	अवकाश नहीं
कुच्छितो ब्राह्मणो	**कुब्राह्मणो**	निन्दित ब्राह्मण
कु अन्नं	**कदन्नं**	खराब अन्न
कु पुरिसो	**कापुरिसो**	बुरा आदमी
ईसकं उण्हं	**कदुण्हं**	थोड़ा गर्म
पगतो आचरियो	**पाचरियो**	आचार्य के आचार्य
निग्गतो कोसम्बिया	**निग्गतकोसम्बि**	कौशाम्बी से निकला हुआ

कर्मधारय समास के कुछ विशेष उदाहरणः—

अरियेहि पुथगेवायं जनोति = पुथुज्जनो = पृथक्जन

छन्नं अहानं समाहारो = **साहं, छाहं** = छः दिन

छन्नं आयतनानं समाहारो = **सळायतनं, छळायतनं**=छः आयतन

समानो पक्खो = **सपक्खो** = पाँख के समान

समाना जोति = **सजोति** = प्रकाश के समान

पुब्बो अहो = **पुब्बह्नो** = पूर्वाह्न

मज्झो अहो = **मज्झह्नो** = मध्याह्न

सायो अहो = **सायह्नो** = सायह्न

पञ्चन्नं गुन्नं समाहारो = **पञ्चगवं** = पाँच बैल

चतुन्नं पथानं समाहारो = **चतुप्पथं** = चार मार्ग

तिन्नं लोकानं समाहारो = **तिलोकं** = तीन लोक

चतुन्नं सच्चानं समाहारो = **चतुसच्चं** = चार सत्य

अट्ठन्नं सीलानं समाहारो = **अट्ठसीलं** = अष्टशील
तयो भवा = **तिभवा** = तीन भव
चतस्सो दिसा = **चतुद्दिसा** = चार दिशायें
सतानि सकटानि = **सकटसतानि** = सौ बैलगाड़ियाँ

४. बहुब्रीहि

जिस समास के शब्द विशेषण बनकर किसी तीसरे अन्य शब्द का संकेत प्रकट करते हैं, वे बहुब्रीहि समास होते हैं। जैसे—

विग्रह	समास	अर्थ
बहूनि धनानि यस्स सो—	**बहुधनो**	सेठ
वजिरं पाणिम्हि यस्स सो—	**वजिरपाणि**	इन्द्र
दिन्नं भोजनं यस्स सो—	**दिन्नभोजनो**	भिक्षु
जितानि इन्द्रियानि येन सो—	**जितिन्द्रियो**	मुनि
अपगता सिस्सा याय सा—	**अपगतसिस्सा**	पाठशाला
न सन्ति पुत्ता अस्स—	**अपुत्तो**	वह व्यक्ति जिसे पुत्र न हों
पतितं पण्णं अस्स—	**पतितपण्णो**	वृक्ष
महन्तानि धनानि येसं ते—	**महद्धना**	सेठ
बहवो तापसा यस्मिं सो—	**बहुतापसो**	आश्रम
लम्बा कण्णा यस्स सो—	**लम्बकण्णो**	बुद्ध

बहुब्रीहि समास के कुछ विशेष उदाहरण--

कुमारभरिया = कुमारी भरिया यस्स सो
सपुत्तो = सहपुत्तेन वत्तमानो सो
मनोसेट्ठा = मनो सेट्ठा एतेसं इति
भवम्पतिट्ठा = भवं पतिट्ठा मयं
गुणवन्तपतिट्ठो=गुणवन्ता पतिट्ठा मम सोहं
दिगुणं =द्वे गुणा अस्स

दुविधो = द्वे विधा पकारा अस्स
द्वत्तिपत्तपूरा = द्वे वा तयो वा वारे पत्तानि पुण्णानि येसं
तंसरणा = त्वं येसं सरणं एसं
सोदरियो = समानं उदरं यस्स
सास्सत्थं = सह अस्सत्थेन वत्तति
साग्गि = सह अग्गिना विज्जमानो
सदोणा = अधिको दोणो अस्स

५. क्रियार्थ

जब दो क्रियाओं के कुछ विशेष प्रत्ययान्त शब्दों के साथ समास होता है तो उसे क्रियार्थ समास कहते हैं। जैसे—**मलीनीकरिय**=मैला करके।

क्रियार्थ समास प्रायः 'च', 'री', 'रिक्ख' और 'क' प्रत्ययान्त शब्दों के साथ ही होता है।

क्रियार्थ समास	अर्थ
अलङ्करिय	अलंकृत करके
सक्कच्च	सत्कार करके
असक्कच्च	असत्कार करके
तिरोभूय	छिपकर
तिरोकरिय	छिपाकर
उरसिकरिय	हृदय में करके
मनसिकरिय	मन में करके
मज्झेकरिय	बीच में करके
तुण्हीभूय	मौन होकर
पुरोभूय	आगे होकर
सरी, सदी **सरिक्खो, सदिक्खो** **सरिसो, सदिसो**	सदृश

यादी, यादिक्खो, यादिसो	जैसा
भवादी, भवादिक्खो, भवादिसो	आपके समान
कीदी, कीदिक्खो, कीदिसो	कैसा
ईदी, ईदिक्खो, ईदिसो	ऐसा
तादी, तादिक्खो, तादिसो	तुम जैसा
मादी, मादिक्खो, मादिसो	मुझ जैसा
एदी, एतादी, एदिक्खो, एतादिक्खो, एदिसो, एतादिसो	इसके जैसा
उदधि	समुद्र
उदपानं	जलाशय

६. द्वन्द्व

दो या कई शब्दों के बीच **'च'** (=और) का लोप करके जो समास बनाया जाता है, उसे द्वन्द्व समास कहते हैं। यह दो प्रकार का होता है—(१) इतरेतर, और (२) समाहार।

इतरेतर—जब समास में आई हुई दोनों संज्ञायें अपना प्रधानत्व और व्यक्तित्व रखती हैं, तब उसे इतरेतर द्वन्द्व कहते हैं। जैसे—

चन्दिमो च सुरियो च = **चन्दिमसुरिया**
समणो च ब्राह्मणो च = **समणब्राह्मणा**
माता च पिता च = **मातापितरो**
देवा च मनुस्सा च = **देवमनुस्सा**
पिता च पुत्तो च = **पितापुत्ता**
जाया च पति च = **जयम्पती**
माता च पुत्तो च = **मातापुत्ता**

समाहार—जब समास में ऐसी संज्ञायें आवें, जो 'च' से जुड़ी हुई होने पर अपना अर्थ बतलावें और साथ ही साथ एक समाहार (=समूह) का भी बोध करावें तो उन्हें समाहार द्वन्द्व कहते हैं। यह समास नपुंसक-लिंग होता है। जैसे—

मुखं च नासिका च = **मुखनासिकं**
चक्खुं च सोतं च = **चक्खुसोतं**
गीतं च वादितं च = **गीतवादितं**
युगं च नङ्गलं च = **युगनङ्गलं**
असि च चम्मं च = **असिचम्मं**
काको च उलूको च = **काकोलूकं**
एककको च दुको च = **एककदुकं**
डंसो च मकसो च = **डंसमकसं**
साकुन्तिको च मागविको च = **साकुन्तमागविकं**
समथं च विपस्सनं च = **समथविपस्सनं**
दीघो च मज्झिमो च = **दीघमज्झिमं**
इत्थी च पुमो च = **इत्थिपुमं**
कण्हो च सुक्को च = **कण्हसुक्कं**
पुब्बं च उत्तरं च = **पुब्बुत्तरं**
गङ्गा च यमुना च = **गङ्गयमुनं**
मही च सरभू च = **महीसरभु**

स्मरण रखना चाहिए कि प्राणी के अंग, बाजों के नाम, हल के अंग, सेना के अंग, नित्य वैरी, संख्या, परिमाण, क्षुद्र जन्तु, छोटी जाति, चरण, ग्रन्थों के नाम, लिङ्ग विशेष, विरुद्ध स्वभाव, दिशा तथा नदी के नामों में सदा समाहार द्वन्द्व समास होता है।

तथा

तृण, वृक्ष, पशु, पक्षी, धन वाचक शब्द, धान्य के नाम, व्यञ्जन और जनपदों में समाहार तथा इतरेतर—दोनों द्वन्द्व समास होते हैं।

समाहार और इतरेतर द्वन्द्व के कुछ उदाहरण–

इन शब्दों में दोनों ही समास होते हैं :—

कासकुसं, उसीरबीरणं, मुञ्जबब्बजं। खदिरपलासं, साक-

सालं। गोमहिसं, अजेळकं, कुक्कुरसूकरं। हंसवलाकं, बकवलाकं। हिरञ्ञसुवण्णं, जातरूपरजतं, मणिसंखमुत्तावेळुरियं। सालियवकं, तिलमुग्गमासं। साकसुवं, गव्यमाहिसं, एणेय्यवाराहं, मिगमायूरं। कासिकोसलं, वज्जिमल्लं, मच्छसूरसेनं, कुरुपञ्चालं।

अभ्यास

समास बताइएः—

[१] १. यथापरिसा, २. यथासत्ति, ३. अभिक्खं, ४. अनुरथं, ५. अनुसोतं, ६. परोपञ्ञासं।

[२] ७. मनुस्सकतं, ८. राजहतो, ९. पितुसदिसो, १०. दधिभोजनं, ११. गुळोदनो, १२. ब्रह्मदेय्यं, १३. गामनिग्गतो, १४. दानसोण्डो, १५. पब्बतट्ठो, १६. जनेसुतो।

[३] १७. लोहितसालि. १८. अमूलामूलं, १९. कालवणं[१], २०. दुप्पुरिसो, २१. सुकतं, २२. अतिमञ्चो, २३. धम्मसम्मतो, २४. महासद्धा २५. कुब्राह्मणो, २६. दुक्कतं, २७. अवकोकिलं[२], २८. बुद्धरूपं, २९. खत्तियकुमारी, ३०. रत्तलता, ३१. मुखचन्दो, ३२. सारिपुत्तत्थेरो, ३३. अत्तदिट्ठि, ३४. सद्धाधनं, ३५. अमनुस्सो।

[४] ३६. सपुत्तो, ३७. ओतिण्णहंसो, ३८. जितमारो, ३९. छिन्नतरु, ४०. दिन्नसुङ्को, ४१. अपगतकालको, ४२. पहूतधनो, ४३. असमो, ४४. चित्तगु, ४५. मत्तानेकगजं, ४६. आरुळ्हवानरो, ४७. उपदसा, ४८. ओट्ठमुखो, ४९. सुवण्णालङ्कारो, ५०. दीघजङ्घो, ५१. युवजायो, ५२. बहुमालो।

[५] ५३. सदिसो, ५४. तुम्हादी, ५५. अम्हादी, ५६. कित्तकं, ५७. कीव, ५८. एतादिसो, ५९. बालधि, ६०. निधि, ६१. अपादानं।

---

१. अल्प नमक। २. कोयल द्वारा छोड़ा हुआ।

[६] ६२. अहोरत्तं, ६३. दीघरत्तं, ६४. द्विरत्तं, ६५. दसगवं, ६६. सारिपुत्तमोग्गल्लाना, ६७. चन्दसुरिया, ६८. अग्गिधूमं, ६९. हंसबका, ७०. अङ्गमगधं ।

समास कीजिए—

[१] १. रथस्स पच्छा, २. गंगाय समीपे वत्ततीति, ३. मञ्चस्स हेट्ठा, ४. सोतस्स पटिलोमं, ५. भत्तस्स पच्छा, ६. नगरस्स अन्तो, ७. भत्तस्स पुरे, ८. नगरस्स समीपं, ९. मक्कसानं अभावो, १०. नगरस्स बहि ।

[२] ११. अरञ्ञं गतो, १२. अग्गितो भयं, १३. फलस्स रसो, १४. आगन्तुकस्स भत्तं, १५. विञ्ञूहि गरहितो, १६. पितरा सदसो, १७. दधिना उपसित्तं भोजनं, १८. गुळेन मिस्सो ओदनो, १९. ब्राह्मणस्स देय्यं, २०. फलानं तित्तो, २१. दाने सोण्डो, २२. पब्बते ठितो ।

[३] २३. महाकस्सपो च सो थेरो च, २४. धम्मो इति सम्मतो, २५. न अरियो, २६. पधानं वचनं, २७. पञ्ञा एव रतनं, २८. बुद्धघोसो च सो आचरियो च, २९. अन्धो च सो बधिरो च, ३०. न मित्तो, ३१. धम्मो इति बुद्धि, ३२. न ब्राह्मणो, ३३. कुच्छितो ब्राह्मणो, ३४. अप्पकं लवणं, ३५. सुट्ठु कतं, ३६. किच्छेन कतं, ३७. अतिक्कन्तो मालं, ३८. अवकुट्ठं[1] कोकिलाय वनं ।

[४] ३९. दिन्नो सुङ्को यस्स सो, ४०. सम्पन्नानि सस्सानि यस्मिं सो, ४१. अभिरुल्हा वाणिजा यस्सा सा, ४२. विजितो मारो येन सो, ४३. ओतिण्णो हंसो यं सो, ४४. छिन्नो तरु येन सो, ४५. अपगतं कालकं यस्मा सो, ४६. पहूतं धनं यस्स सो, ४७. नत्थि समो यस्स सो, ४८. मत्तानेके गजा यस्मिं तं, ४९. सह पुत्तेन आगतो यो, ५०. चित्ता गावो अस्सेति, ५१. उपगता दस येसं ते, ५२. सुवण्णविकारो अलङ्कारो अस्स, ५३. युवति जाया यस्स सो, ५४. बहू मालायो एतस्स, ५५. दीघा जङ्घा यस्स सो ।

---

१. अवकुट्ठन्ति = परिच्चत्तं (छोड़ा हुआ) ।

[५] ५६. समानो विय दिस्सति, ५७. यो विय दिस्सति, ५८, भवं विय दिस्सति, ५९. त्वं विय दिस्सति, ६०. उदकं धाति इति अस्मिं, ६१. उदकं पीयते अस्मिं इति ।

[६] ६२. सुरा च असुरा च, ६३. गीतं च वादितं च, ६४. दासी च दासो च, ६५ अंगा च मगधा च, ६६. दीघा च सा रत्ति चाति, ६७. अहो च रत्ति च, ६८. द्विन्नं रत्तीनं समाहारो, ६९. दसन्नं गुन्नं समाहारो, ७०. विळारो च मूसिको च ।

छत्तीसवाँ पाठ

गण

पहले बतलाया जा चुका है कि धातुओं के ९ गण होते हैं। (देखिये, तीसरा पाठ)। गणों के क्रम से धातुओं के रूप-क्रम भी दिए जा चुके हैं। (देखिये, तीसरा पाठ से तेरहवाँ पाठ तक)। वे गण क्रमशः इस प्रकार हैं :—

१. **भ्वादि गण**
२. **रुधादि गण**
३. **दिवादि गण**
४. **तुदादि गण**
५. **तनादि गण**
६. **चुरादि गण**
७. **स्वादि गण**
८. **ज्यादि गण**
९. **क्यादि गण**

इन नवों गणों में भ्वादि गण सबसे बड़ा है। इस गण में ३०४ धातु हैं। इस धातु-समूह में सबसे पहले 'भू' धातु है, इसलिए इसे भू + आदि =भ्वादि गण कहते हैं। इसी प्रकार क्रमशः रुध, दिव, तुद, तन, चुर, सु, जि और की धातुएँ शेष अन्य गणों के धातु-समूह में आदि में हैं। इन्हीं के नाम पर उन गणों के नाम रखे गए हैं। प्रत्येक धातु-समूह (=गण) के धातुओं के रूप प्रारम्भ के धातु के समान ही होते हैं। यहाँ क्रमशः नवों गणों के कुछ धातुओं के उदाहरण दिए जाते हैं—

१. भ्वादि गण

धातु	पठमपुरिस एकवचन	अर्थ
भू	भवति	होता है
पठ	पठति	पढ़ता है
हस	हसति	हँसता है
रक्ख	रक्खति	रक्षा करता है
सुभ	सोभति	शोभित होता है
मर	मरति	मरता है
गम	गच्छति	जाता है
याच	याचति	माँगता है

२. रुधादि गण

धातु	पठमपुरिस एकवचन	अर्थ
रुध	रुन्धति	रोकता है
भुज	भुञ्जति	खाता है
कत	कन्तति	काटता है
गह	गण्हति	पकड़ता है
हिस	हिंसति	हिंसा करता है
छिद	छिन्दति	काटता है

३. दिवादि गण

धातु	पठमपुरिस एकवचन	अर्थ
दिव	दिब्बति	खेलता है
कुप	कुप्पति	कोप करता है
कुध	कुज्झति	गुस्सा होता है
नस	नस्सति	नष्ट होता है
युध	युज्झति	लड़ाई करता है
गा	गायति	गाता है

४. तुदादि गण

धातु	पठमपुरिस एकवचन	अर्थ
तुद	तुदति	पीड़ा करता है
फुस	फुसति	छूता है
खिप	खिपति	फेंकता है
गिल	गिलति	निगलता है
लिख	लिखति	लिखता है
सुप	सुपति	सोता है

५. तनादि गण

धातु	पठमपुरिस एकवचन	अर्थ
तन	तनोति	फैलाता है
कर	करोति	करता है
सक	सक्कोति	सकता है
मन	मनोति	जानता है

६. चुरादि गण

धातु	पठमपुरिस एकवचन	अर्थ
चुर	चोरेति, चोरयति	चुराता
पुस	पोसेति, पोसयति	पोसता है
पूज	पूजेति, पूजयति	पूजता है
कथ	कथेति, कथयति	कहता है
छड्ड	छड्डेति, छड्डयति	फेंकता है
चिन्त	चिन्तेति, चिन्तयति	विचार करता है

७. स्वादि गण

धातु	पठमपुरिस एकवचन	अर्थ
सु	सुणोति	सुनता है
सक	सक्णोति, सक्कुणोति	सकता है
वु	वुणोति	ढँकता है

८. ज्यादि गण

धातु	पठमपुरिस एकवचन	अर्थ
जि	जिनाति	जीतता है
ञा	जानाति	जानता है
लू	लुनाति	काटता है
धू	धुनाति	धुनता है
सि	सिनाति	सीता है
थू	थुनाति	प्रशंसा करता है

९. क्यादि गण

धातु	पठमपुरिस एकवचन	अर्थ
की	किणाति	खरीदता है
वु	वुणाति	ढँकता है
सक	सक्णाति	सकता है
सु	सुणाति	सुनता है
गि	गिणाति	शब्द करता है

अभ्यास

गण बतलाइये—

[१] १. उट्ठहति, २. गच्छति, ३. मरति, ४. निक्खमति, ५. पस्सति।

[२] ६. गण्हति, ७. छिन्दति, ८. भुञ्जति, ९. युञ्जति, १०. भिन्दति।

[३] ११. झायति, १२. दिब्बति, १३. युज्झति, १४. बुज्झति. १५. हनति।

[४] १६. विसति (= घुसता है), १७. विदति, १८. नुदति, १९. गिलति, २०. खिपति।

[५] २१. तनोति, २२. करोति, २३. अप्पोति, २४. मनोति, २५. सक्कोति।

[६] २६. वण्णेति, २७. वन्देति, २८. पूजेति, २९. झापेति, ३०. चोरेति।

[७] ३१. वुणोति, ३२. पापुणोति, ३३. सक्णोति, ३४, गिणोति, ३५. सुणोति।

[८] ३६. सिनाति, ३७. लुनाति, ३८. पुनाति, ३९. जानाति, ४०. चिनाति।

[९] ४१. सुणाति, ४२. वुणाति, ४३. किणाति, ४४. विक्किणाति, ४५. गिणाति।

पठमपुरिस एकवचन में रूप लिखियेः—

१. पच (भू०) = पकाना
२. गम (भू०) = जाना
३. कत (रु०) = काटना
४. मुच (रु०) = छोड़ना
५. झा (दि०) = ध्यान करना
६. बुध (दि०) = समझना
७. गिल (तु०)= निगलना
८. तुद (तु०) = पीड़ा करना
९. कर (त०) = करना
१०. सक (त०) = सकना
११. कथ (चु०)= कहना
१२. पूज (चु०)= पूजा करना
१३. सु (स्वा०)= सुनना
१४. प + आप (स्वा०)= प्राप्त करना
१५. लू (ज्या०) = काटना
१६. ज्ञा (ज्या०)=जानना
१७. की (क्या०)=खरीदना
१८. सु (क्या०)=सुनना

पालि में अनुवाद कीजिए—

१. मैं बुद्ध की शरण जाता हूँ। २. भिक्षु मार्ग में बैठा है। ३. उपासक धर्म-श्रवण करता है। ४. तुम बैल खरीदते हो। ५. स्त्री बुद्ध की पूजा करती है। ६. भिखारी जंगल में घूमता है। ७. भिक्षु लोग गाँव से निकले। ८. मनुष्यों ने उनका सत्कार किया। ९. मैं धर्म को जानता हूँ। १०. तुम ध्यान करते हो। ११. वह सोता है। १२. लड़का फूल लेता है। १३. वह तेरी प्रशंसा करता है। १४. दास नदी में नहाता है। १५. साँप घर में घुसता है।

सैंतीसवाँ पाठ

स्त्री-प्रत्यय

पुल्लिङ्ग से स्त्रीलिङ्ग बनाने के लिए शब्द के बाद सात प्रत्यय आते हैं—१. आ, २. ङी, ३. इनी, ४. नी, ५. आनी, ६. ऊ और ७. ति। यहाँ स्त्री प्रत्यय वाले शब्दों के कुछ उदाहरण दिए जाते हैं:—

प्रत्यय	पुल्लिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग
आ	देवदत्तो	देवदत्ता
	अजो	अजा
	कोकिलो	कोकिला
	बालको	बालिका
ङी	नद	नदी
	मह	मही
	कुमारो	कुमारी
	तरुणो	तरुणी
	वारुणो	वारुणी
	गोतमो	गोतमी
	गच्छन्तो	गच्छन्ती, गच्छती
	गुणवन्तो	गुणवन्ती, गुणवती
इनी	यक्खो	यक्खिनी, यक्खी
	नागो	नागिनी, नागी
	सीहो	सीहिनी, सीही
	राजा	राजिनी
	मानुसो	मानुसिनी

नी	दण्डी	दण्डिनी
	भिक्खु	भिक्खुनी
	परचित्तविदू	परचित्तविदुनी
	पयतपाणी	पयतपाणिनी
आनी	मातुलो	मातुलानी
	गहपति	गहपतानी
	वरुणो	वरुणानी
ऊ	करभोरु	करभोरू[१]
	वामोरु	वामोरू[२]
	संहितोरु	संहितोरू[३]
	सहितोरु	सहितोरू[४]
	सञ्ञतोरु	सञ्ञतोरू[५]
	सहोरु	सहोरू[६]
	लक्खणोरु	लक्खणोरू[७]
ति	युवा	युवति

ये शब्द निपात सिद्ध हैं—

घरणी, पोक्खरणी, किरिया (=क्रिया)।

अभ्यास

हिन्दी में अनुवाद कीजिए—

१. धम्मदिन्ना भिक्खुनी धम्मं देसेति। कोकिला वने कूजति।

---

१. करभ के समान जाँघवाली।
२. सुन्दर जाँघोंवाली।
३. मिली हुई जाँघोंवाली।
४. मिली हुई जाँघोंवाली।
५. संयत जाँघोंवाली।
६. साथ मिली हुई जाँघोंवाली।
७. लक्षित जाँघोंवाली।

३. बालिका मातरा सद्धिं गेहं गच्छति। ४. कुमारी पुप्फं याचति। ५. गोतमी कपिलवत्थुतो निक्खमित्वा बुद्धसासने पब्बज्जं लभि। ६. नागियो गामेसु विचरन्ति। ७. सीहियो दारके न गण्हन्ति। ८. दण्डिनी दण्डेन सुनखं पहरति। ९. सा इत्थी मानुसिनी अहोसि मञ्ञे। १०. मम मातुलानी पुब्बे एव कालं कता। ११. गहपतानी भिक्खूनं सदा दानं देति। १२. वामोरू आपणं गन्त्वा आभरणं विक्किणाति। १३. युवति इतो कुहिं गता? १४. तुय्हं घरणी गिलाना समाना अपि निच्चं कम्मं करोति। १५. पोक्खरणियं पदुमपुप्फानि पुप्फितानि सन्ति।

पालि में अनुवाद कीजिए—

१. देवदत्ता झगड़ा कर रही है। २. बकरा पेड़ों की पत्तियाँ खाती है। ३. बालिका बुद्ध को नमस्कार करती है। ४. मही नदी में बहुत पानी है। ५. इस नदी में बाढ़ (=ओघो) आई हुई है। ६. वारुणी उन्मादिनी होती है। ७.यक्षिणी लड़कों को प्यार करती है (=पियायति)। ८. भिक्षुणी जंगल में जाकर ध्यान करती है। ९. मेरी मामी बहुत धार्मिक है। १०. सुन्दर जाँघोंवाली स्त्री भिक्षुओं के लिए एक विहार बनवाती है। ११. युवती अपने पति के घर जाती है। १२. कुम्हारिनी मिट्टी से घड़े बनाती है। १३. दासी खेत में काम करती है। १४. कुमारी भोजन पकाकर लोगों को खिलाती है। १५. गौतमी ने मुझे बुलाया है।

अड़तीसवाँ पाठ

विभक्ति-भेद

पहले बतलाया जा चुका है कि पालि में सात विभक्तियाँ होती हैं। (देखिये, दूसरा पाठ)। यहाँ संक्षेप में उनका परिचय दिया जा रहा है:—

१. पठमा विभक्ति

पठमात्थमत्ते—पठमा विभक्ति अर्थ प्रगट करने में होती है। जैसे—**दारको पठति**=लड़का पढ़ता है। ऐसे ही—**बुद्धो, लता, अग्गि, इत्थी, भिक्खु** आदि।

आमन्तणे—सम्बोधन करने के अर्थ में आलपन विभक्ति होती है। **'आलपन'** में भी 'पठमा विभक्ति' ही होती है। जैसे—**रे धुत्ता ! हे भाता ! जे काली ! अरे दासी !**

२. दुतिया विभक्ति

कम्मे दुतिया—कर्म में दुतिया विभक्ति होती है। निम्नलिखित अवस्थाओं में इसका प्रयोग होता है—

(१) **कर्म में—दारको पोत्थकं पठति। सूदो ओदनं पचति।**

(२) **समय में—ब्राह्मणो मासं पठति**=ब्राह्मण महीना भर पढ़ता है। **दिवसं गेहो सुञ्ञो तिट्ठति**=दिन भर घर सूना रहता है। **मासं गुळधाना**=महीने भर गुड़-धान की मिठाई चलती रही।

(३) **दूरी में—वाणिजो कोसं गच्छति**=बनिया कोस भर जाता है। **कोसं पब्बतो**=कोस भर पहाड़ हो पहाड़ है। **कोसं पच्चन्तगामा**=कोस भर सीमान्त गाँव हैं।

(४) **'धि' शब्द के योग में--धि अलसं सिस्सं**=आलसी शिष्य को धिक्कार है।

(५) **'अन्तरा' शब्द के योगमें--अन्तरा च राजगहं अन्तरा च नालन्दं**=राजगृह और नालन्दा के बीच।

(६) **'पति' शब्द के योग में--लोका पसन्ना बुद्धं पति**=लोग बुद्ध के प्रति बड़ी श्रद्धा रखते हैं।

(७) **'विना' शब्द के योग में--न सिज्झति धम्मो विरियं विना**=बिना परिश्रम के धर्म सफल नहीं होता।

३. तितिया विभत्ति

कत्तुकरणेसु तितिया—भाववाच्य तथा कर्मवाच्य के कर्त्ता में, करण कारक में, और क्रिया-विशेषण में तितिया विभत्ति होती है।

(१) **भाववाचक में—पुरिसेन गम्मति**=पुरुष द्वारा चलाया जाता है।

(२) **कर्म-वाच्य के कर्त्ता में—बालकेन चन्दो दिस्सति**=बालक द्वारा चन्द्रमा देखा जाता है।

(३) **करणकारक में—दण्डेन सप्पं पहरति**=डण्डे से साँप मारता है।

(४) **क्रियाविशेषण में—गोत्तेन गोतमो** = गोत्र से गौतम हैं। **सुमेधो नाम नामेन**=नाम से सुमेध। **समेन धावति**=समभूमि पर दौड़ता है। **द्विदोणेन धञ्ञं किणाति**= दो द्रोण से धान्य खरीदता है।

(५) **साथ होने में—पुत्तेहि सह आगच्छति**=पुत्रों के साथ आता है। **सिस्सेहि सद्धिं गच्छति**=शिष्यों के साथ जाता है। **भिक्खूहि समं थेरो गच्छति**=भिक्षुओं के साथ स्थविर जाते हैं।

(६) **'किं' योग में—किं ते जटाहि** = तेरी जटाओं से क्या ?

(७) **'तुल्य' के अर्थ में—आचरियेन सदिसो सिस्सो**=आचार्य के सदृश ही शिष्य है। **जनकेन तुल्यो पुत्तो** = पिता के तुल्य ही पुत्र है।

(८) **लक्षण के अर्थ में—अक्खिना काणो** = आँख से काना। **देहि खञ्जो** = पैरों से लँगड़ा।

(९) **हेतु के अर्थ में—धम्मेन यसो वड्ढति** = धर्म से यश बढ़ता है।

(१०) **'विना' योगमें—जलेन विना रुक्खो सुक्खति**=जल के बिना पेड़ सूखता है।

४. चतुत्थी विभत्ति

चतुत्थी सम्पदाने—सम्प्रदान में चतुत्थी विभत्ति होती है। जैसे—

याचकस्स भिक्खं ददाति=भिखारी को भिक्षा देता है। **ब्रह्मणानं भोजन ददाति**=ब्राह्मणों को भोजन देता है।

यहाँ भी चतुत्थी विभत्ति होती है:—

'उसके लिए' अर्थ में—लोकहिताय बुद्धो धम्मं देसेति=लोक के हित के लिए बुद्ध धर्म का उपदेश देते हैं। **न समत्थो दारभरणाय**=स्त्री के पालन करने में समर्थ नहीं है। **जीवितं तिणाय अपि न मञ्ञति**=जीवन को तृण भर भी नहीं समझता है। **पापिट्ठस्स धम्मेन किं**=पापी को धर्म से क्या प्रयोजन ?

५. पञ्चमी विभत्ति

पञ्चम्यवधिस्मा—अवधि-वाचक शब्द में पञ्चमी विभत्ति होती है। जैसे—

गामस्मा गच्छति=गाँव से जाता है।

चोरस्मा भायति=चोर से डरता है।

सतस्मा बद्धो=सौ रुपये के ऋण से बँधा है।

६. छट्ठी विभत्ति

छट्ठी सम्बन्धे=सम्बन्ध में छट्ठी विभत्ति होती है। जैसे—**रञ्ञो**

पुत्तो=राजा का पुत्र। **गामस्स मनुस्सा**=गाँव के आदमी। **दिवसस्स द्विक्खत्तुं**=दिन में दो बार।

इन अर्थों में भी छट्ठी विभक्ति होती है—

(१) **कृदन्त शब्दों के साथ—साधु सम्मतो बहुजनस्स**= बहुत लोगों का मान्य। **तिट्ठन्ति धम्मस्स ञातारो**=धर्म के जानने वाले हैं।

(२) जाति, गुण तथा क्रिया में से जब किसी एक का निर्धारण किया जाय, तो वहाँ छट्ठी विभक्ति होती है और सत्तमी भी :—

जाति—नरानं खत्तियो सेट्ठो; अथवा **नरेसु खत्तियो सेट्ठो**= मनुष्यों में क्षत्रिय श्रेष्ठ है।

गुण—कण्हा गावीनं सम्पन्नखीरतमा; अथवा **कण्हा गावीसु सम्पन्नखीरतमा**=काली गौवों में अधिक दूध देने वाली होती हैं।

क्रिया—पथिकानं धावं सीघतमो; अथवा **पथिकेसु धावं सीघतमो**=पथिकों में दौड़ने वाला शीघ्र होता है।

ततिया के अर्थ में—पुप्फस्स बुद्धं पूजेति=फूल से बुद्ध की पूजा करता है।

हेतु के अर्थ में उदरस्स हेतु; उदरस्स कारणा=पेट के हेतु।

७. सत्तमी विभक्ति

सत्तम्याधारे—क्रिया के आधार में सत्तमी विभक्ति होती है। जैसे—**पब्बते तिट्ठति**=पहाड़ पर रहता है। **कुम्भे ओदनं पचति**= हाँड़ी में भात पकाता है। **तिलेसु तेलं वत्तति**=तिल में तेल है।

इन अर्थों में भी सत्तमी विभक्ति होती है :—

(१) **निमित्त-दन्तेसु कुञ्जरं हञ्ञति**=दाँतों के निमित्त से हाथी को मारता है। **मुसावादे पाचित्तियं**=झूठ बोलने में 'पाचित्तिय' होता है।

(२) **काल--पुब्बह्नसमये गतो**--पूर्वाह्न में गया।

(३) जहाँ एक काम के होने पर दूसरे काम का होना जाना जाता है :—

आचरिये आगते सिस्सा उट्ठहन्ति=आचार्य के आने पर शिष्य खड़े हो जाते हैं।

(४) **'उप' शब्द के योग में-उपखारियं दोणो**=खारि[1] से अधिक द्रोण होता है।

(५) **'अधि' शब्द के योग में—अधि पञ्चालेसु ब्रह्मदत्तो**= पाञ्चाल देश पर ब्रह्मदत्त का आधिपत्य है।

(६) **सम्प्रदान के स्थान में-संघे देति**=संघ के लिए देता है।

अभ्यास

हिन्दी में अनुवाद कीजिए :—

१. इत्थियो आपणं गन्त्वा भण्डानि पस्सन्ति। २. राजा पुत्तं सिक्खापेति। ३. भिक्खवे! सदा अप्पमत्ता विहरेय्याथ। ४. सामणेरो संवच्छरं धम्मं समाचरति। ५. कोसं अरञ्ञानि सन्ति। ६. अन्तरा च पावं अन्तरा च कुसिनारं महाकस्सपत्थेरो भिक्खूहि सद्धिं अद्धानमग्गपटिपन्नो होति। ७. असिना तस्स सीसं छिन्दति। ८. त्वया सदिसो एव तव पुत्तो दिस्सति। ९. भिक्खूनं दानं ददाति। १०. सूदो पाकाय महानसं (=भोजनशाला) गच्छति। ११. रुक्खम्हा पण्णानि पतन्ति। १२. पहरतो पिट्ठिं ददाति। १३. धम्मस्स आतारो पण्डिता भवन्ति। १४. सकुणा आकासे विचरन्ति। १५. कूपेसु जलानि विज्जन्ति।

पालि में अनुवाद कीजिए :—

१. बुद्ध कुशीनगर जाते हैं। २. तथागत भिक्षुओं को धर्मोपदेश देते हैं। ३. हे दास! तू जल्दी पानी लाओ। ४. हे भिक्षु! मुझे अपना पात्र

---

१. प्राचीन काल के तौल की माप।

(=पत्तं) दीजिए। ५. कोस भर गाँव नहीं हैं। ६. वाराणसी और कौशाम्बी के बीच में सहजाति है। ७. फरसा से मैं फल काटता हूँ। ८. गोत्र से वह आदमी काश्यप (=कस्सपो) है। ९. नाम से वह भिक्षु सुमन है। १०. भिखारियों के लिए दान देना चाहिए। ११. बहुजन हित बहुजन सुख के लिए तथागत धर्म को प्रकाशित करते हैं। १२. साँप से सभी डरते हैं। १३. ब्राह्मण का पुत्र स्कूल में पढ़ता है। १४. पेड़ों पर पक्षियाँ निवास करते हैं।

उन्तालीसवाँ पाठ

वाच्य

पालि में तीन वाच्य होते हैं—(१) कर्तृवाच्य, (२) भाववाच्य और (३) कर्मवाच्य।

१. कर्तृवाच्य

जिस वाक्य में क्रिया कर्त्ता के अनुसार हो और उसी की प्रधानता दिखाती हो तो वह वाक्य 'कर्तृवाच्य' होता है। कर्तृवाच्य' में कर्त्ता में पठमा विभत्ति और कर्म में दुतिया विभत्ति होती है। क्रिया के पुरुष और वचन कर्त्ता के पुरुष और वचन के अनुसार होते हैं। जैसे—

सकर्मक—दारको कुक्कुरं पस्सति। जना फलानि गण्हन्ति। त्वं भत्तं भुञ्जसि।

अकर्मक—देवदत्तो हसति। दारका हसन्ति। त्वं हससि।

२. भाववाच्य

जिस वाक्य में क्रिया अकर्मक हो और कर्त्ता की प्रधानता न हो, तो वह वाक्य भाववाच्य होता है।

भाववाच्य में, कर्त्ता में ततिया विभत्ति होती है। क्रिया सदा पठम पुरिस, एकवचन होती है। विभत्ति लगाने के पहले धातु के बाद 'य' आता है। जैसे—

बालकेन अत्र भूयते = लड़का यहाँ विद्यमान है।

मया अत्र भूयते=मैं यहाँ विद्यमान हूँ।

३. कर्मवाच्य

जिस वाक्य में क्रिया कर्म के अनुसार हो और कर्म ही की प्रधानता पाई जाती हो, तो वह वाक्य कर्मवाच्य होता है। कर्मवाच्य में, कर्त्ता में ततिया विभत्ति और कर्म में पठमा विभत्ति होती है। क्रिया के पुरुष और वचन कर्म के पुरुष और वचन के समान होते हैं। इसमें भी धातु के बाद 'य' आता है। जैसे—

रञ्ञा धनं दीयते=राजा द्वारा धन दिया जाता है। **पितरा त्वं दीयसि**=पिता द्वारा तुम दी जा रही हो। **दासेन ओदनो पचीयति**= दास द्वारा भात पकाया जाता है। **चोरेन सो पहरीयते**=चोरों द्वारा वह मारा जाता है।

कर्मवाच्य में प्रयुक्त क्रियाओं के कुछ उदाहणः—

करीयति=किया जाता है।
देसीयति=उपदेश दिया जाता है।
आहरीयति=लाया जाता है।
हरीयति=ले जाया जाता है।
आकड्ढीयति=खींचा जाता है।
गण्हीयति=लिया जाता है।
बन्धीयति=बाँधा जाता है।
कसीयति=हल से जोताया जाता है।

कर्मवाच्य में प्रयुक्त कृदन्तः—

दट्ठ=डँसा हुआ।
पूजित=पूजा किया हुआ।
वन्दित=नमस्कार किया हुआ।
देसित=उपदेश दिया हुआ।

कृदन्तों के रूप तीनों लिंगों में होते हैं।

अभ्यास

हिन्दी में अनुवाद कीजिएः—

१. बुद्धेन धम्मो देसीयति । २. त्वं चोरेन आकड्ढीयसि । ३. नारीहि ओदना पच्चयन्ति । ४. वड्ढकीहि गेहो करीयति । ५. तुम्हे चोरेहि पहरीयथ । ६. मयं बुद्धेन देसितं धम्मं सुणिम्ह । ७. भिन्ना घटा भूमियं सन्ति । ८. एको पुरिसो अहिना दट्ठो कालंकतो होति । ९. दारको मातरं ओलोकेति । १०. दासेन अज्ज भुञ्जीयते ।

पालि में अनुवाद कीजिएः—

१. आदमी द्वारा भात खाया जाता है । २. दुश्मन द्वारा कुत्ता मारा जाता है । ३. हाथी पेड़ को गिराता है । ४. मेरे द्वारा लड़के पकड़े गये । ५. हमारी गायें घर ले जाई गईं । ६. मैं भिक्षु द्वारा कही गई बात का स्मरण करता हूँ । ७. विहार वाले दास ने फल तोड़ा । ८. कुत्ता सदा यहीं रहता है । ९. मैं रोगी की सेवा (=उपट्ठानं) करने जाता हूँ । १०. तुम्हारे भाई द्वारा दान दिया गया ।

चालीसवाँ पाठ

विशेषण

विशेषण चार प्रकार के होते हैं—(१) गुणवाचक, (२) संख्या-वाचक, (३) कृदन्त, और (४) तद्धितान्त। इनमें से प्रायः सबका वर्णन किया जा चुका है। यहाँ संक्षेप में कुछ उदाहरणों के साथ इनका परिचय दिया जा रहा है :—

१. गुणवाचक

अच्छाई, बुराई आदि गुणों को प्रगट करने वाले विशेषण को गुण वाचक कहते हैं। जैसे—

सुन्दरता—सोभन, साधु, रुचिर, मनुञ्ञ, सुन्दर, मनोरम, भद्द, पेसल, कल्याण, मनाप, सुभ आदि।

उत्तम—उत्तम, पवर, जेट्ठ, पमुख, वर, पधान, पामोक्ख, सेय्य, पणीत आदि।

प्रिय—इट्ठ, सुभग, वल्लभ आदि।

शून्य—तुच्छ, रित्तक, सुञ्ञ, असार आदि।

पवित्र—पूत, पवित्त, सुचि आदि।

हीन—निहीन, हीन, लामक, अधम आदि।

ऐसे ही वृहत्, स्थूल, सम्पूर्ण, प्रचुर, अल्प, सरल, तीक्ष्ण, उग्र, गतिशील, कर्कश, उपयुक्त, निष्फल, असहाय, सुदक्ष, विख्यात, लोभी, क्रोधी, कृपण, पूजित, विस्तृत आदि गुणों को प्रगट करने वाले विशेषण गुणवाचक होते हैं।

२. संख्यावाचक

संख्यावाचक विशेषण के लिङ्ग, विभक्ति और वचन वही होते हैं, जो विशेष्य के होते हैं जैसे—

एको दारको। एका दारिका। चतस्सो दारिका। चत्तारि फलानि। (देखिये, अट्ठाइसवाँ पाठ)।

३. कृदन्त

कुछ कृदन्त शब्द विशेषण के समान व्यवहृत होते हैं जैसे—**पठन्तो बालको। पठन्ती बालिका। गतो बालको। रञ्ञा रज्जं विजितवा। पतितवं फलं। पतितवन्ती धारा। देय्यं दानं। पस्सितब्बं फलं। दस्सनीयो रुक्खो।** (कृदन्त के लिए देखिये तैंतीसवाँ पाठ)।

४. तद्धितान्त

कुछ तद्धितान्त शब्द विशेषण होते हैं। जैसे—

कति फलानि? कति इत्थि? कित्तका दारका? कतमो देवदत्तो भवतं? दक्खिणेय्यो भगवतो सावकसंघो। सारीरिको रोगो। वातिको आबाधो। पेत्तिकं धनं। आरञ्ञिको भिक्खु। अज्जतनी वुत्ति। स्वातनी वुत्ति। मज्झिमो। अन्तिमो। (तद्धितान्त के लिए देखिये, एकतीसवाँ तथा बत्तीसवाँ पाठ)।

अभ्यास

हिन्दी में अनुवाद कीजिए :—

१. सोभनो दारको मग्गे पपति। २. पवरो बुद्धो बाराणसियं धम्मचक्कं पवत्तेसि। ३. इट्ठो कटो उदकेन लुत्तो। ४. एका इत्थी अत्तनो सामिकं याचित्वा विहारं करोति। ५. चतस्सो कुमारियो पुप्फानि ओचिनन्ति। ६. गतो दासो अज्ज पातोव आगतो। ७. गामंगतो दारको आसना

उट्ठासि । ८. बुद्धस्स धम्मो उत्तमतरो निय्यानिको च । ९. तेन पस्सितब्बं फलं मया गण्हितं । १०. सेम्हिको आबाधो जातो ।

पालि में अनुवाद कीजिए :—

१. सुन्दर घोड़ा आ रहा है । २. श्रेष्ठ आदमी जा रहा है । ३. उत्तम आहार खाकर मैं सोना चाहता हूँ । ४. चैत्य की वन्दना करने के लिए चार आदमी जाते हैं । ५. यह तथागत का अन्तिम वचन है । ६. कुशीनगर में भगवान् बुद्ध का शारीरिक स्तूप है । ७. आरण्यक भिक्षु ध्यान करता है । ८. भगवान् का श्रावकसंघ दाक्षिणेय्य है । ९. यह तथागत का उत्तम शासन है । १०. भिक्षुओ ! अप्रमाद से जीवन के लक्ष्य का सम्पादन करो ।

॥ भवतु सब्ब मङ्गलं ॥

नमो तस्स भगवतो अरहतो सम्मासम्बुद्धस्स

पालि व्याकरण

भिक्षु धर्मरक्षित

पालि-अध्यापक, महाबोधि कालेज, सारनाथ, वाराणसी ;
सम्पादक 'धर्मदूत' मासिक ; दर्जनों पालि-
हिन्दी-ग्रन्थों के प्रणेता]

बनारस

ज्ञानमण्डल लिमिटेड